**सुविचार**
आपदा हमें आगे बढ़ने के लिए नये रास्ते बताती है। आपदा को सकारात्मक रूप से लिया जाये, तो यह आपको हमेशा पहले से बेहतर बना देगी।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज़ Published from Ranchi


12
परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए दीपिका...

Ranchi ● Saturday, 03 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 17 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 72,085.63 |
| निफ्टी | : | 21,853.80 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,990 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### विनय चौबे बने सीएम के प्रधान सचिव

**RANCHI :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत विनय चौबे को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के प्रधान सचिव पद पर नियुक्त करते हुए पदस्थापित किया गया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आपको बता दें कि इससे पहले भी वे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव पद पर पदस्थापित थे, लेकिन जमीन घोटाले में ईडी की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने ये पद स्वत: छोड़ दिया था।

### मुंबई में सीरियल ब्लास्ट की धमकी, पुलिस सतर्क

**MUMBAI :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी के बाद पुलिस ने संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले अज्ञात शख्स के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में किसी शख्स ने फोन कर कहा कि शहर में छह जगह बम लगाए गए हैं। यह बम सिलसिलेवार फटेंगे। इसके बाद इस व्यक्ति ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। पुलिस का कहना है कि कॉल करने वाले की तलाश की जा रही है।

### ममता बोलीं- कांग्रेस 40 सीट भी नहीं जीत पाएगी

**KOLKATA :** लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को मुर्शिदाबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि कांग्रेस पार्टी को इतना अहंकार किस बात का है। मुझे नहीं लगता कि वो 300 में से 40 सीट भी जीत पाएगी। ममता ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले जहां-जहां जीतती थी, अब वहां भी हारती जा रही है। अगर उसमें हिम्मत है तो बनारस और प्रयागराज में भाजपा को हराकर दिखाए। सीएम ममता का कहना है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बंगाल आई थी, लेकिन मुझे बताया तक नहीं गया।

### प्रधानमंत्री 3-4 को ओडिशा व असम का करेंगे दौरा

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 और 4 फरवरी को ओडिशा और असम का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री 3 फरवरी को दिन में दो बजे के करीब ओडिशा के संबलपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री असम की यात्रा करेंगे।

# बीजेपी की नफरत के बाजार में हम खोलते हैं मोहब्बत की दुकान : राहुल

## बंगाल से निकलकर झारखंड में प्रवेश की राहुल गांधी की न्याय यात्रा

**PHOTON NEWS PAKUR :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नसीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी और आरएसएस के लोग जहां भी नफरत का बाजार खोलते हैं, वहां कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन दल के लोग मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। आज बीजेपी और आरएसएस के लोगों ने देश में नफरत और हिंसा फैला रखी है, उसके खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। 1 साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी। उस दौरान जहां नहीं पहुंच पाए इसबार जाएंगे। आपको बता दें कि शुक्रवार को राहुल गांधी की न्याय यात्रा बंगाल से निकलकर झारखंड में प्रवेश की।

- ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का किया गया शुभारंभ
- 13 जिलों से गुजरकर 804 किलोमीटर की न्याय यात्रा की जाएगी
- कार्यक्रम में सीएम चंपई सोरेन, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर भी मौजूद रहे


कार्यक्रम के दौरान मंच पर राहुल गांधी, सीएम चंपई सोरेन व अन्य।

### किसान, युवा के खिलाफ अन्याय को रख रहे हैं जनता के सामने

राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी, छोटे व्यापारियों, उद्योगों के खिलाफ निर्णय लेकर उन्हें बर्बाद कर दिया। इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है, उसे बीजेपी ने तोड़ दिया। उसका नतीजा यह है कि आज इस देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय, आदिवासियों के खिलाफ अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस के लोग जहां भी नफरत का बाजार खोलते हैं, वहां कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन दल के लोग मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। इस यात्रा में हम किसानों की मन की बात, युवाओं की मन की बात, महिलाओं की मन की बात, आदिवासियों की मन की बात और आम जनों की मन की बात सुनना चाहते हैं। हम अपने मन की बात नहीं करना चाहते और आपकी बातों को समझकर, सुनकर उसे पूरे देश के सामने लाना चाहते हैं।

### लोकप्रिय युवा सीएम को एजेंसी की मदद से भेज दिया जेल

## सरकार बनाकर हमने जता दिया, यहां नहीं चलेगा विपक्ष का हथकंडा : चंपई

**PHOTON NEWS PAKUR :** झारखंड के गठबंधन ने सरकार बनाकर यह साबित कर दिया है कि विपक्ष का हथकंडा झारखंड में नहीं चलेगा। इसे हमने तोड़ दिया है। यह बातें मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कही। वे शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण के बाद पहली बार पाकुड़ में कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसी की मदद से राज्य के युवा व जनप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री को झूठा आरोप में जेल भेज दिया है। पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड बनने के बाद सबसे अधिक सत्ता में रहने वाली भाजपा ने राज्य के लोगों के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। जब लोकप्रिय युवा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां के लोगों के लिए काम करना शुरू किया तो उनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसी का दुरूपयोग किया है।

- मणिपुर से निकला यह न्याय यात्रा झारखंड के लोगों को जोड़ने का काम करेगी
- आजादी के लिए पूर्वजों ने जो लड़ाई लड़ी थी उसे फिर से बहाल करेंगे
- भाजपा को देंगे मुंहतोड़ जवाब



# 'झारखंड टाइगर' के हाथ में अब झारखंड की कमान, ली शपथ

## आलमगीर आलम व सत्यानंद भोक्ता ने भी ली मंत्री पद की शपथ

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार दोपहर 12:21 बजे राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में राजभवन के दरबार हॉल में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राजद के विधायक सत्यानंद भोक्ता ने भी मंत्री पद की शपथ ली। अब नव मनोनीत मुख्यमंत्री को दस दिनों के अंदर बहुमत साबित करना होगा। राजभवन के दरबार हॉल में बैठे सभी लोगों ने पहले राष्ट्रगान गाया। इसके बाद राज्यपाल की अनुमति से शपथ समारोह शुरू हुआ। दरअसल, जमीन घोटाले मामले में बुधवार को ईडी ने पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को हिरासत में ले लिया। इसके बाद शाम को हेमंत सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। फिर गठबंधन के विधायकों ने चंपई सोरेन को अपना नेता चुना। गुरुवार रात 11:00 गठबंधन और झामुमो के नेता चंपई सोरेन, कांग्रेस के आलमगीर आलम, राजद के सत्यानंद भोक्ता, वाम दल के विनोद सिंह और प्रदीप यादव राजभवन पहुंचे और राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। साथ ही 43 विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। देर रात राजभवन ने गठबंधन के नेता चंपई सोरेन को राज्य का कार्यवाहक मुख्यमंत्री मनोनीत किया और शपथ ग्रहण करने का आमंत्रण दिया। राज्यपाल ने शपथ ग्रहण के बाद दस दिनों के अंदर बहुमत साबित करने को कहा है। फ्लोर टेस्ट के बाद राज्य में दो उप मुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाए जाने की भी संभावना है।

संबंधित खबर पेज 02 व 03 पर भी।

- झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में चंपई सोरेन ने सीएम पद की ली शपथ
- राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई
- दस दिनों के अंदर बहुमत साबित करना होगा
- फ्लोर टेस्ट के बाद राज्य में दो उप मुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाए जाने की भी संभावना



## चंपई कैबिनेट की पहली बैठक में तीन प्रस्तावों पर लगी मुहर

**RANCHI :** झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट में फिलहाल उन्हें मिलाकर तीन मंत्री हैं। बैठक में विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने के फैसले पर मुहर लगी। साथ ही तीन प्रस्ताव पारित हुए। पूर्व निर्धारित नौ फरवरी से 29 फरवरी के बजट सत्र को विलोपित (रद्द) करने का निर्णय लिया गया। झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र पांच और छह फरवरी को बुलाया गया है। इसी दिन सत्ता पक्ष फ्लोर टेस्ट करेगा। राज्यपाल का अभिभाषण भी होगा। दूसरे दिन अभिभाषण पर वाद-विवाद होकर सत्र समाप्त होगा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने विधानसभा का विशेष सत्र पांच फरवरी से आहूत करने की मंजूरी दे दी है। सत्र की शुरूआत पांच फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे होगी। विशेष सत्र दो दिन पांच व छह फरवरी को होगा। पहले दिन चंपई सोरेन सरकार बहुमत साबित करेगी। इस संबंध में राजभवन सचिवालय की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। राजीव रंजन को महाधिवक्ता बनाया गया है।

- 9 से 29 फरवरी तक बुलाया गया बजट सत्र रद्द
- 5 और 6 फरवरी को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र होगा
- राजीव रंजन को फिर से झारखंड का महाधिवक्ता बनाया गया



### बड़ी जिम्मेदारी मिली है, निभाऊंगा : चंपई

कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने मीडिया कर्मियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बड़ी जिम्मेदारी मिली है। पिछले चार सालों में जो कार्य हेमंत सरकार ने किए हैं, वो सराहनीय हैं। हेमंत सोरेन सरकार ने कोरोना में भी काम किया। आदिवासियों और मूलवासियों के लिए काम किया। सोरेन ने कहा कि आंदोलनकारियों के सपनों को मजबूत किया जाएगा। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में योजनाओं के लाभ से वंचित ग्रामीणों को हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई योजना को और अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कानून व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। सभी क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि आपके माध्यम से अपनी बात लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है।

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से पांच दिनों तक सवाल करेगी ईडी, मिली रिमांड


गुरुवार को पेशी के दौरान सीएम के चेहरे पर थी मुस्कान व आंखे थी नम।

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पीएमएलए की विशेष अदालत ने 5 दिनों के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया है। ईडी ने अदालत से 10 दिनों की रिमांड की मांग की थी। मामले की सुनावाई गुरुवार को ही हुई थी। बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 2 फरवरी को अदालत ने अपना फैसला सुनाया, जिसमें 5 दिनों की रिमांड के लिए मंजूरी दी गई है। रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन को आधे घंटे परिवार और अपने अधिवक्ता से मिलने की छूट दी गई है।

**शुक्रवार से शुरू होनी थी रिमांड, लेकिन अधिवक्ता ने पेश की दलील :** रिमांड अवधि शुक्रवार से ही शुरू होनी थी, कहा गया था कि इन पांच दिनों की रिमांड अवधि के दौरान हेमंत सोरेन ईडी हिरासत में रहेंगे, लेकिन अधिवक्ता ने हेमंत सोरेन की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें ईडी कार्यालय की बजाए किसी सुरक्षित स्थान पर रखे जाने की दलील पेश की है। पूछताछ के बाद कहां रखा जाए, इस पर कोर्ट में बहस हुई। मालूम हो कि रांची के बड़गाई अंचल स्थित 8.46 एकड़ जमीन को लेकर हुए मनी लाउंड्रिंग मामले में हेमंत सोरेन को 31 जनवरी 2024 )की रात को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने मामले में गिरफ्तार आरोपी निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में दोपहर 2.32 बजे पेश किया। सुनवाई 4.26 बजे तक चली। इस दौरान ईडी ने हेमंत से पूछताछ के लिए कोर्ट से 10 दिनों की रिमांड मांगी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद रिमांड पर फैसले के लिए दो फरवरी की तिथि निर्धारित की गई।

- ईडी ने अदालत से 10 दिनों की मांगी थी रिमांड
- रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन को आधे घंटे परिवार और अपने अधिवक्ता से मिलने की छूट
- सुप्रीम कोर्ट से भी हेमंत सोरेन को झटका

संबंधित खबर पेज 03 पर भी।

### 6 फरवरी को अगली सुनवाई, पूजा शुरू होने के बाद पहले जुमे पर 1700 नमाजी पहुंचे

# हाईकोर्ट का ज्ञानवापी तहखाने में पूजा रोकने से इन्कार

**AGENCY VARANASHI :** ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा-पाठ पर रोक लगाने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। मुस्लिम पक्ष की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने एडवोकेट जनरल (एजी) को लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन रखने का निर्देश दिया है। मामले पर अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी। इससे पहले, गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने व्यास तहखाने में पूजा-पाठ रोकने से जुड़ी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को पहले हाईकोर्ट जाने का सुझाव दिया था। शुक्रवार को हाईकोर्ट में दोनों पक्षों की बहस हुई। इसके बाद बेंच ने राज्य सरकार से वाराणसी की स्थिति के बारे में जानकारी ली। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट को बताया कि वाराणसी कोर्ट ने 7 दिन में पूजा की व्यवस्था तहखाने में करने का निर्देश दिया था। हालांकि, डीएम ने महज 7 घंटे में ही पूजा की प्रक्रिया शुरू करा दी। इससे वहां अफरातफरी मच गई। हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष से पूछा कि पूजा के लिए अभी एप्लिकेशन डालने की जरूरत क्या थी? हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने कहा कि एएसआई के सर्वे में तहखाने का दरवाजा नहीं मिला। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष से पूछा कि तहखाने का दरवाजा कहां गया? इससे पहले तहखाने में पूजा-पाठ शुरू होने से नाराज मुस्लिम पक्ष ने शुक्रवार को जुमे पर वाराणसी बंद का आह्वान किया। मस्जिदों में जुटने की अपील की थी। इसके बाद, शुक्रवार की नमाज में 1700 लोग नमाज पढ़ने ज्ञानवापी पहुंच गए। जबकि सामान्य तौर पर यहां 300 से 500 लोग पहुंचते थे।


ज्ञानवापी के आसपास सुरक्षा कड़ी, भारी संख्या में पुलिसबल तैनात।

### अंजुमन ने किया था बंद का आह्वान

ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा-पाठ के विरोध में मस्जिद इंतजामिया कमेटी ने काशी बंद का शुक्रवार को आह्वान किया था। कमेटी ने कहा था कि ज्ञानवापी के दक्षिणी तहखाने में पूजा पाठ की अनुमति से मुसलमानों में रोष है। शुक्रवार को जुमा के दिन अपना कारोबार बंद रखकर मस्जिदों में नमाज पढ़ेंगे। कमेटी ने यह भी दावा किया कि 1993 तक तहखाने में पूजा-पाठ की बात गलत है। वहां कोई पूजा-पाठ नहीं हुई। मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने मुसलमानों से शांतिपूर्वक नमाज की अपील की थी। इसे देखते हुए गुरुवार रात से ही ज्ञानवापी के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। वहीं, दूसरी तरफ शुक्रवार को तहखाने में स्थापित विग्रह की पूजा की गई। भोर में 3:30 बजे मंगला आरती संपन्न हुई। जो दर्शनार्थी काशी विश्वनाथ का दर्शन कर रहे हैं, वे तहखाने का भी 20-22 फीट दूर से दर्शन कर रहे हैं। तहखाने के एंट्री पर बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस बल तैनात है। खुद पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन मौके पर मौजूद रहे हैं। इससे पहले तहखाने में 31 साल बाद बुधवार देर रात 11 बजे मूर्तियां रख कर पूजा-अर्चना की गई।

### खड़गे बोले- अबकी बार 400 पार, हंस पड़े मोदी

**NEW DELHI :** बजट सेशन के तीसरे दिन शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के एक बयान से पूरे सदन ठहाकों से गूंज उठा। दरअसल, खड़गे कर्नाटक के कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के दक्षिण के अलग राज्यों को मिलाकर एक अलग देश के बयान पर पार्टी का पक्ष रख रहे थे। राज्यसभा में खड़गे ने कहा कि अगर कोई देश को तोड़ने की बात करेगा, तो हम इसे कभी सहन नहीं करेंगे। चाहे वह किसी भी पार्टी का हो। मैं खुद कहूंगा कि कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक हम एक हैं और एक रहेंगे। इसके आगे उन्होंने लोकसभा चुनाव की संभावनाओं पर भी चुटकी ली। खड़गे ने प्रधानमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि बहुमत आपका है। पहले ही 330 सांसद हैं, अब तो 400 पार का नारा लग रहा है। इसके बाद राज्यसभा में मौजूद पक्ष और विपक्ष के सांसद जोर-जोर से हंसने लगे। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए।

## खड़गे ने राज्यसभा में उठाया झारखंड का मुद्दा

### चुनी हुई सरकार को किया जा रहा कमजोर

**AGENCY NEW DELHI :** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि झारखंड में एक चुनी हुई सरकार को कमजोर किया जा रहा है। पूर्ण बहुमत होने के बाद भी राज्यपाल सरकार बनाने का न्योता नहीं दे रहे हैं। खड़गे ने शुक्रवार को राज्यसभा में झारखंड के राजनीतिक हालात का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जब झारखंड के मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो उन्होंने नए मुख्यमंत्री के नाम समेत समर्थकों की लिस्ट दी। वैसे तो लिस्ट देने के बाद तुरंत बुलाकर 'वोट ऑफ कॉन्फिडेंस' लिया जाता है लेकिन इस केस में 'वोट ऑफ कॉन्फिडेंस' लेने के लिए राज्यपाल की ओर से 10 दिन का समय दिया गया है। इससे पहले जब नीतीश कुमार ने इस्तीफा दिया था तो उनको तुरंत शपथ ग्रहण करा दी गई। खड़गे के इस बयान पर केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने आपत्ति जताते हुए कहा कि एक तरफ राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष खड़गे कह रहे हैं कि दूसरे सदन के नेता के बारे में इस सदन में चर्चा नहीं होनी चाहिए वहीं दूसरी तरफ वो झारखंड के राज्यपाल के निर्णय पर सवाल उठा रहे हैं।



BRIEF NEWS

## पकरा गोलीकांड की 23वीं बरसी पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**KHUNTI :** सरकार की नीतियों के कारण आज आदिवासी समाज के समक्ष विस्थापन का बड़ा संकट खड़ा है। लैंड बैंक, भू अर्जन कानून, धर्म विधेयक लाकर आदिवासी समाज को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इसके लिए हमें मिलजुल कर संघर्ष करना होगा। ये बातें तपकरा गोलीकांड की 23वीं बरसी पर विस्थापन विरोधी आंदोलन नेता दयामनी बरला ने शुक्रवार को तपकरा बाजार टांड़ में कही। बारला ने कहा कि आज भी राज्य के आदिवासी संविधान प्रदत्त अधिकारों की मांग के लिए राज्य में संघर्ष करने को मजबूर हैं, क्योंकि कभी भी इन अधिकारों को लागू नहीं किया गया। संविधान से मिले पांचवीं अनुसूची के अधिकार के तहत जल, जंगल, जमीन पर नियंत्रण कर उसे संचालित करने और खुद को विकसित करने के साथ-साथ अपनी भाषा-संस्कृति के विकास का अधिकार दिया गया है, लेकिन, इन सारे प्रावधानों को सरकार ने आज तक लागू नहीं किया है।

## दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण



**HAZARIBAGH :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने डीएमएफटी मद से 10 दिव्यांगजनो को बैटरी ऑपरेटेड ट्राई साइकिल का वितरण शुक्रवार को किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित मौजूद थीं। समाहरणालय भवन परिसर में शुक्रवार को आयोजित वितरण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा चयनित तथा उपायुक्त के जनता दरबार में आए आवेदनों पर विचारोपरांत लाभुकों को बैटरी द्वारा संचालित ट्राई साइकिल का वितरण किया। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से बात भी की तथा अन्य दिव्यांग जो इस श्रेणी में आते है,उन्हें भी बैटरी संचालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने की बात कही।

## डीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, दो डॉक्टर पाये गये अनुपस्थित

**KHUNTI :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने शुक्रवार को अड़की प्रखण्ड का दौरा किया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि आमजनों की सुविधा के मद्देनजर सुचारु रूप से कार्य करें। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मियों की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में दो चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए, जिन पर स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही चिकित्सकों द्वारा उचित स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की भी कोताही बरतने वाले के विरुद्ध तत्काल कारवाई की जाएगी। उन्होंने उपलब्ध दवाओं एवं संसाधनों की जानकारी ली। उपायुक्त ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने केंद्र में साफ-सफाई को लेकर भी निर्देश दिए।

## बाबू जगदेव प्रसाद की मनाई गई 102वीं जयंती

**KHUNTI :** लोकहित अधिकार पार्टी खूंटी जिला समिति द्वारा शुक्रवार को बाबू जगदेव प्रसाद की 102वीं जयन्ती मनाई गई। जिलाध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर की अध्यक्षता आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने बाबू जगदेव प्रसाद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि जगदेव बाबू समता और स्वतंत्रता के पक्षधर थे। वे असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष करते रहे। मौके पर काशीनाथ सांगा, हेमंती देवी, जयंत जायसवाल, धनेश्वर साहू, बिरबल गौंझू, कार्तिक कुम्हार, मोहम्मद खान, अशोक गुप्ता, नरेश पटेल, संजय आदि ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# शिबू सोरेन परिवार के विश्वस्त व पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं मुख्यमंत्री चंपई सोरेन

**PHOTON NEWS RANCHI :** हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपई सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ले ली है। वे हेमंत सरकार में कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। जब बिहार से अलग झारखंड राज्य की मांग उठ रही थी उस दौरान चंपई का नाम खूब चर्चा में रहा। लोग उन्हें 'झारखंड टाइगर' के नाम से बुलाने लगे। इनकी गिनती न केवल शिबू सोरेन परिवार के विश्वस्त नेता के रूप में होती है, बल्कि पूरी तरह समर्पित कार्यकर्ता भी कहे जाते हैं।

राज्य के नये मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का जन्म सरायकेला-खरसावां जिले के जिलिंगगौड़ा में 11 नंवबर, 1956 को हुआ था। उनके पिता का नाम स्वर्गीय सिमाल सोरेन और माता का नाम स्वर्गीय मादी सोरेन है। उनका परिवार खेती किसानी करता था। 10वीं क्लास तक सरकारी स्कूल से चंपई ने पढ़ाई लिखाई की। इस बीच उनका विवाह कम उम्र में ही



मुख्यमंत्री बनने के बाद चंपई सोरेन। ● फोटोन न्यूज

मानकों से कर दिया गया। शादी के बाद चंपई के चार बेटे और तीन बेटियां हुईं। चंपई सोरेन की शिक्षा मैट्रिक तक हुई है।

**चंपई सोरेन का राजनीतिक सफरनामा**

चंपई सोरेन को हेमंत सोरेन से पिता और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का हनुमान कहा जाता है। शिबू सोरेन के साथ ही चंपई भी झारखंड के आंदोलन में सक्रिय थे। इसके बाद चंपई सोरेन ने अपनी सरायकेला सीट से उपचुनाव में निर्दलीय विधायक बनकर अपने राजनीतिक करियर का आगाज कर दिया। बाद में वह झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए।

सरायकेला से चंपई सोरेन ने छह बार विधानसभा का चुनाव जीता है। 1991 से 2019 के बीच ये केवल एक बार साल 2000 में चुनाव हारे हैं। 2005 के बाद से ये लगातार सरायकेला से विधानसभा का चुनाव जीतते आ रहे हैं। हेमंत सोरेन जब पहली पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब इन्हें खाद्य आपूर्ति और साइंस एंड टेक्नोलॉजी मंत्री बनाया गया था।

- 1991 में पहली बार चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की।
- 1995 में झामुमो के टिकट पर जीत हासिल की।
- 2005 से लगातार सरायकेला से विधायक हैं।
- भाजपा सरकार में 11 सितंबर 2010 से 18 जनवरी 2013 तक कैबिनेट मंत्री रहे।
- 13 जुलाई 2013 से 28 दिसंबर 2014 तक हेमंत कैबिनेट में खाद्य आपूर्ति और परिवहन विभाग के मंत्री रहे।
- 2019 में परिवहन, एससी-एसटी और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बने।
- बिहार-झारखंड बंटवारे में शिबू सोरेन के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**भाजपा सरकार में रह चुके हैं मंत्री**

चंपई सोरेन ने भाजपा नेता अर्जुन मुंडा की सरकार में मंत्री के रूप में सेवा की। उन्होंने अहम मंत्रालयों का दायित्व संभाला और 11 सितंबर, 2010 से 18 जनवरी, 2013 तक मंत्री के रूप में कार्य किया। इसके बाद राष्ट्रपति शासन लग गया था और फिर हेमंत सोरेन की अगुवाई में बनी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार में चंपई सोरेन को खाद्य आपूर्ति, परिवहन मंत्री बनाया गया।

## चौथी बार कैबिनेट में शामिल हुए चतरा विधायक सत्यानंद भोक्ता

**RANCHI :** राष्ट्रीय जनता दल के आला नेता और चतरा विधायक सत्यानंद भोक्ता चौथी बार कैबिनेट मंत्री बने हैं। हेमंत सरकार में श्रम मंत्री के तौर पर सरकार में अपनी तगड़ी उपस्थिति दर्ज कराकर शुक्रवार को चंपई मंत्रिमंडल का हिस्सा बने हैं। चंपई सोरेन ने उनपर विश्वास जताया है। सत्यानंद भोक्ता इससे पूर्व दो बार अर्जुन मुंडा सरकार में मंत्री रहे। चतरा से निर्वाचित होने वाले ये पहले विधायक हैं, जिन्हें चार बार मंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वैसे एकीकृत बिहार में चतरा से निर्वाचित होने वाले विधायक केशव प्रसाद सिंह 46 दिनों के लिए मंत्री बने थे जबकि 1972-73 में कांग्रेस के



शपथ ग्रहण करते सत्यानंद भोक्ता।

निर्वाचित विधायक तापेश्वर देव आबकारी राज मंत्री बने। इसके बाद झारखंड राज्य गठन के बाद पहले मंत्री के रूप में सत्यानंद भोक्ता ने शपथ ली। वर्ष 2004 में तत्कालीन अर्जुन मुंडा सरकार में उन्हें पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री बनाया गया। करीब चार महीने तक वे मंत्री पद रहे थे। इसके बाद विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई। वर्ष 2004 में चुनाव जीतने के बाद अर्जुन मुंडा सरकार में उन्हें दोबारा मंत्री बनाया गया और इस बार उन्हें कृषि एवं गन्ना विकास मंत्रालय की जिम्मेवारी दी गयी। सत्यानंद भोक्ता ने अपने सियासी सफर की शुरूआत भाजपा से की थी। 2000 और 2004 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट से लड़कर निर्वाचित हुए। इसी बीच 2009 का चुनाव हुआ, जिसमें सत्यानंद भोक्ता सिमरिया से चुनाव लड़े और हार गए। इसके बाद 2014 में भाजपा ने उन्हें चतरा से टिकट नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने भाजपा साथ छोड़कर बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा में शामिल हो गये लेकिन वो चुनाव नहीं जीत पाए। इसी बीच 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले झाविमो छोड़कर सत्यानंद भोक्ता राजद में चले गए। 2019 विधानसभा चुनाव में उन्हें चतरा से टिकट मिला और वो भाजपा उम्मीदवार जनार्दन पासवान को पराजित कर हेमंत सरकार में मंत्री बन गए। सत्यानंद भोक्ता का जन्म चतरा में सदर प्रखंड के कारी मोकतमा गांव निवासी जगरनाथ भोक्ता के घर हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा भी यहीं से हुई। सत्यानंद भोक्ता एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता जगरनाथ भोक्ता का निधन बहुत पहले हुआ है जबकि उनकी माता का निधन हाल के वर्षों में हुआ है।

# हेमंत को साजिश कर भेजा गया जेल, झूठ की राजनीति करती है बीजेपी : चंपई सोरेन

**PHOTON NEWS DUMKA :** झामुमो के 45वें झारखंड दिवस पर गांधी मैदान में झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि बीजेपी झूठ की राजनीति करती है। झूठ-फरेब से हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया। झूठा मुकदमा किया। हर परिस्थिति में झारखंड के आदिवासी-मूलवासी झामुमो के साथ है। आनेवाले चुनाव में दिखा देंगे। 1932 की जो बात करेगा, वही झारखंड में राज करेगा। आज 2000 किमी दूर का आदमी माइनिंग कर रहा। मेजर-माइनर सब माइनिंग बाहर के लोग कर रहे हैं। बदनाम हम लोग हो रहे हैं। आपको बता दें कि इससे पहले इस बार भी रैली एसपी कॉलेज मैदान से निकली। झामुमो के कार्यकताओं-समर्थकों के अंदर इस रैली में हर3 साल दिखनेवाला उत्साह इस बार आक्रोश में तब्दील दिख रहा था। अपने कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने से वे नाराज थे।



जनसभा को संबोधित करते सीएम चंपई सोरेन। ● फोटोन न्यूज

### शिबू सोरेन के आदर्श से नहीं करेंगे समझौता

झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि बीजेपी की सरकार थी तो 11 लाख राशन कार्ड डिलिट किया गया। हमारी झारखंडी सरकार सत्ता में आयी तो 30 लाख लोगों को राशन कार्ड व अनाज की उपलब्धता सुनिश्चित करायी गयी। हम गुरुजी के आदर्श से कोई समझौता नहीं करेंगे। बीजेपी का एक भी खाता झारखंड में नहीं खुलेगा। यह संकल्प लेंगे। अच्छी सेवा का परिचय देंगे।

### शशांक शेखर भोक्ता ने किया रैली का नेतृत्व

इस बार एसपी कॉलेज से रैली का नेतृत्व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पार्टी के वरिष्ठ नेता शशांक शेखर भोक्ता ने किया। बावजूद इसके किसी मायने में यह रैली कम नहीं आंकी जा रही थी। हर क्षेत्र से लोग परंपरागत वेशभूषा, तीर-धनुष जैसे परंपरागत हथियार लेकर डुगडुगिया पीटते हुए आगे बढ़ते जा रहे थे और सबके मुंह से एक ही नारा निकल रहा था-जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा। रैली में दूर-दूर तक केवल झामुमो का हरा झंडा और समर्थकों का सैलाब दिख रहा था। रैली में केंद्रीय समिति सदस्य अब्दुस सलाम अंसारी, नगर प्रभारी रवि यादव, शिव कुमार बास्की, अशोक कुमार, मो कैश, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मुर्मू, कृष्णा देवी आदि मौजूद थे।

**इस बार रैली में दिखा आक्रोश :** झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) के 45वें झारखंड दिवस पर इस बार भी रैली एसपी कॉलेज मैदान से निकली। झामुमो के कार्यकर्ताओं-समर्थकों के अंदर इस रैली में हर साल दिखनेवाला उत्साह इस बार आक्रोश में तब्दील दिख रहा था। अपने कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने को राजनीतिक साजिश बताने वाले कार्यकर्ता-समर्थकों की यह रैली संयमित तो थी, पर उनमें आक्रोश का गुबार दिख रहा था। अमूमन इस रैली में इलाके के विधायक अगुवायी करते थे और पोखरा चौक पर सिदो कान्हू की प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर पिछले कई वर्षों से हेमंत सोरेन इस रैली में शामिल होते थे और रैली में शामिल जनसमूह का अभिवादन करके उनमें जोश जगाते थे।

## पलामू में तीन आरोपी धराए, नौ बाइक बरामद

**PHOTON NEWS PALAMU :** पुलिस ने लूटी गई एक बाइक सहित नौ बाइक बरामद की है। साथ ही दो कांडों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सोनू सिंह, संतोष रजक एवं एक अन्य शामिल है। इस कांड का तीसरा आरोपी फरार है।



जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने शुक्रवार को बताया कि 27 जनवरी को जिले के पाण्डू थाना क्षेत्र के बनवारी मोड़ के पास तीन अज्ञात लुटेरों ने गढवा के चिरौजिया के सुदामा बैठा की बाइक लूट ली थी। पुलिस ने छापेमारी कर सोनू सिंह को पकड़ा। उसके घर से एक अन्य बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की गई, जिसका कोई कागजात उसके पास नहीं था।

सोनू सिंह ने लूट की घटना के शामिल एक अन्य साथी का नाम संतोष रजक बताया, जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में यह बात सामने आई कि संतोष रजक सुदामा रजक के गोतिया परिवार से आता है। संतोष रजक का अपने गोतिया से हमेशा विवाद रहता है। इसी कारण बदला लेने के लिए संतोष ने दहेज में दी जानी वाली बाइक लूट ली थी, ताकि लड़की की शादी टूट जाए।

इसी तरह पांडू थाना क्षेत्र के ही गोलपा इलाके से विकास कुमार को गिरफ्तार कर उसके घर से चोरी की छह मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। एसपी ने बताया कि सारी मोटरसाइकिल जपला नौडीहा बाजार और लठैया इलाके के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी की गई थी।

अदाणी के गोंदलपुरा खनन परियोजना के लिए महुगाई कला में ग्राम सभा

# पुनर्वास योजना के बारे में विस्तार से दी जानकारी

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को आवंटित गोंदलपुरा खनन परियोजना के लिए शुक्रवार को हजारीबाग जिला प्रशासन ने महुगाई कला पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सेंटर फॉर एडवांसिंग एंड लॉन्चिंग एंटरप्राइजेज के सलाहकारों ने परियोजना के भू-अर्जन के कारण होने वाले संभावित विस्थापितों और परिवारों के लिए बनी पुनर्वास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

यह योजना भूमि अर्जन और पुनर्वासन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 16 (4) और (5) के प्रावधानों के अधीन है। ग्राम सभा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे, जिनमें ज्यादातर ग्रामीण परियोजना के समर्थन में थे जबकि कुछ ग्रामीणों ने अपने पुनर्वासन और मुआवजे पर अपना मतभेद भी सामने रखा।



कार्यक्रम में जुटे लोग। ● फोटोन न्यूज

इस मौके पर दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम, सीआई अनुज कुमार, राजस्व कर्मी आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, और थानेदार विनोद तिर्की आदि मौजूद थे।

**हजारीबाग को मिलेंगे रोजगार के अवसर**

खान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अदाणी इंटरप्राइजेज के गोंदलपुरा खनन परियोजना के शुरू होने से राज्य सरकार को करीब 600 करोड़ रुपये का राजस्व हर साल मिलेगा। इसके अलावा हजारीबाग जिले में पांच से दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर भी मिलेगा। यहां कोयला खनन शुरू होने से अवैध कोयले की तस्करी पर भी लगाम लगेगी।

लोहरदगा के शहीद स्थल टिको पोखरा टोली में श्रद्धांजलि समारोह

# सीमित संसाधनों को बावजूद वीर बुधू ने अंग्रेजी सेना की जड़ें हिला दी थी

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** लरका आंदोलन के प्रणेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को हलधर- गिरधर भगत स्मारक समिति के तत्वावधान में शहीद स्थल टिको पोखरा टोली में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी सहित अन्य ने शहीद



वीर बुधू भगत, हलधर भगत, गिरधर भगत, बहन रूनिया, झुनिया सहित अन्य शहीदों के मजार पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। शहीद स्थल पर पूजन तथा हवन का आयोजन किया गया।

श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि सीमित संसाधनों को बावजूद वीर बुधू भगत ने अंग्रेजी सेना की जड़ें हिला दी थी। आज के युवाओं इन वीरों की जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां ने कहा कि शहीदों के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। शहीदों ने वतन की खातिर अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद कभी मरते नहीं, अमर हो जाते हैं।

इस मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

ग्रीन गोला की सरकारी जमीन की जांच करने पहुंचे उपायुक्त चंदन कुमार

# व्यक्ति विशेष के दावे को लेकर दस्तावेज खंगाल रहे अधिकारी

**PHOTON NEWS RAMGARH :** रामगढ़ शहर के ग्रीन गोला की सरकारी जमीन को लेकर जिले के आला अधिकारी तक हलकान हो गए हैं। एक व्यक्ति विशेष के द्वारा इस सरकारी जमीन पर दावा पेश किया गया। उसके द्वारा उस जमीन पर दो बार जबरन दीवार खड़ी करने की भी कोशिश की गई। इसके बाद भी रामगढ़ जिला प्रशासन सरकारी भूमि को पहचान दिलाने में सक्षम नहीं दिख रहा। शुक्रवार की शाम डीसी चंदन कुमार खुद वहां पहुंचे और उन्होंने गोलपार की उस जमीन का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने शहीद भगत सिंह पार्क और वहां बने अन्य सरकारी भवनों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिस भवन में मतदान केंद्र बनाया जाता है उसपर भी डीसी ने नजर डाली। इसके बाद उन्होंने उसे रास्ते पर चर्चा की जिसको भू माफियाओं के द्वारा दो बार जबरन बंद करने का प्रयास किया गया था। इस दौरान डीसी के साथ रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान और आंचल के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



जांच के दौरान लोगों से वार्ता करते उपायुक्त। ● फोटोन न्यूज

**मुझे नहीं चाहिए 27 डिसिमल, 10 भी मिल जाए तो काफी है :** डीसी चंदन कुमार जब ग्रीन गोला की सरकारी जमीन पर जांच करने पहुंचे तो तरन्नुम जहां उनसे उस लहजे में बात कर रही थी, जैसे उनके मंसूबे पूरे हो गए हो। वर्ष 2015 में दो रजिस्ट्री डीड से उन्होंने 27 डिसमिल जमीन की खरीद की है। लेकिन तरन्नुम जहां ने डीसी को यह बताया कि मुझे 27 डिसमिल जमीन की भी जरूरत नहीं है। अगर मुझे वहां 10 डिसमिल जमीन भी कब्जा हो जाता है तो वह उनके लिए काफी होगा। उनका यह बयान इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि भू माफिया उस खाली बड़ी जमीन पर अपना कब्जा चाहते हैं। हर तरफ रास्ता और भावनो की जमीन को दान में देने वाले ऐसे खरीददार शायद समाज ने पहली बार देखा हो?

### छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष ने पेश किए सरकारी जमीन के सबूत

डीसी चंदन कुमार जब गोलपार्क की उस जमीन का मुआयना कर रहे थे, उस वक्त छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह भी वहां मौजूद थे। उन्होंने डीसी को उन सारे सबूतों के बारे में बताया जो यह बयां कर रहे थे कि वह जमीन सरकारी है। उन्होंने बताया कि कई वर्षों पहले वहां अनाज का भंडारण होता था। उसके बाद वहां सरकारी विद्यालय का संचालन भी होता था। इसके अलावा सांसद मद से वहां दो भवनों का निर्माण हुआ है। साथ ही इस सरकारी जमीन पर अस्पताल भवन भी बनाया गया है। इन सब के बावजूद उस सरकारी जमीन के फर्जी दस्तावेज भू माफियाओं के द्वारा तैयार किए गए हैं। उसी के आधार पर उस जमीन पर अपना कब्जा जमाने की कोशिश की जा रही है।

### कहां गायब हो गए जमीन के विक्रेता

ग्रीन गोला की सरकारी जमीन जैन परिवार के कुछ वंशजों के द्वारा बेची गई है। जमीन पर दावा पेश करने वाली तरन्नुम जहां जिला प्रशासन से अपनी जमीन पर कब्जे के लिए लड़ाई लड़ रही है। लेकिन जमीन बेचने वाले विक्रेता कहीं भी नजर नहीं आ रहे हैं। कहां गया जैन परिवार और उनका वंशज। जिन लोगों ने तरन्नुम जहां और उनके परिवार वालों को यह जमीन बची है वे लोग ना तो सरकारी दफ्तरों में नजर आते हैं और ना ही उन लोगों ने कहीं भी कोई आवेदन दिया है। जमीन रजिस्ट्री करने के बाद तरन्नुम जहां हर तरफ दौड़ लगा रही हैं। लेकिन उन्हें वह विवादित जमीन कैसे हासिल हुई और किन लोगों ने उन्हें बची उन्हें किसी के सामने भी लेकर नहीं आ रही हैं। हो सकता है कि तरन्नुम जहां के साथ भी जैन परिवार के वंशजों ने धोखाधड़ी कर दी हो? लेकिन इसके प्रमाण तभी मिल सकते हैं जब जैन परिवार के वंशज सरकारी अधिकारियों के सामने उपस्थित होंगे।

## भाजपा ने की कंस्टीट्यूशनल ब्रेकडाउन की कोशिश : नायक

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा ने एक फरवरी को कंस्टीट्यूशनल ब्रेकडाउन करने की कोशिश की। देश के इतिहास में ऐसा शायद पहली बार हुआ है। सीएम हेमंत सोरेन के कार्यकाल की आखिरी तारीख 31 जनवरी थी। बतौर सीएम चंपई सोरेन का कार्यकाल 2 फरवरी से शुरू हुआ। एक फरवरी को झारखंड में कोई सरकार नहीं थी। राज्यपाल के नाम पर सरकार की कोई व्यवस्था संविधान में नहीं है। ये बातें संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड-छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने भाजपा पर झारखंड में संविधान का माखौल एंव उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा अब प्रत्यक्ष रूप से संविधान का उल्लंघन कर यह संदेश देना चाहते कि बीजेपी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संविधान को नहीं मानती है। यह घटना लोकतंत्र के हत्या के समान है, इसकी पार्टी कड़े शब्दों पर निंदा करती है। भाजपा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर अपने विरोधियों व विपक्षी पार्टियों को समूल रूप से नाश करने पर तुली है। नायक ने कहा कि भाजपा में भ्रष्टाचारी व्यभिचार अगर चला जाए तो वह शुद्ध गंगा के समान हो जाता है और वह दूसरी पार्टियों में रहे तो वह भ्रष्टाचारियों व्यभिचारी कहलाता है। नायक ने कहा कि संविधान और कानून सबके लिए सम्मान है। भाजपा को बताना चाहिए की एक फरवरी को बिना मुख्यमंत्री का यह राज्य कैसे रहा और उस दिन क्या राष्ट्रपति शासन था।



Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Saturday, 03 February 2024

# हैदराबाद में पांच फरवरी की सुबह सात बजे तक रुकेंगे झारखंड गठबंधन के 43 नेता

## चार्टर्ड प्लेन से हुए रवाना, समीरपेट के लिओनी रिसॉर्ट में ठहरे, हर चार एमएलए पर एक केयरटेकर नियुक्त

**PHOTON NEWS RANCHI :** चंपई सोरेन के सीएम पद की शपथ लेने के बाद झारखंड के गठबंधन दलों के 43 नेता (विधायक समेत अन्य) शुक्रवार को चार्टर प्लेन से रांची से हैदराबाद पहुंचे। हैदराबाद एयरपोर्ट से दो एसी बसों से वे रिसॉर्ट पहुंचे। इनके लिए समीरपेट के लिओनी रिसॉर्ट में ठहरने की व्यवस्था की गयी है। ये पांच फरवरी की सुबह सात बजे तक वहां ठहरेंगे। स्पेशल फ्लाइट से ये पांच फरवरी की सुबह हैदराबाद से रांची के लिए रवाना होंगे। तेलंगाना कांग्रेस ने हर चार विधायक पर एक केयरटेकर की नियुक्ति की है। दीपा दासमुंशी व मंत्री पोन्नम प्रभाकर को इनकी सुविधाओं का ख्याल रखने के लिए नियुक्त किया गया है।

**दीपा दासमुंशी व मंत्री पोन्नम प्रभाकर हैं मौजूद**

झारखंड में चंपई सोरेन की सरकार है। मुख्यमंत्री के रूप में चंपई सोरेन ने शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इधर, गठबंधन के विधायक समेत 43 नेता रांची से हैदराबाद पहुंचे। सभी विधायक चार्टर प्लेन से हैदराबाद पहुंचे। ये पांच फरवरी की सुबह सात बजे तक वहां ठहरेंगे। स्पेशल फ्लाइट से ये पांच फरवरी की सुबह हैदराबाद से रांची के लिए रवाना होंगे। यहां इनकी सुविधाओं का खास ख्याल रखा गया है। दीपा दासमुंशी व मंत्री पोन्नम प्रभाकर को इनकी सुविधाओं का ख्याल रखने के लिए नियुक्त किया गया है। आपको बता दें कि गठबंधन (झामुमो व कांग्रेस) के विधायक गुरुवार को भी झारखंड की राजधानी रांची से तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद रवाना होने के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे थे, लेकिन मौसम खराब होने के कारण हैदराबाद की उड़ान रद्द हो गयी थी और सभी विधायक वापस सर्किट हाउस लौट आए थे।

### खराब मौसम के कारण उड़ान हो गयी थी रद्द

एक फरवरी को गठबंधन के विधायक हैदराबाद जाने के लिए सर्किट हाउस से रांची एयरपोर्ट पहुंचे। इनके पहुंचने से पहले दो चार्टर प्लेन रांची एयरपोर्ट पर तैयार थे। हैदराबाद जाने के लिए ये चार्टर प्लेन में काफी देर बैठे रहे, लेकिन मौसम खराब होने के कारण उड़ान रद्द हो गयी। वे हैदराबाद नहीं जा सके और वापस सर्किट हाउस लौट आना पड़ा। दो फरवरी को ये हैदराबाद पहुंचे। एक फरवरी को रांची एयरपोर्ट ने बन्ना गुप्ता ने जानकारी दी थी कि मौसम खराब होने के कारण वापस लौटना पड़ा। हैदराबाद जानेवाले विधायकों में झामुमो व कांग्रेस के विधायक शामिल हैं।



हैदराबाद जाने के लिए रांची एयरपोर्ट पर जुटे गठबंधन दल के नेता।



**RANCHI :** झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का किया स्वागत : मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते और प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग वंदना दादेल ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

## BRIEF NEWS

### रांची नगर निगम क्षेत्र में जारी निषेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से विलोपित

**RANCHI :** अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर रांची द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत रांची नगर निगम क्षेत्र में जारी निषेधाज्ञा को तत्काल प्रभाव से विलोपित कर दिया गया है। यह निषेधाज्ञा एक फरवरी के अपराह्न दो बजे से अगले 48 घंटे तक के लिए लागू की गई थी।

### न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक होगी गिरावट

**RANCHI :** राज्य वासियों को ठंड अभी राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो तीन फरवरी तक राज्य के न्यूनतम तामपान में चार डिग्री तक की गिरावट होगी। इसके बाद तापमान में गिरावट की संभावना नहीं है। हालांकि पांच से सात फरवरी के दौरान राज्य में फिर से बादल छायेंगे। हालांकि इस दौरान बारिश की संभावना अभी व्यक्त नहीं की गयी है। वहीं, तीन और चार फरवरी को राज्य का मौसम खुला रहेगा। इस दौरान ठंडी हवाओं के कारण लोगों को कनकनी का एहसास होगा। कुछ हिस्सों में सुबह और शाम के वक्त कोहरा देखा जायेगा। लेकिन दोहपर के समय आसमान खुला रहेगा। ऐसे में धुप मिलने से लोगों को राहत मिलेगी। पिछले 24 घंटे की बात करें तो, एक फरवरी को राज्य के अलग अलग हिस्सों में बारिश दर्ज की गयी।

### आदिवासी संगठनों की एकता महारैली चार को

**RANCHI :** आदिवासियों के विभिन्न संगठनों की ओर से चार फरवरी को आदिवासी एकता महारैली का आयोजन मोरहाबादी में किया गया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने शुक्रवार को कहा कि रैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आदिवासी जन परिषद के प्रेम शाही मुंडा, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के कुंदर्शी मुंडा, आदिवासी अधिकार मंच के प्रफुल्ल लिंडा, आदिवासी लोहरा समाज के अध्यक्ष बालमुकुंद तैयारी में जुटे हुए हैं।

### विदेशों से व्यापार बढ़ाने के लिए समन्वय बैठक की जरूरत : चैंबर

**RANCHI :** भारतीय विदेश सेवा की 2023 बैच की अधिकारी स्वाति संदीप ने इंडक्शन प्रोग्राम के तहत फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों संग चैंबर भवन में बैठक कर उद्योग, व्यापार, पर्यटन और प्रवासी मामलों पर चर्चा की। सदस्यों ने कहा कि भारत में निर्धारित समयावधि में तीव्र गति से पांच ट्रिलियन अमेरीकी डालर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने के लिए माल और सेवाएं दोनों स्तरों पर निर्यात को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। ईज आफ डूईंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए नीति, नियामक और परिचालन ढांचे से संबंधित घरेलू और विदेशी बाधाओं को भी व्यवस्थित तरीके से दूर करने की जरूरत है।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### चंपई सोरेन ने सिदो-कान्हू को माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि, कहा

# हेमंत सोरेन के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे



**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शुक्रवार को चंपई सोरेन रांची के सिदो कान्हू उद्यान पार्क पहुंचे। वहां पार्क परिसर में स्थित शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा पर उन्होंने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्यमंत्री बिरसा चौक रांची स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के चंपई सोरेन ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हेमंत सोरेन जो काम शुरू किया है वे उसे आगे बढ़ायेंगे। पिछली सरकार ने जो विकास कार्य शुरू किये थे, उन्हें और गति देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष झारखंड को अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है लेकिन हमारा गठबंधन हमारी शक्ति है। हम सब मिलकर राज्य को नयी दिशा देंगे। जनता की आशा, आंकाक्षा के अनुरूप हम काम करेंगे। हमारी सरकार राज्य के सभी वर्ग, समुदाय के लिए काम करेगी।

**सीएम पद की शपथ लेने से पहले दिशोम गुरू का आशीर्वाद लेने पहुंचे चंपई सोरेन :** सीएम पद की शपथ लेने से पहले चंपई सोरेन दिशोम गुरू शिबू सोरेन का आशीर्वाद लेने उनके आवास पहुंचे थे। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजभवन के पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। राजभवन के मुख्य गेट पर कड़ी सुरक्षा घेरा बनाया गया था। इस दौरान कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए पुलिस पदाधिकारी के साथ मौजूद थे। सुरक्षा के मद्देनजर राजभवन के गेट पर काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इससे पूर्व गुरुवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने राजभवन के समीप जाकर सुरक्षा का जायजा लिया था।

### काफी इंतजार के बाद राज्यपाल ने शपथ के लिए आमंत्रित किया

महागठबंधन कई घंटों से राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बुलावे का इंतजार कर रही थी। लेकिन राधाकृष्णन की तरफ से कोई बुलावा नहीं आ रहा था। गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे चंपई सोरेन के नेतृत्व में पांच विधायक राज्यपाल से मिले। मगर उन्हें सरकार बनाने का समय नहीं दिया गया। देर रात राज्यपाल ने चंपई सोरेन को मनोनीत मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया और उन्हें शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया।

# भाजपा ने की विधायक दल की बैठक बदले सियासी हालत पर बनाई रणनीति

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के बदले हुए राजनीतिक हालात के बीच प्रदेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने विधायक दल की बैठक बुलाई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी समेत कई विधायक मौजूद थे। विधायकों ने राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की और चंपई सरकार को घेरने की रणनीति बनाई। बैठक के बाद अमर बाउरी ने कहा कि परिवारवाद के खिलाफ भाजपा की लड़ाई की वजह से चंपई सोरेन को आज मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला। उन्हें इस अवसर का उपयोग राज्य की जनता की सेवा के लिए करना चाहिए, चंपई सोरेन सरकार को हेमंत सरकार की फोटो कॉपी नहीं बनना चाहिए। बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को अविलंब ईडी द्वारा भेजे गए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देना चाहिए। हाल ही में रद्द की गई जेएसएससी परीक्षा की सीबीआई जांच की अनुशंसा करनी चाहिए। तभी राज्य की जनता को भरोसा होगा कि यह सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली सरकार है। चंपई सोरेन के झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और रांची के विधायक सीपी सिंह ने बड़ा बयान दिया। कहा कि यह सच है कि चंपई सोरेन झामुमो सुप्रीमो और सोरेन परिवार के बेहद करीबी हैं।



भाजपा विधायक दल की बैठक में बाबूलाल मरांडी व अमर बाउरी।

### चंपई को कांग्रेस से सतर्क रहना चाहिए

अमर बाउरी ने कहा कि कांग्रेस का पुराना इतिहास है कि वह सहयोगी दलों की सरकार को फंसाकर खुद को बचाना चाहती है। कांग्रेस पार्टी राष्ट्र विरोधी ताकतों से मिली है। इसलिए मुखौटा को आगे रखकर अपना पूरा एजेंडा लागू कराती है। कांग्रेस के समर्थन से चलने वाली सरकारों के मुख्यमंत्री का वही हश्र हुआ है, जो हेमंत सोरेन का हुआ। इसलिए चंपई सोरेन को इससे सतर्क रहना चाहिए। वे आंदोलनकारी रहे हैं, इसलिए उन्हें अपनी सोच समझ से काम करना चाहिए।

# हेमंत की जान को खतरा, कहा- दिन में हो पूछताछ, रात में होटवार में रखा जाए

## हेमंत सोरेन की दलील का ईडी ने किया विरोध, कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**CRIME REPORTER RANCHI :** ईडी के आग्रह को देखते हुए ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में आरोपी हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए 5 दिनों की रिमांड ईडी को दी है। लेकिन रिमांड अवधि के दौरान रात में हेमंत सोरेन की सुरक्षा को लेकर एक पिटीशन ईडी कोर्ट में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से दायर की गयी है। जिसमें कहा गया है कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से रिमांड अवधि के दौरान हेमंत सोरेन पर पूरा कंट्रोल ईडी को नहीं दिया जाना चाहिए। ईडी के पास हेमंत सोरेन की जान का खतरा है। ईडी के पास सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है। ईडी खुद की सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर है। जेल परिसर की अपनी सुरक्षा व्यवस्था होती है। इसलिए रिमांड अवधि में ईडी हेमंत सोरेन से दिन में पूछताछ करे इसमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन रात में हेमंत सोरेन को बिरसा मुंडा जेल में रखा जाए।



**अनुसंधान में क्या पूछना है, कोई और तय नहीं कर सकता :** हेमंत सोरेन की ओर से दिए गए इस दलील का ईडी की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने विरोध करते हुए कहा कि रिमांड में दो तरह की कस्टडी नहीं होती है, आधी-आधी कस्टडी नहीं हो सकती। या तो हेमंत सोरेन को न्यायिक हिरासत में जेल में रखा जाए या रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ के लिए पूरा कंट्रोल ईडी को दिया जाए। किसी से अनुसंधान में क्या पूछना है और कब तक पूछना है यह कोई और तय नहीं कर सकता। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद इस पर फैसले के लिए शनिवार की तिथि निर्धारित की है।

## हेमंत की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

# अदालत ने कहा- आप पहले हाईकोर्ट जाएं

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ा झटका लगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई करने से मना कर दिया। अदालत ने कहा कि आपको पहले हाईकोर्ट जाना चाहिए था। मालूम हो कि हेमंत सोरेन ने ईडी द्वारा उन्हें गिरफ्तार किए जाने की कार्रवाई के खिलाफ पहले झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, फिर उन्होंने हाईकोर्ट से याचिका वापस ले ली और ईडी की कार्रवाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन से पूछा कि आप हाई कोर्ट क्यों नहीं जाते? कोर्ट ने हेमंत सोरेन को संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत झारखंड हाई कोर्ट जाने को कहा। अदालत ने कहा कि हेमंत सोरेन हाईकोर्ट के समक्ष अपनी याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने की मांग कर सकते हैं। एक फरवरी को हेमंत सोरेन की ओर से वरीय वकील कपिल सिब्बल और वरीय अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष इस मामले की तत्काल सुनवाई करने की अपील की थी। इस अपील को स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने दो फरवरी को मामले की सुनवाई करने की बात कही थी। इसी के अनुसार हेमंत सोरेन की रिट याचिका पर सुनवाई के लिए



### सुनवाई के दौरान क्या-क्या हुआ?

मामले की सुनवाई शुरू होते ही न्यायमूर्ति खन्ना ने वरीय वकील कपिल सिब्बल से पूछा कि उच्च न्यायालय में याचिका क्यों नहीं दायर की जा सकती। इस पर सिब्बल ने जवाब दिया, मंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। सबूत देखें। यह उचित नहीं है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, उच्च न्यायालय संवैधानिक अदालतें हैं। अगर हम एक व्यक्ति को यहां आने की अनुमति देते हैं, तो हमें सभी को अनुमति देनी होगी। इसी के साथ न्यायमूर्ति ने सितंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित एक पहले के सुनवाई की ओर भी इशारा किया। यह सुनवाई जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला त्रिवेदी की पीठ द्वारा दिया गया था, जिसमें ईडी के समन के खिलाफ सोरेन की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया गया था और उस समय भी उन्हें हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने आगे कहा कि मूल रूप से यह रिट याचिका ईडी के समन को चुनौती देते हुए दायर की गई थी और अब जब उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, तो वैकल्पिक उपायों का लाभ उठाया जाना चाहिए।

## झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश किया जारी, अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार गए गढ़वा, गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर को भेजा देवघर

# तीन साल से एक ही जिले में पदस्थापित 346 इंस्पेक्टर का तबादला

**CRIME REPORTER RANCHI :** राज्य में 346 पुलिस इंस्पेक्टर के तबादले एक साथ किए गए हैं। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। मुख्यालय ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। ये वे अधिकारी हैं जो तीन साल से एक ही जिले में तैनात थे। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार को गढ़वा, गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर को देवघर, हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह का जेपीए हजारीबाग तबादला किया गया है। इनके अलावा बंसत कुमार को बोकरो, मंजू कुमारी को चतरा, रानी मुकुट को बोकारो, अक्षय कुमार राम को धनबाद, देवकी सांगा को रांची, विजय प्रकाश बेक को पलामू, आसमान बोदरा को पलामू, हरिप्रसाद शाह को दुमका, विकास गुप्ता को रांची तैनात किया गया है। इसी तरह अजय कुमार-1 को रामगढ़, बासुदेव शाह को कोडरमा, रामचंद्र राम को पलामू, ज्योति प्रकाश कुजूर को पलामू, राकेश कुमार गुप्ता को धनबाद, दिनेश कुमार प्रजापति को सिमडेगा, हरेंद्र कुमार राय एसीबी, जुल्फेकार अली को सिमडेगा, नंदकिशोर प्रसाद को जेपीए हजारीबाग, मधुसूदन डे को जमशेदपुर, जीतराम महली को पलामू, संतोष कुमार गुप्ता को स्पेशल ब्रांच, रामबाबू मंडल को जमशेदपुर, शकुंतला नाग को देवघर, सुरेश राम को पलामू, महेश्वर प्रसाद रंजन को गोड्डा, सुरेंद्र कुमार सिंह को जेपीए हजारीबाग, गुलाम शाहिद अंसारी को पलामू भेजा गया है। इसी प्रकार अनूप प्रसाद को चाईबासा, राजेंद्र प्रसाद टुडू को देवघर, अतीत कुमार को झारखंड जगुआर, प्रदीप कुमार महतो को आईजी रेल ऑफिस, विश्राम उरांव को पलामू, खुर्शीद आलम को बोकारो, दयानंद शाह को स्पेशल ब्रांच, चंद्रमणि भारती को जामताड़ा, कृष्णकांत पांडा को जेपीए हजारीबाग, हरदेव प्रसाद को रांची, देवराय को साहिबगंज, प्रवीण कुमार को रेल धनबाद, नंदकिशोर शाह को हजारीबाग नियुक्त किया गया है। साथ ही जयंत तिर्की को जामता, अजय कुमार को सरायकेला, राजीव रंजन को चाईबासा, रवि ठाकुर को देवघर, राम प्यारे राम को रेल जमशेदपुर, रेनू गुप्ता को स्पेशल ब्रांच, रामनारायण ठाकुर को धनबाद, विनय कुमार सिंह को जेपीए, प्रमोद कुमार 1 को गुमला, फरीद आलम को सीआईडी, रमाकांत ओझा को रांची, शिवनारायण कामत को देवघर सहित अन्य का तबादला किया गया है।



इंस्पेक्टर बृज कुमार



इंस्पेक्टर रवि ठाकुर

### आभास कुमार व शंकर की स्पेशल ब्रांच में हुई तैनाती

राजकुमार वर्मा को रांची, रणधीर कुमार को लातेहार, दिलीप कुमार को चाईबासा, आशुतोष प्रताप नारायण को पलामू, रणविजय शर्मा को चाईबासा, मनोज कुमार महतो को जामताड़ा, जेनेविभा लकड़ा को पलामू, रमाशंकर पटेल को पलामू, शंकर कुमार को स्पेशल ब्रांच हेरमन तिग्गा को जमशेदपुर, हीरालाल महतो को पदमा, रामचंद्र रजक को सरायकेला, विष्णु प्रसाद रावत को धनबाद, कृष्ण दत्त झा को देवघर, किशन दास को खूंटी, विनोद कुमार पासवान को सिमडेगा में तैनाती मिली है। इनके अलावा योगेंद्र राम पासवान को जेपीए हजारीबाग, अरुण कुमार को एसीबी, नरेश प्रसाद सिंह को सीआईडी, चक्रवर्ती कुमार राम को स्पेशलब्रांच, वीरेंद्र कुमार राजवंशी को जमशेदपुर हैडक्वाटर, उपेंद्र कुमार मंडल को एसीबी आभास कुमार को स्पेशल ब्रांच, समीर सिंह को दुमका, पुष्पलता कुमारी को लोहरदगा, नागेंद्र प्रसाद सिंह को देवघर, तरुण कुमार को पदमा, छद्दु राम गौड़ को देवघर, ब्रिज कुमार को गढ़वा, अजय कुमार पंजीकर को नेतरहाट, मणिलाल राणा को देवघर

# हमारे छात्र जापानी संस्कृति व भाषा भी सीखेंगे : कुलपति

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची विश्वविद्यालय में जापानी फेस्ट का आयोजन किया गया। इसका आयोजन जापानी कंपनी तमाई ओवेटड़म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रांची विश्वविद्यालय कुलपति प्रो। अजीत कुमार सिन्हा शामिल रहे। 12-13 को फ्री जैपनीज लैंग्वेज डेमो क्लास होंगे। जापानी कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि जापानी भाषा सीखकर जापान में नौकरी पा सकते हैं। वहीं जापान की सभ्यता, संस्कृत और अन्य चीजों से भी जुड़ सकते हैं। गणित की कई विधियों के बारे में भी बताया। उपस्थित छात्रों को गणित सिखाया गया है। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि जापानी भाषा का कोर्स रांची विश्वविद्यालय में प्रारंभ हो रहा है। यहां हमारे लिये एक उपलब्धि की बात है। हमारे छात्र जापानी भाषा सीखने के साथ ही जापानी कार्य संस्कृति और अनुशासन भी सीखेंगे। यह कोर्स झारखंड के युवाओं के लिये बहुत ही रोजगारपरक साबित होता है। भारतीयों का जापानी भाषा को सीखना हर लिहाज से कैरियर के लिये एक बेहतरीन चुनाव है।



BRIEF NEWS

## छह को बिरमित्रपुर पहुंचेगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा



**ROURKELA :** राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत 6 फरवरी को शाम को बिरमित्रपुर पहुंचेंगे और रात में शहर में रुकेंगे। ओपीसीसी के अध्यक्ष शरत पटनायक ने मीडियाकर्मियों को बताया कि पार्टी नेताओं और कार्यकताओं द्वारा बिरमित्रपुर में राहुल का गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा। वह 7 फरवरी को सुंदरगढ़ में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे और तीन रोड शो में हिस्सा लेंगे। पहला रोड शो राउरकेला में होगा, जबकि अन्य दो रोड शो राजगांगपुर से सुंदरगढ़ में होंगे।

## सुंदरगढ़ में फर्जी सीबीआई अधिकारी गिरफ्तार



**SUNDARGARH :** नौकरी चाहने वालों को नौकरी दिए बिना लाखों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में सुंदरगढ़ पुलिस ने फर्जी सीबीआई अधिकारी को गिरफ्तार किया है। फर्जी सीबीआई अधिकारी उमेश तांती उर्फ आर्यन उर्फ पेटू को गिरफ्तार किया गया है। उमेश सुंदरगढ़ टाउन थाना अंतर्गत पंडरीढीपा में रहता है। नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों को रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने की बात कहकर ठगी की। अब तक 4 लोगो से 2 लाख 25 हजार की धोखाधड़ी हो चुकी है। शिकायत के बाद नगर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। और इस मामले की जांच किया जा रहीं है।

## आमो ओडिशा नवीन ओडिशा कार्यक्रम आयोजित



**ROURKELA :** आमो ओडिशा नवीन ओडिशा कार्यक्रम कल बीरमित्रपुर नगरपालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 1 में ₹जागा मिशन₹ का परिचय भवन में आयोजित किया गया था। बीरमित्रपुर नगर पालिका के अध्यक्ष संदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष निवेदिता बाग, वार्ड नंबर 11 के पार्षद जानी बाग और तीन नगरपालिका अधिकारी सुप्रीम लेंका, ज्योति रूपा यादव, अंजलि बाग मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किया। कार्यक्रम में मेहंदी, नृत्य, गायन, रंगोली, चित्रकला एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और बिजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## चंपई सोरेन के सीएम बनने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**JAMSHEDPUR :** झारखंड के सीएम के रूप में शपथ लेने पर चंपई सोरेन को डुमरिया झामुमो कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा सामाजिक हित में किये गये कार्यों को आगे बढ़ाने का काम नई सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सीएम हेमंत सोरेन को षडयंत्र के तहत ईडी ने हिरासत में लिया है। आनेवाले समय में झारखंड की जनता इसका जबाब देगी। डुमरिया झामुमो कार्यकर्ता भी शपथग्रहण के दौरान राजधानी रांची में मौजूद रहे। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, सचिव जयपाल सिंह मुर्मू, रामचंद्र हेंब्रम, भगत बास्के, तानो मार्डी, अर्जुन मुर्मू, युवा नेता उदय मुर्मू, सोशल मीडिया प्रभारी भगत हांसदा आदि उपस्थित रहे।

# लगातार दूसरे दिन अपराधियों ने की फायरिंग, युवक की मौत

## लेडीज कॉर्नर में घुसकर युवक के सिर में मारी गोली

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर में अपराधियों के हौसले बुलंद है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि लगातार दूसरे दिन अपराधियों ने गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी है। शुक्रवार को मानगो थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस रोड के एक लेडीज कॉर्नर में घुसकर बैकुंठ नगर रोड नंबर चार के रहने वाले राजा पर अपराधियों ने फायरिंग की। राजा के सिर में गोली लगी थी। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की माने तो यह आपसी रंजिश का मामला है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मालूम हो कि इससे पहले गुरुवार को भी शहर के सीतारामडेरा में भी बदमाशों ने टकलू लोहार नाम के युवक की गोली मार कर हत्या कर दी थी। राजा की हत्या के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



घटना स्थल पर लगी भीड़। ● फोटोन न्यूज

### घटना में शामिल अपराधियों की हुई पहचान

इस पूरे मामले की जांच के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। प्रत्यक्ष दर्शनों ने बताया कि मानगो में रोड से बाइक से बदमाश हीरा होटल की तरफ से आए थे।घटना को अंजाम देने के बाद उधर ही भाग निकले। राजा की हत्या के मामले में राहुल, प्रदीप सिंह के भाई छोटू, अंकित और राहुल बच्चा का नाम आ रहा है। राजा सिंह एक कंपनी में काम करता था।

### राजा पर छह राउंड चलाई गई गोली

राजा सिंह के साथ घर से निकले उसके दोस्त अमन ने घटना की सारी कहानी बयां की। वह इस घटना का चश्मदीद गवाह है। अमन ने बताया कि राजा सिंह और वह बाल और दादी बनवा कर जैसे ही दुकान से बाहर निकले। अर्जुन बच्चा नामक युवक वहां पहुंचा। उसके साथ प्रवीण कुमार सिंह उर्फ छोटू, रजवाड़ा बच्चा, राहुल बच्चा व अन्य थे। सभी बदमाश नकाब लगाए हुए थे। इन लोगों ने अमन पर लगभग 6 राउंड गोलियां चलाई। इसमें उसकी मौत हो गई।

### बाल कटवाने जा रहा रहा था राजा

मिली जानकारी के अनुसार राजा सिंह अपने घर से बाइक से अपने एक दोस्त अमन के साथ बाल व दाढी बनवाने के लिए निकला था। वह पोस्टऑफिस रोड में पहुंचा ही था कि एक बाइक पर दो बदमाश आए। बदमाशों ने राजा को देखकर ललकारा और गाली देकर रुकने को कहा। इस पर राजा वहां से भागने लगा। बदमाश उसके पीछे दौड़े तो वह जान बचाने के लिए लेडीज कॉर्नर नामक दुकान में घुस गया। बदमाश भी पीछे-पीछे घुस गए और उसको सिर में सटाकर गोली मार दी।

## टकलू के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए परिजनों ने दिया धरना

### बबन राय व दुबराज नाग पर लगाया हत्या का आरोप



धरने पर बैठे परिजन। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत चौधरी होटल के पास बाइक से आए अज्ञात अपराधियों ने टकलू लोहार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में टकलू का साथी मानस भी घायल हो गया था। इधर, मामले को लेकर पुलिस ने मानस के बयान पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। इधर, शुक्रवार को परिजन पत्नी रितू लोहार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीतारामडेरा थाना के बाहर सड़क पर बैठ गए।

पत्नी ने जेएमएम युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बबन राय, दुबराज नाग, मासुक मनीष, डोमनी सेमसंग और सौरभ दलाई पर हत्या का आरोप लगाया है। पत्नी रितू ने बताया कि टकलू ने बीते दिनों ही उसे बताया था कि कुछ लोग उसकी हत्या करना चाहते है। टकलू ने सबसे पहले बबन राय और दुबराज नाग का नाम बताया और कहा कि अगर उसकी हत्या होती है तो इसमें बबन राय और दुबराज नाग का हाथ होगा।

गुरुवार दोपहर दो बजे वह घर से सीतारामडेरा थाना में सूचना देने के लिए अपने साथी मानस, अजय राय और सूरज के साथ निकला था। थोड़ी देर बाद खबर मिली की किसी ने टकलू को गोली मार दी है। परिजनों ने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

## विभिन्न मांगों को लेकर 10 फरवरी को आशा व आशा साथी समूह का सम्मेलन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिला आशा और आशासाथी समूह सम्मेलन 10 फरवरी को कार्यालय में आयोजित किया जाएगा, इसकी घोषणा आज राउरकेला सरकारी अस्पताल (आरजीएच) परिसर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में की गई।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के श्रम एवं ईएसआई मंत्री तथा राउरकेला विधायक सारदा प्रसाद नायक के शामिल होंगे। कार्यक्रम में सुंदरगढ़ जिले की 3640 आशा और आशा साथी भाग लेंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दिया गया कि आशा और आशा सहयोगिनियों को केंद्र सरकार की मातृ एवं शिशु कल्याण योजना में नियोजित किया गया है, लेकिन लंबे समय से उनके वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुआ है और केंद्र और राज्य सरकार ने उनके वेतन में बढ़ोतरी कर दी है। लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में जहां आशा कार्यकताओं का वेतन 4850 रुपये और आशा सहयोगिनियों का वेतन 3000 रुपये था, वह अब तक स्थिर बना हुआ है।



बैठक में शामिल समूह के लोग। ● फोटोन न्यूज

प्रेस कॉन्फ्रेंस में आशा और आशा साथी संघ के अध्यक्ष प्रद्युम्न त्रिपाठी, सलाहकार आनंद चंद्र मोहंती और अधिवक्ता बैद्यनाथ दास, कार्यकारी अध्यक्ष सलोनी मिंज और बबुली दास, साधारण संपादिका झरना महराना, उपाध्यक्ष ललिता तिर्की, दुर्गा ओराम और ज्योति एक्का और आशा साथी उपस्थित रहे।

## होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा आयोजित, प्रवीण गर्ग बने अध्यक्ष

**PHOTON NEWS ROURKELA :** होटल एण्ड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा एवम चुनाव होटल राधिका रेजेंशी के मेहंदी हॉल में हुई। तत्पश्चात सचिव मोहम्मद केशर जमील द्वारा वर्ष 2023-24 के कार्यकल्प के बारे में बताया समय-समय पर जिनका भी उनको सहयोग प्राप्त हुआ। उनके बाद कोषाध्यक्ष अरुण जिंदल द्वारा वर्ष भर का लेखा जोखा सदस्यो के सामने प्रस्तुत किए और सदस्यो ने चर्चा कर लेखा जोखा और सचिव की रिपोर्ट पारित की।

पूर्व अध्यक्ष नवीन चावला ने अपनी बातें रखी। उसके बाद वरिष्ठ सदस्य मंजीन्दर सिंह ने कार्यकारिणी के कार्यकाल को 2 वर्ष करने के लिए अपना प्रस्ताव रखा। जिसे अधिकतम सदस्यो ने सचिव द्वारा सभा में रखने पर हाथ उठाकर सदस्यों ने सहमति प्रदान की और प्रस्ताव को पास कर कार्यकारिणी के कार्यकाल को 2 वर्ष का कर दिया गया। सदस्य प्रवीण गर्ग द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष को कार्यकारिणी में सम्मिलित करने का प्रस्ताव रखा।

अध्यक्ष श्यामलाल गुप्ता द्वारा निर्विरोध चयनित अध्यक्ष प्रवीण गर्ग का अभिनन्दन करते हुए मंच पर आमंत्रित किया और पुष्प गुच्छ देकर उनका वर्ष 2024-26 के लिए हार्दिक शुभकामनाए देते हुए बधाई दी। उपाध्यक्ष खिरोद साहु और नवीन चावला को उपाध्यक्ष मोहम्मद शहाबुद्दीन द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तत्पश्चात सचिव अरुण जिंदल को सचिव मोहम्मद केशर जमील और सहसचिव बिश्वनाथ डे को सहसचिव नीरज अग्रवाल द्वारा कोषाध्यक्ष केलाश मित्तल का कोषाध्यक्ष अरुण जिंदल द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया ।





बैठक में उपस्थित एसोसिएशन के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

## खुले बाजार में लहसुन 400 रुपये प्रति किलो

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सब्जी बनाने के लिए हर किसी की रसोई में रोजाना लहसुन की जरूरत पड़ती है। लेकिन अब यह एक सपना जैसे लग रहा है।राउरकेला बाजार में लहसुन अब 400 रुपये प्रति किलो है। लहसुन की कीमत में इतनी बढ़ोतरी पहले कभी नहीं हुई। डेली मार्केट थोक बाजार में जहां लहसुन 380 रुपये प्रति किलो बिकता है, वहीं खुले बाजार में यह 400 से 450 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। इससे लोगों द्वारा लहसुन की खरीदारी भी कम हो गई है। व्यापारियों का कहना है कि लहसुन का पुराना स्टॉक खत्म होने के कारण दाम बढ़ रहे हैं। बाजार में नया लहसुन आने पर कीमतें कम होने की संभावना है। हालांकि कहा जा रहा है कि लहसुन का भाव अगले 15 दिनों तक ऐसे ही रह सकता है।



## 14वें खंडाधार मोहोत्सव का हुआ समापन श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक हुए शामिल

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिले के बहुमुखी खेल मैदान में 14वें खंडाधार उत्सव का आयोजन किया गया है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक शामिल हुए। सम्मानित अतिथि बणई उपजिलापाल सुरंजन साहू, वीर किशोर इंद्र देव देव, सुमन दत्त, प्रद्युम्न त्रिपाठी, कमल लकड़ा थे। यह कला और कलाकारों की प्रतिभा को जनता के सामने लाना ही वक्ताओं ने खंडाधार महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बताया।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। ● फोटोन न्यूज

ओडिशा के प्रमुख ओडिसी नृत्यों में बारमासी नृत्य, संबलपुरी नृत्य आदि का प्रदर्शन किया गया। कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम को समर्पित मनमोहक नृत्य गीतों पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। मंत्री सारदा प्रसाद नायक को खंडाधार सम्मान में सम्मानित किया गया। प्रदीप त्रिपाठी, पत्रकार रंजीत चौधरी, राजेंद्र प्रधान ने सभी को धन्यवाद दिया।

## योग प्रशिक्षक को केंद्रीय मंत्री व आयुष विभाग ने किया सम्मानित

**PHOTON NEWS CHANDIL :** गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में घ्वजारोहन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने वाले योग प्रशिक्षक नीलरतन खां को सरायकेला-खरसावां जिला आयुष विभाग ने सम्मानित किया है। भारत सरकार के आमंत्रण पर आयुष विभाग की ओर से राज्य के सभी जेलों से एक-एक योग प्रशिक्षक को अतिथि के रूप में नई दिल्ली भेजा था।

समारोह में चांडिल के रहने वाले योग प्रशिक्षक नीलरतन खां ने सरायकेला-खरसावां जिला का प्रतिनिधित्व किया था। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर देश के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए थे। योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए भारत सरकार के आयुष मंत्री सवार्नंद सोनेलाल ने नीलरतन खां को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था।

**सम्मान से मिलता है ऊर्जा: नीलरतन**

नई दिल्ली से वापस लौटने के बाद सरायकेला-खरसावां जिला आयुष विभाग ने नीलरतन खां को सम्मानित किया। सरायकेला-खरसावां के जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के कुमार ने नीलरतन खां को प्रशस्ति पत्र के साथ उपहार देकर सम्मानित किया। इस संबंध में नीलरतन खां ने कहा कि अच्छे काम के बदले मिला सम्मान ऊर्जा का काम करता है। इससे स्फूर्ति पैदा होती है और काम करने में दिलचस्पी बढ़ जाता है।



उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होना गौरव की बात है। नई दिल्ली में भी केंद्रीय आयुष मंत्री के साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र में योग के विकास के मुद्दे पर बात की। केंद्रीय मंत्री ने भी इससे संबंधित कई अहम बिंदुओं पर जानकारी साझा किया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से स्वस्थ समाज की ठोस नींव तैयार हो रही है।

## बीटूबी इंडस्ट्रियल मशीनरी एंड इंजीनियरिंग एक्सपो-2024 शुरू

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** आदित्यपुर स्थित ऑटो क्लस्टर परिसर में इंडोमैक बिजनेस सॉल्युशन्स द्वारा ऑटो क्लस्टर एवं एसिया के सहयोग से तीन दिवसीय (2 से 4 फरवरी) बी 2 बी इंडस्ट्रियल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो (इंडोमैक जमशेदपुर) का शुभारम्भ हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला, आईएएस एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जियाडा आदित्यपुर के रिजनल डायरेक्टर प्रेम रंजन, आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के प्रबंध निदेशक एस एन ठाकुर, एसिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से हुआ।



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

अतिथियों के अलावा एसिया के अन्य मेम्बरों एवं जाने-माने उद्यमियों की उपस्थिति में उक्त एक्सपो के बारे में डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कहा कि चूंकि आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया देश का एक महत्तवपूर्ण एवं एशिया का सबसे बड़ा लघु उद्योग है। जहां बड़ी संख्या में छोटे, मझौले एवं बड़े उद्योग स्थापित हैं। इस तरह के इंडस्ट्रियल एक्सपो के आयोजन से देश-विदेश में इंडस्ट्री के क्षेत्र में नवीनतम बदलाव एवं नये-नये तकनीक से यहां के उद्योगपति रूबरू होंगे एवं टेक्नीकल जानकारी से एक दूसरे से अवगत होंगे।

## स्वर्णरेखा घाट में हुआ ज्ञानी गुरदयाल सिंह का दाह संस्कार



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक गुरदीप सिंह पप्पू के पिता ज्ञानी गुरदयाल सिंह (86) का अंतिम दाह संस्कार मानगो स्वर्णरेखा घाट में कर दिया गया। इसके पूर्व शुक्रवार को सीतारामडेरा स्थित आवास से उनकी शव यात्रा निकली जो सीतारामडेरा गुरुद्वारा पहुंची। यहां पर गुरुद्वारा कमेटियों के प्रतिनिधियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस विशेष मौके पर पूर्वी विधानसभा के विधायक सरयू राय, मजदूर नेता राकेशेश्वर पांडे, प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, अमरप्रीत सिंह काले, सेंट्रल गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, झारखंड गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह, निशांत सिंह, शिव शंकर सिंह, दिनेश कुमार, सुबोध श्रीवास्तव, बबुआ सिंह, चैंबर के अध्यक्ष हरविंदर सिंह मंटू, अजीत गंभीर, परमजीत सिंह, सुरजीत सिंह चीते, घाटशिला के प्रधान हरभजन सिंह, अधिवक्ता सुधीर पप्पू, पूर्व डीएसपी वीरेंद्र यादव उपस्थित थे।

### फिल्म की शूटिंग के लिए जमशेदपुर पहुंचे भोजपुरी अभिनेता अरविंद अकेला, कहा-

## मनोरंजन का भरपूर खजाना लेकर आ रही फिल्म

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** भोजपुरी युवा दिलों की धड़कन सुपर स्टार अरविंद अकेला कल्लू स्टार फिल्म प्रोडक्शन नंबर-1 का शुभ मुहूर्त गुरुवार को जमशेदपुर के सोनारी में संपन्न हुआ। इस दौरान अरविंद अकेला कल्लू, निर्देशक वेंकट महेश, निमार्ता बद्रीनाथ झा और अरुण झा मौजूद रहे। इस दौरान फिल्म के निमार्ता बद्रीनाथ झा ने बताया कि यह एक नए तरीके की फिल्म है। इस फिल्म के निर्माण में लेटेस्ट कैमरा और तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। फिल्म की पटकथा भी मजेदार और दर्शकों को बांधकर रखने वाली होगी। इस फिल्म में बॉलीवुड से सुयेश राय, दयाशंकर पांडे, अभिषेक झा के साथ बंगाली कलाकार भी नजर आएंगे। हमने फिल्म में इस तरह से नया आधार क्रिएट करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हम कह सकते हैं कि देश की मुख्य फिल्म इंडस्ट्री से आए कलाकारों और तकनीशियन के साथ भोजपुरी में हम कुछ नया करने का प्रयास कर रहे हैं।





**मनोरंजन का भरपूर खजाना होगा :** फिल्म को लेकर अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि प्रोडक्शन नंबर वन मनोरंजन का भरपूर खजाना लेकर आ रहा है। इसमें एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली कलाकार और टेक्नीशियनों के साथ काम करने का अवसर मिला। फिल्म की कहानी बेजोड़ है। उम्मीद है कि यह फिल्म जब पर्दे पर रिलीज होगी तो बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे। यह मेरी लाइफ कि अब तक की सबसे अलग तरीके की फिल्म है इसके लिए फिल्म का निमार्ता और निर्देशकों का मैं आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में भोजपुरी में इसके ग्राफ को ऊपर की ओर ले जाने वाली होती है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी की पहुंच आज दुनिया भर में है तो हमें उसे हिसाब से फिल्म में भी करनी होगी, जिससे हमारी फिल्मों को दुनिया भर के दर्शकों के बीच रिकॉग्निशन मिले।

**झारखंड, बंगाल व लद्दाख में होगी इस फिल्म की शूटिंग :** बद्री झा फिल्म्स और अरुण झा फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग जमशेदपुर, रांची, कोलकाता, लेह और लद्दाख में की जाएगी। फिल्म अरविंद अकेला कल्लू के साथ दर्शना बनिक, खराज मुखर्जी, दया शंकर पाण्डेय, सुवेश राय, अभिषेक झा, रीना रानी और लावणी सरकार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं। फिल्म की पटकथा राकेश त्रिपाठी ने लिखी है।

# लालू परिवार से ईडी की पूछताछ की टाइमिंग से नफा-नुकसान

## लालू-तेजस्वी खेल रहे विक्टिम कार्ड, बीजेपी-जेडीयू को राहत कि खेला नहीं हो पाएगा

**एजेंसी**

नीतीश कुमार ने महागठबंन तोड़ एनडीए की नई सरकार बना ली। सरकार से आउट होते ही लालू परिवार पर ईडी के एक्शन ने पॉलिटिकल हलचल बढ़ा दी है। भाजपा और जेडीयू खेमे में इसे लेकर खुशी है कि अब खेला नहीं होगा। आरजेडी भी इस कार्रवाई को कैश कराने की तैयारी में है। जानिए लालू और तेजस्वी पर एक्शन से किसे क्या फायदा, एऊके पास क्या सबूत हैं? क्या गिरफ्तारी हो सकती हैङ्क 10 अगस्त 2022 से चल रही बिहार की महागठबंधन सरकार के टूटते ही लालू-तेजस्वी पर शिकंजा कसता जा रहा है। लालू की बेटी रोहिणी ट्वीट कर इसे भाजपा की साजिश बता रही हैं। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने तो कह दिया, ईडी नहीं यह भाजपा की कार्रवाई है। पहला - झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने 10 समन जारी करके गिरफ्तार कर लिया है। वह 8 समन तक सवाल-जवाब के लिए तैयार नहीं हुए। इधर तेजस्वी को दो समन में ही ईडी पूरी एक्शन में दिख रही है। दूसरा- रविवार को महागठबंधन की सरकार टूटती है, इसके साथ ही ईडी अपनी एक्शन में आ जाती है। नई सरकार को लेकर राजद के खेला करने के दावे के बाद ही यह एक्शन हो रही है। राजनीतिक बयानबाजी के इतर एक्सपर्ट बताते हैं, झारखंड के सीएम और लालू-तेजस्वी के मामलों में बड़ा अंतर है। सीनियर जर्नलिस्ट प्रवीण बागी कहते हैं, लालू-तेजस्वी जार्चशीटेड हैं, जबकि हेमंत सोरेन पर चार्जशीट नहीं है, लेकिन उसके बाद भी एऊने गिरफ्तार कर लिया। यही वजह है कि लालू-तेजस्वी ज्यादा परेशान हैं। महागठबंधन में



टूट के बाद ईडी के एक्शन को एक्सपर्ट पुराना प्रॉसेस बताते हैं। सीनियर जर्नलिस्ट केके उपाध्याय बताते हैं, बिहार में महागठबंधन की सरकार में रहते हुए तेजस्वी पर चार्जशीट लगी और नोटिस का प्रॉसेस भी उसी समय से चल रहा है। यह संयोग है, इस बीच महागठबंधन की सरकार टूट गई। कानून के जानकार प्रभात भारद्वाज बताते हैं, ह्यचार्जशीट तभी दाखिल होती है, जब एजेंसी के पास ठोस सबूत होता है। लालू और तेजस्वी के खिलाफ भी कार्रवाई के लिए ईडी के पास पर्याप्त डॉक्यूमेंट्री एविडेंस है। जमीन के कागजात मिले हैं। एक्सपर्ट बताते हैं, लालू तो चारा घोटाला में चार्जशीट होने के बाद भी फंसाने का आरोप लगाते रहे हैं। ऐसे ही इस बार भी तेजस्वी और लालू से पूछताछ को राजनीतिक द्वेष बताया जा रहा है। जर्नलिस्ट लव कुमार मिश्रा बताते हैं, लालू-तेजस्वी के खिलाफ ईडी के पास सबूत काफी पुख्ता है। यही वजह है, वह जांच में ईडी का सहयोग कर रहे हैं। ईडी के पास तेजस्वी के नाम दिल्ली न्यू फ्रेंड कॉलोनी में डेढ़ सौ करोड़ के मकान से लेकर कम उम्र में अकूत पैसा और कंपनी बनाने जैसे सबूत है। वहीं लैंड फॉर जॉब में गिरफ्तार लोगों के बयान और उनके पास से मिले कागजात को ठोस सबूत माना जा रहा है। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की गिरफ्तारी को लेकर अभी असमंजस की स्थिति है। पटना हाईकोर्ट के एडवोकेट प्रभात भारद्वाज बताते हैं, ईडी के पास डाक्यूमेंट्री एविडेंस हैं। इसी आधार पर पूछताछ कर रही है। जांच में सहयोग नहीं करने पर ईडी गिरफ्तार भी कर सकती है। कई ऐसे सवाल हैं, जिसमें नाबालिग रहते हुए पैसे कहां से आए? कंपनी कैसे बना लिए? ऐसे सवालों को लेकर गिरफ्तारी भी हो सकती है। वहीं कुछ जानकार गिरफ्तारी से इनकार भी कर रहे हैं, इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है। ईडी पूछताछ करेगी, गिरफ्तारी कोर्ट के आदेश पर होगी। कोर्ट ने भी बुलाया है, ऐसे में कोर्ट की अनुमति के बिना गिरफ्तारी पर संशय है। लालू परिवार को भी यह बात पता है, जांच में सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तारी हो सकती है। इसी वजह से ईडी दफ्तर के बाहर भीड़ को भी लालू परिवार के सदस्य शांत कराने में लगे हैं। तेजस्वी और पार्टी के बड़े नेता बार-बार खेला होने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा और जेडीयू की मुश्किल बढ़ गई थी।

## जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से दो की मौत



**एजेंसी**

जहानाबाद-गया-पटना रेल खंड पर कोर्ट हॉल्ट के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो व्यक्ति की मौत हो गई वही एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बारे में बताया जा रहा है कि तीनों कोर्ट हॉल्ट के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। तभी वे लोग जनशताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। जिससे दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही तीसरे व्यक्ति की हालत गंभीर होने के कारण उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। एक मृतक की पहचान मखदुमपुर थाना क्षेत्र के महेवा गांव निवासी रविंदर दास के रूप में हुई है। वही घायल की पहचान बीरा गांव निवासी विष्णुदेव ओक्षा के रूप में हुई है। वही तीसरे(मृतक) की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पर दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। वही तीसरे को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।वही पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस तीसरे व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुहासे के कारण कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा था।

उसी समय ये सभी लोग रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। तभी पटना की तरफ से अचानक ट्रेन आ गई, और तीनों उसकी चपेट में आ गए। वही हादसे के बाद हमलोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस सभी को अस्पताल लेकर गई। बताया जा रहा है कि तीनों मजदूरी का काम करने के लिए जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया।

## 30 अप्रैल तक थावे से पटना जाएगी पटना-थावे एक्सप्रेस

**एजेंसी**

रेलवे प्रशासन यात्रियों की यात्रा को सुगम और सरल बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में रेलवे विभाग द्वारा नए-नए सुविधाओं को लाया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व से 31 जनवरी 2024 तक चलायी जा रही 03215/03216 पटना-थावे-पटना दैनिक विशेष गाड़ी का संचलन 30 अप्रैल, तक 90 फेरों के लिए बढ़ाया गया है। इस गाड़ी में जी.एस.एल.आर.डी. के 02 एवं साधारण द्वितीय श्रेणी के 22 कोचों



सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे तथा इस गाड़ी का मार्ग, ठहराव एवं समय यथावत रहेगा। थावे से पटना के लिए चलने वाली यह ट्रेन प्रमुख ट्रेनों में से एक है। यह ट्रेन थावे से मशरख, मढौरा के रास्ते दीघा से होते हुए पटना जंक्शन पर अपनी यात्रा समाप्त करती है। इस ट्रेन से छपरा सहित गोपालगंज के यात्री सीधे पटना शहर को पहुंचते है। रेलवे द्वारा पूर्व से चलाई का रही इस ट्रेन को 31 जनवरी तक ही संचलित करना था। लेकिन यात्रियों के भीड़ और सुविधा को देखते हुए इसके संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। अब यह ट्रेन 30 अप्रैल तक तक लगातार संचालित होगी। यह जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है। छपरा और गोपालगंज के पटना राजधानी से जोड़ने वाली यह एकमात्र दैनिक ट्रेन है। जो सारण जिला के विभिन्न स्टेशन से होते हुए राजधानी पटना जाती है।

## दोस्त की हालत गंभीरःजहर देकर हत्या की चर्चा तेज, बाइक से लौट रहे थे दोनों

**एजेंसी**

समस्तीपुर के मुसरीघरारी थाने के हरपुर एलौथ गांव के पास पूर्व जिला पार्षद व राजद नेता रंजीत राय की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। जबकि उनके मित्र सुनील कुमार मोहनपुर गांव निवासी का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इलाके में जहर देकर हत्या की चर्चा तेज है। रंजीत राय और सुनील सड़क किनारे घायल स्थिति में मिले थे। मौके पर एक बाइक भी मिली है। हालांकि



रंजीत राय के शरीर पर कहीं जख्म का निशान नहीं है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही सदर अस्पताल में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। मृतक रंजीत मुसरीघरारी के बथुआ बुजुर्ग गांव के रहने वाले थे। घटना के संबंध में बताया गया है कि पूर्व जिप सदस्य व राजद नेता अपने सहयोगी सुनील के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे के आसपास हरपुर एलौथ गांव के पास सड़क किनारे लोगों ने दोनों को बेहोशी की स्थिति में देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची मुसरीघरारी थाने की पुलिस ने दोनों को उठाकर सदर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने रंजीत राय को मृत घोषित कर दिया।

## बिहार के 3 खिलाड़ी 0 पर हुए आउट

**एजेंसी**

पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में आज बिहार बनाम आंध्र प्रदेश का रणजी मैच चल रहा है। आंध्र प्रदेश ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। बिहार के बल्लेबाज मैदान पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। 40 ओवर में बिहार ने 71 रन बनाए हैं। बिहार का एक और विकेट गिर चुका है। सरमन निग्रोध 16 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। अब तक बिहार के 6 विकेट गिर चुके हैं। अभी क्रीज पर प्रताप (29) और वीर प्रताप सिंह (0) बने हुए हैं। आंध्र प्रदेश के गेंदबाज बिहार के बल्लेबाजों पर भारी पड़ते नजर आ रहे हैं।



गिरीनाथ रेड्डी ने अब तक बिहार के चार विकेट ले लिए हैं। वहीं कप्तान रिकी भुई ने बिपिन सौरभ को रन आउट किया। आंध्र प्रदेश की टीम रिकी भुई की कप्तानी में खेल रही है। टीम में इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेटर हनुमा विहारी आकर्षण का केंद्र होंगे। आंध्र प्रदेश की टीम चार मैचों में दो जीत, एक हार व एक ड्रॉ के साथ ग्रुप बी के पदक तालिका में 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, बिहार की टीम चार मैचों में एक हारी और तीन ड्रॉ रही। बिहार ग्रुप बी के पदक तालिका में 5 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। रणजी चैंपियन बनने की ख्वाहिश लिए इस सीजन में खेल रही आंध्र प्रदेश की टीम ने छत्तीसगढ़ को 126 रन से हराया। हालांकि, इस सीजन में छत्तीसगढ़ की यह पहली हार है। आंध्र प्रदेश के लिए हनुमा विहारी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस मैच में आंध्र प्रदेश ने हनुमा विहारी के 183 और कप्तान रिक्की भुई के 120 रन की मदद से पहली पारी में 431 रन बनाए थे, जिसके जवाब में मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम 262 रन पर ही सिमट गई थी। वहीं दूसरे पारी में भी मेजबान के बल्लेबाज असफल रहे थे। बिहार का पिछला मुकाबला केरल के साथ था, जो कि ड्रॉ रहा। पहली पारी में बढ़त के कारण बिहार को 3 प्वाइंट और केरल को 1 प्वाइंट मिले थे। प्लेयर ऑफ द मैच बिहार के सकीबुल गनी बने। इस मैच में 3 शतक लगे थे।

## ऑपरेशन के बाद भी बनी मां, महिला बोली-मुआवजा चाहिए

**एजेंसी**

लखीसराय के कजरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखराम गांव निवासी चंदन कुमार की पत्नी को स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का नतीजा भुगतने का मामला सामने आया है। दो साल पहले शेखपुरा में सरकार के परिवार नियोजन योजना के अंतर्गत महिला का बंध्याकरण ऑपरेशन करवाने के बाद पीड़िता फिर से मां बन गई है। जानकारी के अनुसार पोखराम निवासी चंदन कुमार की वर्षीय पत्नी रितु कुमारी ने लखीसराय सदर अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के माध्यम से बच्ची को जन्म दिया है।

पहले से दो बेटी और एक बेटे की मां रितु देवी ने बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद भी गर्भ ठहरने



को लेकर स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठाते हुए शेखपुरा सिविल सर्जन को आवेदन देकर सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा दिलाने का मांग कीहै। रितु की मानें तो शेखपुरा जिला में पति के फुआ के घर गई थी। वहीं से उनका तीसरे बच्चे के जन्म 19 दिसंबर 2021 को शेखपुरा सदर अस्पताल में बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया था। उसके बाद अब फिर बच्चे ने जन्म लिया है।

## संक्षिप्त डायरी

### तीसरे दिन भी दिल्ली के किन्नरों का छपरा में हंगामा



**एजेंसी**

छपरा के कोपा में तीसरे दिन भी दिल्ली से आए किन्नर लोगों ने जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच कोपा थाना की पुलिस ने आरोपी युवक के परिजनों और किन्नर के बीच समझौता कराते हुए किन्नर को आरोपी युवक के घर भेज दिया। मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के कोठेया गांव का है। आरोपी युवक चंद्र किशोर मांझी अपने ससुराल कोपा थाना क्षेत्र के गांव में छिपा हुआ था। किन्नर तीन दिनों से कोपा और जलालपुर थाना पर न्याय के लिए गुहार लगा रहे थे। शुक्रवार को कोपा पुलिस आरोपी युवक चंद्र किशोर मांझी और उसके परिजनों को बुलाकर समझौता कराते हुए एक दूसरे को साथ भेज दिया। युवक किन्नर को साथ लेकर अपने घर कोठेया चला गया। इस दौरान दो घंटे तक कोपा थाना और मुख्य मुख्य मार्ग पर हाई वोल्टेज ड्रामा होता रहा। किन्नर ने बताया कि आरोपी युवक चंद्र किशोर माझी दिल्ली के शाहदरा में किन्नर सोफिया के साथ लिव इन रिलेशन में रहता था। लम्बे समय साथ रहने के बाद तीस हजारी कोर्ट में कोर्ट मैरिज कर लिया। कोर्ट मैरिज किए जाने के 4 महीना बाद किन्नर के पास से 1 लाख नगद, सोने के आभूषण और फोन लेकर फरार हो गया। किन्नर चंद्र किशोर माझी को तलाशते हुए छपरा पहुंचे। किन्नर का गुट कोपा और जलालपुर थाना में न्याय की गुहार लगा रहे थे। किन्नर का एक टीम विगत चार दिनों से छपरा में कैंप किए हुए थे। जो कोपा और जलालपुर थाना में लगातार न्याय की गुहार लगा रहे थे।

### मेडल के लिए पसीना बहा रही बेटिया



**एजेंसी**

खेत की पगडंडियां, समाज के ताने कई मुश्किलों को चीरते हुए भागलपुर की दर्जनों बेटियां मेडल के लिए खून पसीना बहा रही हैं। जो इलाका गोलियां की तड़तड़ाहट से गूंजता था, वह इलाका अब बेटियों के नन्हें पैरों की थाप से गूंज रहा है। समाज के शिक्षक जितेन्द्र बेटियों व बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा रहे हैं। नाथनगर के गनौरा बदरपुर इलाके की यह वो इलाका है जहां तीन दशक पहले तक गोलियां चलती थी, किसी न किसी का शव मिलता था सुनसान इलाका रहने के कारण लोग नहीं जाते थे। उस इलाके से अब बेटियां और बेटे राष्ट्रीय स्तर पर एथलीट में परचम लहरा रहे है। बच्चों को यहां के पास के ही शिक्षक जितेंद्र मनी संवार रहे हैं। वर्तमान में इनके पास समाज के निचले तबके के करीबन 100 बच्चे हैं उन्हें फ्री में तैयारी करवा रहे हैं। खास बात यह कि जितनी संख्या लड़कों की है उससे कहीं ज्यादा लड़कियां हैं, जो पगडंडियों पर अपना भविष्य संवार रहे हैं। दर्जनों बच्चे बच्चियां जिला स्तर से मेडल हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर तक मेडल ले चुके हैं। नाथनगर की भारती ने लंबी कूद में तीन नेशनल मेडल हासिल की है। स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। सपना कुमारी ने राष्ट्रीय स्तर की लंबी कूद प्रतियोगिता में अब तक दो नेशनल गोल्ड मेडल समेत 40 मेडल जीते चुकी है। वर्तमान में साई सेंटर सिलीगुड़ी जे जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इसके साथ साथ नाथनगर की करिश्मा, करीना, सुनील कुमार, बिरजू तांती समेत कई बच्चों ने जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक परचम लहराया है।

### लूट की साजिश रचने के आरोप में फील्ड मैनेजर गिरफ्तार



**एजेंसी**

तरावाड़ी थाना पुलिस ने लूट की झूठी साजिश रचने वाले भारत फाइनेंस लिमिटेड में कार्यरत फील्ड मैनेजर द्वारा बैंक का रुपया गबन करने के मामले में पुलिस ने फील्ड मैनेजर और उनके सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से सत्ता की 87 हजार 8 सौ 60 रुपए व साजिश में प्रयुक्त दो मोबाइल व दो को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। मामले को लेकर जानकारी देते हुए अररिया एसपी कार्यालय से प्रेस रिलीज कर बताया गया कि भारत फाइनेंस लिमिटेड मे कार्यरत फिल्ड मैनेजर द्वारा बैंक का रूपए गबन करने के लिए दोस्त के साथ मिलकर लूट की झूठी साजिश रचने वाले फिल्ड मैनेजर व सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि 29 जनवरी 2024 को भारत फाइनेंस लिमिटेड (माइक्रो फाइनेंस) में फिल्ड मैनेजर पद पर कार्यरत गुरुदेव पासवान पिता दिनेश पासवान, रानीगंज थाना क्षेत्र के हिंगना निवासी द्वारा रात्रि करीब 10.30 बजे ताराबाड़ी थानाअध्यक्ष को सूचना दिया गया था कि इन्हें ताराबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुमताज चौक के पास मोटर साइकिल सवार तीन अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा समय करीब 7 बजे संध्या में पिस्तौल के बल पर उनसे 1 लाख 45 हजार 8 सौ 3 रुपए छीन कर अपराधी फरार हो गए है। ज्ञात हुआ कि उपर्युक्त फिल्ड मैनेजर द्वारा ही ग्राहकों से कलेक्शन किया गया राशि गबन करने के लिए अपने ही गांव के दोस्त मुकेश पासवान के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी रची गई थी।

## गर्वनर राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर सीनेट की बैठक में पहुंचे

**एजेंसी**

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर शुक्रवार को पूर्णिया विश्वविद्यालय की सीनेट बैठक में शामिल होने पहुंचे हैं। वहीं इससे पहले उन्हें पूर्णिया कॉलेज परिसर और प्रशासनिक भवन परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ओनर दिया गया। इसके बाद वे सीनेट की बैठक में शामिल होने सीनेट हॉल पहुंचे। इस बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लग सकी है।राज्यपाल के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीनेट की ये चौथी वार्षिक बैठक प्रशासनिक भवन के सीनेट हॉल में हो रही है। इस बैठक में शामिल होने वे हेलीकॉप्टर से करीब 10:45 पहुंचे।राज्यपाल के आगमन से पहले देर शाम जिले के डीएम कुंदन कुमार ने वाइस चांसलर प्रो. आर एन यादव,



एसडीओ राकेश रमन, सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार के साथ एक अहम बैठक की थी। वहीं राज्यपाल के आगमन को लेकर पूर्णिया यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। शुक्रवार को सीनेट की अहम बैठक में शामिल होने वाले सीनेट मेंबर की सूची मुख्य द्वारा पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट और डिप्यूट किए गए पुलिस के अधिकारी के पास होगी। सूची में शामिल लोगों को ही मुख्य द्वार के अंदर जाने की अनुमति होगी।

## बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट एग्जाम,पहले दिन 51 छात्र निष्कासित

**एजेंसी**

बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा का आज दूसरा दिन है। आज प्रथम पाली में इंटरमीडिएट साइंस के लिए गणित की परीक्षा है। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट आर्ट्स के लिए पॉलिटिकल साइंस और वोकेशनल कोर्स के लिए फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा होगी। पहले दिन दोनों पालियों में 51 छात्र-छात्राओं को निष्कासित किया गया है। इसमें नवादा में 22, भोजपुर में 3, मुंगेर में 1, नालंदा में 9, अरवल में 3, समस्तीपुर में 2, मधेपुरा में 1, जहानाबाद में 2 और सारण में 8 को निष्कासित किया गया है। परीक्षा के पहले दिन पटना समेत बिहार के कई जिलों में देर से पहुंचने की वजह से कई परीक्षार्थी परीक्षा नहीं दे पाए थे। इस वजह से आज सेंटर पर काफी पहले से ही परीक्षार्थी



पहुंचने लगे हैं। पटना के बोरिंग रोड स्थित एएन कॉलेज में परीक्षार्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है।

सुबह 9 बजे तक ही एंट्री होगी। इस साल 12वीं की परीक्षा राज्य भर के 1,523 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मुताबिक, बिहार बोर्ड परीक्षा में 6,26,431 लड़कियां और 6,77,921 लड़के शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक



और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी। बिहार बोर्ड की ओर से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार इंटरमीडिएट की पहली पाली की परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को 9 बजे तक एंट्री रहेगी। दूसरी पाली के लिए दोपहर 1.30 बजे तक एंट्री दी जाएगी। लेट आने वाले स्टूडेंट को परीक्षा हॉल में एंट्री नहीं दी जाएगी। इसलिए सभी छात्र परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से आधे घंटे पहले पहुंचें। पटना जिला प्रशासन ने कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए 150 मजिस्ट्रेट के साथ 1500 से अधिक पुलिस जवान को तैनात किया गया है।

पटना शहर में स्थित सदर अनुमंडल में 37, पटना सिटी में 13, दानापुर में 12, बाढ़ में 7, मसौढ़ी में 5 और पालीगंज में 4 परीक्षा केन्द्र बनाया गया हैं। डीएम शीर्षत कपिल अशोक के निर्देश पर पटना सदर अनुमंडल में 81 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 12 गश्ती मजिस्ट्रेट, 6 जोनल मजिस्ट्रेट-सह-उड़नदस्ता पदाधिकारी के साथ 4 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में की प्रतिनियुक्ति की गई है। छात्र-छात्राओं को किसी परेशानी होने पर वो जिला नियंत्रण कक्ष 0612-2219810/2219234, पुलिस नियंत्रण कक्ष 9470001389, डायल-100पर कॉल कर सकते हैं।

## विश्वास का प्रदर्शन

नरेंद्र मोदी सरकार के दसवें वर्ष का अंतिम व अंतरिम बजट पूरी तरह से आश्वस्त और भविष्योन्मुखी बजट है। यह कदापि चुनावी बजट नहीं है, क्योंकि दो महीने में देश में चुनाव होने जा रहे हैं, पर सरकार में किसी भी तरह की बेचैनी नहीं है। साफ लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार अपनी वापसी के लिए आश्वस्त है। चूंकि यह अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती पर फोकस करता हुआ बजट है, इसलिए किसी भी प्रकार की नई तात्कालिक लोकलुभावन घोषणा से इसे बचाया गया है। लोकलुभावन घोषणा के रूप में केवल सूर्योदय योजना है, जिसकी घोषणा पहले ही हो चुकी है, जिसके तहत देश के एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना है। ये ऐसे घर होंगे, जिनकी छतों पर सौर ऊर्जा के लिए संयंत्र स्थापित होंगे। न कॉरपोरेट कर में कोई परिवर्तन हुआ है और न आयकर में किसी तरह की राहत दी गई है। अब वेतनभोगियों को चुनाव बाद आम बजट से ही उम्मीद रखनी चाहिए। बजट में नारी, युवा, किसान और गरीब पर विशेष नजर है और इसके सियासी मूल्य को सहज ही समझा जा सकता है। बहरहाल, संसद में अच्छे माहौल में बजट का पेश होना भी स्वागतयोग्य है। इस अंतरिम बजट 2023-24 को हम ह्यगुड रिपोर्ट कार्ड बजटह्ण भी कह सकते हैं, क्योंकि एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण का अधिकतर हिस्सा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नरेंद्र मोदी सरकार की दस साल की उपलब्धियों की व्यवस्थित प्रस्तुति पर खर्च किया। चूंकि विकास दर संतोषजनक है, लगभग 7 प्रतिशत की विकास दर देश हासिल कर सकता है। सरकार का वित्तीय घाटा 5.9 के अनुमान से कम 5.8 रहा है और सरकार वित्त वर्ष 2025 में इसे 5.1 प्रतिशत करने के प्रति आश्वस्त है। कोई संदेह नहीं है कि यह सरकार के आत्मविश्वास से सराबोर बजट है। वित्तीय घाटे को एकदम से कम किया भी नहीं जा सकता, क्योंकि सरकार को विकास की रफ्तार बनाए रखने के साथ जनकल्याण के कार्यों-योजनाओं को भी चलाए रखना है। वाकई, देश का तेज विकास और जरूरतमंदों की मदद करना ज्यादा जरूरी है और वित्तीय घाटे की ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार के समय में उच्च शिक्षा में महिलाओं का प्रवेश बढ़ा है और 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकल आए हैं। लोगों की आय में 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। साफ तौर पर केंद्र सरकार का फोकस आर्थिक न्याय पर है, अगर इसे सुनिश्चित किया जाए, तो सामाजिक न्याय में भी सहूलियत होगी। नरेंद्र मोदी सरकार के समय में विदेशी पूंजी निवेश भी खूब आया है। करीब 596 अरब डॉलर का विदेशी पूंजी निवेश 2014 से 2023 के बीच आया है। हालांकि, यह अच्छी बात है कि सरकार को एहसास है, विदेशी पूंजी निवेश का पूरा लाभ देश को नहीं हुआ है, इसलिए सरकार एफडीआई की नई परिभाषा गढ़ रही है। फॉरेन डायरेक्ट इंवेस्टमेंट को अगर फर्स्ट डेवलप इंडिया की ओर मोड़ दिया जाए, तो कमाल हो सकता है।

## आसानी से मिले इंसाफ

सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को यह कहना मायने रखता है कि ईज ऑफ जस्टिस हर भारतीय नागरिक का अधिकार है। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों को न्याय सहज सुलभ महसूस हो। वह आसानी से मिले। केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट दोनों की ही तरफ से हाल के दिनों में ऐसे कई कदम उठाए गए हैं, जो इस लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में मददगार हो सकते हैं। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने भी जिक्र किया औपनिवेशिक दौर के पुराने पड़ चुके कानूनों की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लाना बड़ा कदम है। हालांकि ये कानून अभी लागू नहीं हुए हैं और इनसे जुड़े कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत भी महसूस की जा रही है, लेकिन फिर भी इस कदम की अहमियत को कम करके नहीं आंका जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की अगुआई में पिछले कुछ समय से न्यायपालिका में डिजिटाइजेशन पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में ईकोर्ट्स मिशन के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिल गई है, जिसमें कोर्ट के रिकॉर्ड्स के डिजिटाइजेशन समेत कई और क्षेत्रों में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने का इरादा है। इन कदमों की अहमियत को स्वीकार करते हुए भी यह कहना जरूरी है कि ईज ऑफ जस्टिस से जुड़े कुछ अन्य बेहद अहम पहलू हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ा मसला है अदालतों में लंबित पड़े मुकदमों का। 2023 में पेंडिंग केसों की संख्या 5 करोड़ को पार कर गई। इनमें 1,69,000 मुकदमे ऐसे हैं, जो 30 साल से भी ज्यादा समय से हाईकोर्टों और जिला कोर्टों में लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों के खाली पद भरने का काम हुआ है, लेकिन हाईकोर्टों में अभी भी काफी पद खाली पड़े हैं। डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक (1 जनवरी 2024 को) देश के सभी 25 हाईकोर्टों में जजों के कुल 1,114 पद मंजूर हैं, लेकिन इन कोर्टों की मौजूदा वर्किंग स्ट्रेंग्थ 784 है। यानी हाईकोर्टों में जजों के 330 पद खाली हैं। ऐसे में जजों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बीच खींचतान की खबरें खास तौर पर परेशान करती हैं। कलीजियम सिस्टम की कमियों पर काफी बात हो चुकी है, इसमें भी दो राय नहीं कि जितनी जल्दी हो सके जजों की नियुक्ति की बेहतर व्यवस्था लाई जानी चाहिए, लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक सभी पक्षों का यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि मौजूदा व्यवस्था के सुचारू संचालन में कोई अतिरिक्त अड़चन न डाली जाए।

# दशकों बाद देश के बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

1962 की जंग को हुए तो अब छह दशकों का लंबा वक्त हो गया है। उसके बाद चीन ने हमारी सीमाओं के अतिक्रमण करने की जब-जब कोशिश की तो उसे कसकर मार पड़ी। बुद्ध, महावीर और गांधी का भारत अपने पड़ोसियों से सौहार्द पूर्वक संबंध रखना जरूर चाहता है। वह अपने पड़ोसियों की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी करता है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने किसी देश में जाकर कभी भी हमला नहीं किया है। पर भारत भी अब किसी की धौंस में आने वाला नहीं है। इस बीच, रक्षा क्षेत्र को लेकर सबसे अच्छी बात यह हो रही है कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्म निर्भर बनने का संकल्प ले चुका है। नरेन्द्र मोदी के केन्द्र सरकार पर 2014 में सत्तासीन होने के बाद सरकार की कोशिश रही है कि हम अपनी रक्षा जरूरतों का उत्पादन खुद करें। भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्ट-अप सहित भारतीय उद्योग द्वारा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है।

भारत ने एक बार फिर शत्रुओं को साफ संकेत और सख्त संदेश दिया है कि वह अपनी सरहदों की निगहबानी करने में कभी भी पीछे नहीं रहेगा। भारत अपने रक्षा क्षेत्र को निरंतर मजबूत करता रहेगा। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव से पहले गुरुवार को मोदी सरकार के अंतरिम बजट को देश के सामने रखा। उन्होंने बजट प्रस्तावों में रक्षा क्षेत्र के लिए पिछले वित्त साल की तुलना में 11.1 फीसद अधिक धन की व्यवस्था की। यह राशि देश के जीडीपी के कुल 3.4 फीसद होगी। यह एक स्पष्ट और सख्त संदेश है कि चीन और पाकिस्तान जैसे दो घोषित शत्रुओं के साथ भारत कभी भी अपनी सीमाओं की रखवाली करने में कमजोर रहने वाला नहीं है। यह दोनों दी देश घनघोर रूप से धूर्त हैं। इनसे भारत कई बार जंग भी कर चुका है। अगर एक 1962 की जंग को छोड़ दिया जाए तो भारत ने हरेक बार इन्हें करारा जवाब भी दिया है। 1962 की जंग को हुए तो अब छह दशकों का लंबा वक्त हो गया है। उसके बाद चीन ने हमारी सीमाओं के अतिक्रमण करने की जब-जब कोशिश की तो उसे कसकर मार पड़ी। बुद्ध, महावीर और गांधी का भारत अपने पड़ोसियों से सौहार्द पूर्वक संबंध रखना जरूर चाहता है। वह अपने पड़ोसियों की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी करता है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने किसी देश में जाकर कभी भी हमला नहीं किया है। पर भारत भी अब किसी की धौंस में आने वाला नहीं है। इस बीच, रक्षा क्षेत्र को लेकर सबसे अच्छी बात यह हो रही है कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्म निर्भर बनने का संकल्प ले चुका है। नरेन्द्र मोदी के केन्द्र सरकार पर 2014 में सत्तासीन होने के बाद सरकार की कोशिश रही है कि हम अपनी रक्षा जरूरतों का उत्पादन खुद करें। भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्ट-अप सहित भारतीय उद्योग द्वारा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। एक सुखद बात यह भी है कि टाटा, लार्सन एंड टुब्रो, महिन्द्रा और जिंदल जैसे मशहूर उद्योग समूह रक्षा उत्पादन में निवेश कर रहे हैं। टाटा समूह रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयार कर चुका है। टाटा मोटर्स, टाटा पावर और टाटा एडवांस्ड मैटीरियल्स रक्षा उत्पादन के काम में खासतौर पर बहुत एक्टिव हैं। भारत के सालाना लगभग दो लाख करोड़ के रक्षा बाजार में कब्जा करने में टाटा समूह एक बड़े प्लेयर के रूप में उभर रहा है। भारत को दुश्मनों से पूरी तरह से सुरक्षित रखने के लिए रक्षा क्षेत्र में हर हालत में एक स्तर तक तो आत्मनिर्भर होना ही होगा। इस लिहाज से देश के निजी के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है। दरअसल स्टॉकहोम इंटरनेशनल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में बताया है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2013-17 और 2018-22 के बीच भारत की हथियार खरीद में 11 प्रतिशत की कमी आई है, इसके बावजूद भारत हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश बना हुआ है। बीते पांच सालों में दुनिया में जितने हथियार खरीदे गए, उनमें से 11 प्रतिशत अकेले भारत ने खरीदे। सऊदी अरब (9.6 फीसदी) खरीद के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं इनके बाद कतर (6.4%), ऑस्ट्रेलिया (4.7%) और चीन (4.7%) का नंबर आता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियारों का निर्यातक इसलिए बना क्योंकि वह चीन और पाकिस्तान जैसे देशों का पड़ोसी है। चीन और पाकिस्तान को भारत का विकास कभी भी रास नहीं आता। यह दोनों मुल्क भारत को किसी न किसी तरह से क्षति पहुंचाने की फिराक में रहते हैं। इसलिए भारत के पास अपने रक्षा बजट को लगातार बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस सोच के चलते ही अपने अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र को दिल खोलकर धन दिया।कमजोर को तो दुनिया जीने का भी अधिकार देने के लिए राजी नहीं है। कहा गया है कि "क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो । उसको क्या जो दंतहीन, विषहीन, विनीत, सरल हो।" भारत की तरफ से पूरे विश्व को यह संदेश जाते रहना चाहिए कि हम रक्षा क्षेत्र को मजबूत करते हुए अपने अन्य क्षेत्रों की भी अनदेखी नहीं करेंगे। यह भी गौरतलब है कि भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बनने जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले नौ साल में देश में रक्षा निर्यात में 23 गुणा की बढ़ोतरी हुई है। फिलहाल 100 से अधिक कंपनियों के जरिए देश में रक्षा क्षेत्र से जुड़ा सामान का उत्पादन हो रहा है। इन्हें 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत बनाया जा रहा है। देश रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, बल्कि दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहा है। विगत वित्त साल भारत ने 16 हजार करोड़ रुपये का निर्यात किया है, जिसमें सैन्य हार्डवेयर यानी गोला-बारूद और हथियार शामिल हैं। यह पिछले साल से करीबन तीन हजार करोड़ रुपये अधिक है और पिछले नौ वर्षों में सबसे अधिक और 2014 से 23 गुणा है। अब जानेंगे कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 क्यों पेश किया? इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वर्ष 2019 में अंतरिम बजट पेश किया था। तो,अंतरिम बजट क्या है और इसे 2024 में पूर्ण बजट के बजाय क्यों पेश किया जा रहा है। क्या होता अंतरिम बजट है? दरअसल जिस साल देश में लोकसभा चुनाव होने होते हैं, उस वर्ष के दौरान मौजूदा सरकार पूर्ण बजट पेश नहीं कर सकती है। इसी वजह से वित्तमंत्री अंतरिम बजट पेश करते हैं जो अल्पकाल के लिए सरकार के खर्चों और राजस्व की रूपरेखा तय करते हैं। अंतरिम बजट तब तक के लिए होता है जब तक देश में नई सरकार चुनी नहीं जाती। यह तो मानकर चलिए जब देश का पूर्ण बजट पेश होगा तब भी रक्षा क्षेत्र के साथ न्याय ही होगा।




**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## मोदी की गारंटी वाला बजट

केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थव्यवस्था के मामले में नए कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है। जिसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं। कोरोनाकाल में जहां एक ओर विश्व के अनेक बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था धराशायी हो गई थी, वहीं भारत ने सीना चौड़ा करके एक ऐसी राह का निर्धारण किया, जो भारत को विकसित बनाने में समर्थ है। इस बार का बजट भी निश्चित ही भारत को गरीबी से उबारने का सामर्थ्य पैदा करने वाला ही कहा जाएगा, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुनः फोकस किया जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती हैं। केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं। जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं। यह किसी भी जाति का क्यों न होह्न इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाएं तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगाई है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है। जिसमें कई आवास नेताओं के परिजनों को ही मिल जाते थे, जो एक बड़े घोटाले का रूप ले चुका था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराए, फिर चाहे वह हिन्दू हो अथवा मुसलमान। सरकार भारत की समस्त जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रही है। उसका नारा भी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही है। इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किए जाएंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराये के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा। मोदी सरकार का यह कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला ही कहा जाएगा। इसलिए इस बजट को मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला भी कहा जा रहा है। कुल मिलाकर इस बजट को गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। विकास की आधारशिला का मुख्य सूत्र माने जाने वाले अधोसंरचना पर भी मोदी सरकार ने प्रमुखता से ध्यान दिया है। इसके विकास के लिए बजट में बढ़ोतरी की है। कहा जाता है जिस देश की अधोसंरचना मजबूत होती है, वह देश विकास की राह पर तेज गति से भागता है। क्योंकि इससे समय की बचत होती है और काम भी आसान हो जाता है। यातायात को सुगम बनाने की दिशा में यह बजट बहुत ही प्रभावी माना जा रहा है। हालांकि जब से मोदी सरकार आई है, तब से अधोसंरचना को विकसित करने के तीव्र गति से कार्य किए जा रहे हैं। जो काम वर्षों में होता था, वह काम इस सरकार के कार्यकाल में महीनों में उच्च गुणवत्ता के हो रहे हैं। इन कामों में पारदर्शिता लाई गई है। इसी प्रकार रेलयात्रियों की सुविधा के लिए भी व्यापक रूपरेखा भी इस बजट में दिखाई देती है। 40 हजार सामान्य श्रेणी के कोचों को वंदे भारत की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। जिससे भारत की गरीब जनता की रेल यात्रा आरामदायक हो सके। इसी प्रकार अधूरे पड़ी रेल परियोजना को भी बहुत जल्द पूरा करने का भी प्रावधान इस बजट में किया गया है। साथ ही तीन नई परियोजना को भी प्रस्तावित किया गया है। इससे यह बजट बहुत ही संतुलित बजट माना जा रहा है। मोदी सरकार का यह बजट आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम माना जा रहा है, जो भारत की मजबूती के लिए नई तस्वीर निर्मित करेगा। आज भारत की जो मजबूत छवि विश्व के देशों में दिखाई दे रही है, वह वर्तमान केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण ही संभव हो सका है। भारत फिर से उसी राह पर उसी राह पर मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहा है, जो विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए कहा सकता है। यही कदम भारत को विश्व गुरु के सिंहासन पर आसीन करने वाला होगा।

## Social Media Corner

सच के हक में...



देश के हमारे गरीब से गरीब भाई-बहनों के पोषण और स्वास्थ्य में कोई कमी ना रहे, इसके लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में एक बड़ा निर्णय लेते हुए अंत्योदय अन्न योजना से जुड़े परिवारों के लिए चीनी सब्सिडी की योजना को अगले दो वर्षों तक बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। इससे हमारे इन परिवारजनों को पीडीएस के तहत कम दरों पर चीनी की आपूर्ति जारी रहेगी।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



झारखंड के मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेने के लिए श्री चंपई सोरेन को हार्दिक बधाई। साथ ही मंत्री पद की शपथ लेने के लिए श्री आलमगीर आलम और श्री सत्यानंद भोक्ता को मेरी शुभकामनाएं।

**(राज्यपाल रघुबर दास का 'एक्स' पर पोस्ट)**



छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मुठभेड़ के दौरान तीन जवानों के शहीद होने की दु:खद खबर मिली। परमात्मा वीर शहीदों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। मुठभेड़ में घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

**(पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

## आत्मविश्वास भरा बजट

लोकसभा चुनाव करीब हैं। इसलिए माना जा रहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में लोकलुभावन घोषणाएं होंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे संकेत मिलता है कि इखढ को 2024 लोकसभा चुनाव जीतने का भरोसा है। इसके साथ अंतरिम बजट में कई ऐसे एलान हुए, जिनसे भारत की ग्रोथ स्टोरी के जारी रहने का संकेत मिलता है। सरकार को वित्त वर्ष 2024 में ग्रोथ 7.3 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 7 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2024 की ग्रोथ में सरकारी खर्च की बड़ी भूमिका रही है। यह सिलसिला अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहे, इसलिए कैपिटल एक्सपेंडिचर को 11 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ सरकार ने उधारी घटाने का भी एलान किया। इससे सरकारी बॉन्ड यील्ड में कमी आएगी, जिससे प्राइवेट सेक्टर को कम दरों पर जरूरत के मुताबिक कर्ज मिल सकेगा। बजट भाषण के खत्म होने के बाद यील्ड में आई कमी से इसके संकेत भी मिले। इससे प्राइवेट सेक्टर की ओर से निवेश बढ़ेगा, जिससे खपत में इजाफा होगा और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने एक बड़ा सरप्राइज राजकोषीय घाटे को लेकर दिया। उन्होंने दावा किया कि वित्त वर्ष 2025 में यह घाटा ॠऊढ का 5.1 प्रतिशत रहेगा, जिसके वित्त वर्ष 2024 में 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह तो कहा जा रहा था कि इसमें सरकार कमी करेगी, लेकिन कमी इस हद तक होगी, इसकी उम्मीद नहीं थी। इससे विदेशी निवेशक और शेयर बाजार दोनों ही खुश हैं। डायरेक्ट, इनडायरेक्ट और इंपोर्ट ड्यूटी मंक कोई बदलाव नहीं किया गया। पिछले 10 वर्षों में डायरेक्ट टैक्स तीन गुना बढ़ा है। ॠरळ कलेक्शन भी अच्छा रहा है। लिहाजा टैक्स-ॠऊढ रेश्यो बेहतर हुआ है। वित्त वर्ष 2025 में केंद्र ने 30 लाख करोड़ की आमदनी का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2024 से 11.9 प्रतिशत अधिक है। यह कंजरवेटिव अनुमान है। आर्थिक जानकारों का कहना है कि सरकार की आमदनी इससे कहीं ज्यादा रह सकती है। इससे सरकारी खजाने की हालत बेहतर होगी। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट भाषण में टैक्स के मद में अच्छी बढ़ोतरी के लिए टैक्सपेयर्स को शुक्रिया भी कहा, जिससे यह आस लगाई जा रही है कि जुलाई के पूर्ण बजट में पर्सनल इनकम टैक्स में कुछ राहत मिल सकती है। 25,000 रुपये तक की टैक्स डिमांड को लेकर टैक्सपेयर्स और सरकार के बीच जो मुकदमे चल रहे हैं, उन्हें भी वापस लेने की घोषणा हुई, जो अच्छी खबर है। मध्यवर्ग को टैक्स के मद में भले ही राहत नहीं मिली, लेकिन सरकार ने उसके लिए एक नई हाउसिंग स्कीम शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, पीएम आवास योजना के तहत 2 करोड़ घर बनाए जाएंगे। इनसे सीमेंट, स्टील, पेंट, टाइल्स-सेरेमिक इंडस्ट्री की ग्रोथ बढ़ेगी और ग्रामीण इलाकों में रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। 1 करोड़ घरों को रूफटॉप सोलर प्रोग्राम के जरिये मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव भी सराहनीय है। रेलवे के क्षेत्र में नए प्रस्ताव किए गए हैं और रक्षा क्षेत्र के लिए एलोकेशन में वाजिब बढ़ोतरी हुई है। वहीं, ढछक स्कीम के एलोकेशन में 33.5 प्रतिशत बढ़ोतरी के प्रस्ताव के साथ कई क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता घटाने की पहल भी जारी रखी गई है। साथ ही, सरकार ने आयुष्मान भारत का दायरा बढ़ाया है, जिससे कम आय वर्ग को फायदा होगा। 9-14 साल की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगाई जाएगी, जो हेल्थकेयर के क्षेत्र में बेहतर पहल है।

## एक और लंबी छलांग

इलेक्ट्रिक वीइकल, स्पेस ट्रैवेल से लेकर मंगल पर इंसानी बस्ती बसाने जैसे अनोखे आइडिया लाने और उन पर अमल के प्रयास शुरू कर देने के लिए मशहूर इलॉन मस्क ने एक बार फिर सबको चौंकाया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर यह जानकारी दी कि उनकी कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान के दिमाग में चिप लगाई और शुरूआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। यह कदम मानव जीवन में साइंस और टेक्नॉलजी की भूमिका के नए दौर की शुरूआत साबित हो सकता है। वैसे, यह काम न्यूरालिंक से पहले दूसरी कंपनियां कर चुकी हैं। ब्लैकरॉक न्यूरोटेक नाम की कंपनी जो इस क्षेत्र में न्यूरालिंक की प्रतिद्वंद्वी है, वह पहले ही कई इंसानों के दिमाग में ऐसी चिप लगा चुकी है। खैर, न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है, लेकिन शुरू में इसका फायदा उन्हीं लोगों को मिलेगा, जो किसी वजह से अपने अंग गंवा चुके हैं या उनके अंग बेकार हो चुके हैं। ऐसे मरीजों के लिए सिर्फ सोचकर फोन, कंप्यूटर या ऐसे अन्य उपकरणों का इस्तेमाल करने की क्षमता वरदान साबित हो सकती है। थोड़ा आगे की बात करें तो इससे उन लोगों को भी फायदा हो सकता है, जिनके शारीरिक अंग तो दुरुस्त हैं, लेकिन दिमागी बीमारियों की वजह से वे उन्हें ठीक से काम में नहीं ला पाते। उदाहरण के लिए अलजाइमर, पार्किंसन ही नहीं, डिप्रेशन और यहां तक कि अडिक्शन के मामलों में भी यह चिप उपयोगी साबित हो सकती है। यह ध्यान में रखना जरूरी है कि बीमारियों का इलाज इस प्रयोग का सिर्फ एक पहलू है। मस्क ही नहीं, इस प्रयोग पर काम कर रहे अन्य लोगों का भी ध्यान वास्तव में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के जरिए इंसानी दिमाग की क्षमता बढ़ाने पर रहा है। तो आज नहीं तो कल बात उस तरफ जाएगी। यह विचार काफी लुभावना है कि दिमाग में एक चिप के जरिए दुनिया भर की जानकारी डाउनलोड कर इंसान बेतहाशा सूचनाओं को स्टोर करने की क्षमता बढ़ा ले। लेकिन इसमें खतरे भी कम नहीं। बुनियादी बात यह है कि ऐसा कोई चिप छह महीने या साल भर के लिए नहीं बल्कि लंबे समय (10-20 साल या इससे भी ज्यादा) के लिए लगेगा।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# पूर्वोत्तर में रेलवे बुनियादी ढांचा विकास के लिए 10,369 करोड़ आवंटित

**नई दिल्ली ।**

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वित्तवर्ष 2024-25 के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए सकल बजटीय आवंटन 10,369 करोड़ रुपये है। दिल्ली से वर्चुअल तौर पर पूर्वोत्तर के मीडिया से बातचीत करते हुए वैष्णव ने कहा कि 2009-14 के दौरान 2,122 करोड़ रुपये के औसत बजट आवंटन की तुलना में 10,369 करोड़ रुपये 388 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के 60 स्टेशनों को विशे वस्तरीय सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है। पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्यरत एक स्टेशन, एक उत्पाद स्टॉल स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं के लिए प्रत्यक्ष बिक्री बाजार प्रदान कर रहे हैं, जिन्हें यात्रियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने कहा कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 81,941 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। पूर्वोत्तर में चल रही सभी परियोजनाओं की भौतिक प्रगति अच्छी गति से आगे बढ़ रही है। हिमालयी क्षेत्र में होने और कठिन इलाकों से गुजरने के बावजूद परियोजना कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए काम किया जा रहा है। वैष्णव ने कहा कि बजट में देशभर में भारतीय रेलवे के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत परिव्यय प्रदान किया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अपने बजट भाषण में की गई घोषणा के अनुसार तीन



प्रमुख रेलवे कॉरिडोर कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। ये हैं ऊर्जा, खनिज और सीमेंट गलियारा; पोर्ट-कनेक्टिविटी कॉरिडोर; और उच्च यातायात घनत्व गलियारा। वे रसद दक्षता में सुधार करेंगे और परिवहन लागत को कम करेंगे, जिससे यात्री ट्रेनों की सुरक्षा में भी सुधार होगा।

# सरकार मध्यम आय वर्ग की मदद करने योजना शुरू करेगी

**नई दिल्ली ।**

वित्त मंत्री ने कहा कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लागू किए जाने से तीन करोड़ मकानों के करीब का लक्ष्य हासिल हो गया है। अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अन्य मकानों का लक्ष्य है। सरकार मध्यम आय के लोगों की मदद करने के लिए योजना शुरू करेगी। यह योजना किराए के घरों या झुग्गी-बस्ती या चालों या अवैध कालोनी के लोगों के लिए शुरू की गई है ताकि वे अपना मकान बना सकें या खरीद सकें। इससे अवैध कब्जे वाला क्षेत्र मुक्त होगा और ऐसे क्षेत्रों का पुनर्विकास करना आसान होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि मेट्रो रेल और नमो भारत से परिवहन विशेष तौर पर सार्वजनिक परिवहन उन्मुख विकास को बढ़ावा मिलेगा और इससे शहरों में परिवर्तन तेजी से होगा। 2024-25 के अंतरिम बजट में आवासीय सुविधा के साथ महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया गया। इसके तहत पीएम आवास योजना के जरिये महिलाओं का सशक्तीकरण होगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 70 से अधिक मकान महिलों को एकल या संयुक्त स्वामित्व के तहत



दिए गए गए हैं। इससे उनका स्वाभिमान बढ़ा है।

# यूपी में महंगा हुआ पेट्रोल, बिहार में गिर गए दाम

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 78.70 डॉलर प्रति बैरल



**नई दिल्ली ।**

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड एक बार फिर 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया है। इस बीच शुक्रवार को सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें जारी की, जिसमें यूपी के शहरों में बड़ा उछाल दिख रहा है। बिहार में भी तेल के दाम गिरे हैं, जबकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के नोएडा में पेट्रोल 8 पैसे चढ़कर 97.00 रुपये लीटर बिक रहा है। यहां डीजल भी 6 पैसे महंगा होकर 90.14 रुपये लीटर हो गया है। गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 32 पैसे महंगा हुआ और 96.58 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 30 पैसे चढ़कर 89.75 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 35 पैसे गिरकर 107.24 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 32 पैसे सस्ता होकर 94.04 रुपये के भाव बिक रहा है। कच्चे तेल में नरमी दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 78.70 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। डब्ल्यूटीआई भी टूटकर 74.20 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97.00 रुपये और डीजल 90.14 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# अंतरिम बजट के बाद सोने और चांदी में गिरावट

### सोना 62,900 और चांदी लगभग 72,150 रुपए



**नई दिल्ली ।**

अंतरिम बजट के दूसरे दिन शुक्रवार को सोने और चांदी के वायदा भाव में सुस्ती देखी जा रही है। शुक्रवार को चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले, सोने के वायदा भाव पिछले बंद भाव पर ही खुले। गुरुवार को दोनों के भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ थी। लेकिन कारोबार के अंत में दोनों के भाव तेजी के साथ बंद हुए। इस समय सोने के वायदा भाव 62,900 रुपये और चांदी के 72,150 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। वै श्विक बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 62,965 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह 75 रुपये की गिरावट के साथ 62,890 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्ती के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 60 रुपये की गिरावट के साथ 72,158 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह 66 रुपये की गिरावट के साथ 72,158 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में कॉमेक्स पर सोना 2,072 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,071.10 डॉलर था। फिलहाल यह 0.60 डॉलर की तेजी के साथ 2,071.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.28 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 23.23 डॉलर था। फिलहाल यह मामूली तेजी के साथ 23.24 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# सरकारों को रोजगार पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत, मुफ्तखोरी पर नहीं: रघुराम राजन

**जयपुर ।**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने कहा` कि सरकारों को युवाओं के लिए अधिक नौकरियों के अवसर कैसे ` मिलें इस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, न कि केवल अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए मुफ्त सुविधाओं पर। उ‍न्होंने कहा कि सुचारू विकास पथ सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पर जोर देना सर्वोपरि है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में राजन ने कहा कि सरकार को विकेंद्रीकरण के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि इसका लाभ दिल्ली, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा हाल के मामले अलोकतांत्रिक हैं, क्योंकि` विपक्ष से नेताओं को चुनते समय नागरिकों के पास बहुत कम विकल्प बचे हैं। अर्थशास्त्री रोहित लांबा के साथ ब्रेकिंग द मोल्ड~ रीइमेजिनिंग इंडियाज इकोनॉमिक फ्यूचर लिखने वाले राजन ने कहा ` कि लोकतंत्र और मुक्त भाषण उन क्षेत्रों के विकास के लिए सर्वोपरि हैं जिन्हें अनुसंधान रचनात्मकता और नए विचारों की आवश्यकता है। इस बात पर जोर देते हुए कि पुस्तक को हर कोई आसानी से समझ सकता है, अर्थशास्त्री ने कहो ` कि हमें चीन की तरह अन्य देशों की विकास कहानी का अनुसरण नहीं करना है, बल्कि अपना रास्ता बनाना है, अपनी ताकत को पहचानना और उन पर निर्माण करना महत्वपूर्ण है। क्रिप्टोकरेंसी के बारे में राजन ने कहा कि यह एक तकनीक है, हालांकि कुछ पैसा लगाना ठीक हो सकता है, जिससे अगर नुकसान हो, तो सहा जा सके, लेकिन अपनी जीवन भर की बचत को दांव पर लगाना एक बुरा विचार है। यह समझने की ज़रूरत है कि क्रिप्टो को विनियमित नहीं किया जा रहा है, और कई ऑपरेटरों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

## टीवीएस वाहन की बिक्री जनवरी में 23 प्रतिशत बढ़ी



**मुंबई ।** टीवीएस मोटर की वाहन बिक्री जनवरी में 23 प्रतिशत बढ़कर 339,513 इकाई रही है। कंपनी की वाहन बिक्री पिछले साल जनवरी में कुल 2,75,115 इकाई रही थी। कंपनी ने बयान में कहा कि दोपहिया वाहनों की बिक्री में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जनवरी, 2023 में बिक्री 2,64,710 इकाइयों से बढ़कर जनवरी, 2024 में 329,937 इकाई हो गई। इनमें से पिछले महीने घरेलू बिक्री 24 प्रतिशत उछाल के साथ 2,68,233 इकाई रही है। दोपहिया खंड में मोटरसाइकिल की बिक्री 29 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 1,55,611 इकाई रही, जो जनवरी, 2023 में 1,21,042 इकाई थी। स्कूटर खंड में बिक्री जनवरी में 24 प्रतिशत बढ़कर 1,32,290 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,06,537 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि जनवरी में उसके इलेक्ट्रिक वाहन की बिक्री साल-दर-साल 34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 16,276 इकाई रही है।



## पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

**नई दिल्ली ।** पड़ोसी देश पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट के बीच, ऋण पुनर्भुगतान के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट जारी है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का सिलसिला जारी है और 26 जनवरी को यह 8.21 अरब डॉलर दर्ज किया गया, जो पिछले सप्ताह की 8.27 अरब डॉलर की तुलना में 5.4 करोड़ डॉलर कम है। पाकिस्तान के वाणिज्यिक बैंकों के भंडार के साथ देश का कुल तरल विदेशी मुद्रा भंडार 13.26 बिलियन अमरीकी डॉलर है, देश के वाणिज्यिक बैंकों के पास 5.04 बिलियन अमरीकी डॉलर का भंडार है। हालांकि, पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने अपने तीन अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 70.56 करोड़ डॉलर की हालिया किश्त के सकारात्मक प्रभाव पड़ने की बात कही है। आरिफ हबीब लिमिटेड के सीईओ शाहिद अली हबीब ने सोशल मीडिया पर बताया कि उच्च आरक्षित स्तर ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पाकिस्तान के रुपये को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जून 2024 तक पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए आईएमएफ का 9.1 बिलियन अमरीकी डॉलर का संशोधन निरंतर क्रमिक विकास के संकेत देता है। एक समाचार पत्र की खबर के मुताबिक पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 8.27 अरब डॉलर रह गया था। मुद्रा भंडार कम रहने और मौजूदा राजनीतिक उथल-पुथल के कारण आईएमएफ सौदे में और देरी की आशंका के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 276 पाकिस्तानी रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है।

## हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री बढ़कर 4,33,598 इकाई पहुंची

**मुंबई ।** दोपहिया वाहन निर्माता हीरो मोटोकॉर्प की वाहन बिक्री जनवरी में 22 प्रतिशत बढ़कर 4,33,598 इकाई हो गई। पिछले साल जनवरी में कंपनी की वाहन बिक्री 3,56,690 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि घरेलू बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर जनवरी में 4,20,934 इकाई रही, जो पिछले साल समान महीने में 3,49,437 इकाई थी। हीरो मोटोकॉर्प दुनिया की सबसे बड़ी टू-व्हीलर कंपनी है। यह कई वैश्विक बाजार में अपने वाहनों का निर्यात करती है। अगर सिर्फ घरेलू बाजार में बिक्री की बात करें तो हीरो मोटोकॉर्प ने बताया कि उसकी घरेलू बिक्री 20 फीसदी बढ़ी है।

## पेटीएम ऐप 29 फरवरी के बाद भी काम करता रहेगा: सीईओ



**नई दिल्ली ।** वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने कहा डिजिटल भुगतान एवं सेवा ऐप पेटीएम काम कर रहा है और 29 फरवरी के बाद भी यह पहले की तरह ही काम करता रहेगा। ओसीएल के संस्थापक एवं सीईओ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कंपनी पूर्ण अनुपालन के साथ देश की सेवा करने को प्रतिबद्ध है। शर्मा ने कहा कि पेटीएम उपयोग करने वाले सभी लोगों के लिए आपका पसंदीदा ऐप काम कर रहा है और 29 फरवरी के बाद भी इसी तरह काम करता रहेगा। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है, अनुषंगी कंपनी के रूप में नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। इसके बाद से कंपनी के शेयर में लगातार गिरावट आ रही है। शर्मा ने कहा कि मैं पेटीएम दल के प्रत्येक सदस्य के साथ आपके निरंतर समर्थन के लिए आपको सलाम करता हूं। हर चुनौती का समाधान होता है और हम पूर्ण अनुपालन के साथ ईमानदारी से देश की सेवा करने को प्रतिबद्ध हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद , सेंसेक्स 440 अंक, निफ्टी 156 अंक बढ़ा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछला दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आयी है। वहीं गत दिवस अंतरिम बजट के बाद बाजार गिरा था जबकि आज इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों में तेजी देखी गई। आज के कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय 1,400 अंक से अधिक ऊपर आ गया था पर अंत में सेंसेक्स ने तकरीबन आधी बढ़त गंवा दी। दी। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 440.33 अंक करीब 0.61 फीसदी की बढ़त के साथ 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 71,948.77 और 73,089.40 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 156.35 अंक 0.72 फीसदी की बढ़त लेकर अंत में 21,853.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 21,805.55 और 22,126.80 के बीच कारोबार हुआ। इस दौरान 21,854 अंक पर बंद होने से पहले यह 22,127 अंक की नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था। वहीं व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.8 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी रही। इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार में रौनक आई। आईटी, वित्तीय और रिलायंस इंडस्ट्रीज में मजबूत बढ़त देखी गई। बाजार के प्रमुख इंडेक्स भी लाभ पर कारोबार करते नजर आये।



एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 332 अंक ऊपर खुला और जल्द ही 72,000 अंक को पार कर 800 अंक ऊपर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 50 को 21,900 के स्तर से ऊपर कारोबार करता देखा गया। रिलायंस, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और पावर ग्रिड 2 फीसदी की बढ़त के साथ ऊपर आया। टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और जेएसडब्ल्यू स्टील को भी काफी लाभ हुआ। व्यापक बाजार में, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.6 फीसदी ऊपर था, जबकि स्मॉलकैप में 0.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इससे पहले गत दिवस अमेरिकी बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए। डाउ जोंस में 1 फीसदी की तेजी आई। एसएंडपी 500 और नैस्डैक 1.3 फीसदी तक चढ़े।

## देश 2027 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा: आईएमएफ प्रमुख

**वाशिंगटन ।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि भारत की आर्थिक सफलता पिछले वर्षों में किए गए सुधारों पर आधारित है और विश्वास जताया कि देश 2027 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा। जॉर्जीवा ने मी डिया से कहा कि भारत का विश्व अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान रहा है और यह अब भी जारी है। हम 2024 में भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर रहे हैं। 2023 में मजबूत प्रदर्शन के कारण ऐसा किया जा रहा है। भारत की सफलता पिछले वर्षों में किए सुधारों पर आधारित है। जॉर्जीवा ने कहा कि भारत को डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, डिजिटल आईडी और डिजिटल को देश की एक मजबूत ताकत बनाने से सबसे अधिक फायदा मिला है। इससे छोटे उद्यमी बाजारों में प्रवेश कर पाते हैं जैसा कि वे पहले नहीं कर पाते थे। आईएमएफ प्रमुख ने कहा कि अंतिम लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत मानता है कि नवाचार ही भविष्य में प्रतिस्पर्धात्मकता को आगे बढ़ाएगा, अनुसंधान एवं विकास में बहुत प्रभावी तथा कुशल निवेश जैसा कि हमने चंद्रमा पर उतरना, यह भविष्य के विकास के लिए एक मजबूत नींव रखता है। भारत को उसकी आजादी के 100 साल पूरे होने यानी 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर किए सवाल पर उन्होंने कहा कि इसे काफी हद तक हासिल किया जा सकता है।

# बजट आर्थिक विकास को दिशा देगा, इसका सभी क्षेत्रों पर असर होगा: इस्पात कंपनियां

**नई दिल्ली ।**

इस्पात जगत से जुड़ी कंपनियों को अंतरिम बजट से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने और इस्पात, बुनियादी ढांचे, रेलवे तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अपना छठा बजट पेश किया जिसमें उन्होंने सौर और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों के लिए अन्य प्रस्तावों के अलावा बुनियादी ढांचे पर 11.11 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि केंद्रीय बजट ने कई दूरदर्शी पहलों का प्रस्ताव दिया है जो हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं। इनसे आर्थिक वृद्धि, लोगों के उत्थान और इस्पात, बुनियादी ढांचे, रेलवे तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों को समर्थन मिलने की संभावना है। एएमएनएस इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अंतरिम बजट राजकोषीय विवेक पर केंद्रित है और एक संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। यह इस बात का अच्छा संकेत है कि आम चुनाव के बाद जुलाई में बजट में क्या आएगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय में 11.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे कुल परिव्यय 11.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इससे घरेलू इस्पात की मांग मजबूत होगी, निजी निवेश बढ़ेगा तथा रोजगार सृजन होगा। टाटा स्टील के अधिकारी ने कहा कि अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता की परिकल्पना एक उत्साहजनक कदम है जो युवाओं की आकांक्षाओं को बढ़ावा देगा। बजट में



अनुसंधान और विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये के कोष का भी प्रावधान` किया गया है। विशाखापत्तम स्थित आरआईएनएल के एक अधिकारी ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान देने से वास्तव में भारतीय इस्पात क्षेत्र को बहुत जरूरी प्रोत्साहन मिलेगा।

## मारुति सुजुकी ने जनवरी में बेचे दो लाख वाहन

**मुंबई ।** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की जनवरी में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर 15.54 प्रतिशत बढ़कर 1,99,364 इकाई हो गई। यह मारुति का सर्वाधिक मासिक बिक्री का नया रिकॉर्ड है। कंपनी ने जनवरी, 2023 में 1,72,535 वाहनों की बिक्री की थी। एमएसआई लिमिटेड ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में कंपनी के वाहनों की घरेलू बिक्री 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,70,214 इकाई रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 1,51,367 इकाई थी। एमएसआई ने पिछले महीने 23,921 वाहनों का निर्यात भी किया कंपनी ने कहा कि जनवरी में यात्री वाहन खंड में घरेलू बाजार में उसने 1,66,802 वाहनों की बिक्री की। यह जनवरी, 2023 के 1,47,348 वाहनों की तुलना में 13.20 प्रतिशत अधिक है।



# सरसों-राई

# भरपूर मुनाफे की फसल

**शीत ऋतु की तिलहनी फसलों में राई-सरसों का एक प्रमुख स्थान है। सरसों के हरे पौधे से लेकर सूखे तने, शाखायें और बीज आदि सभी भाग उपयोग में आते है। सरसों की कोमल पत्तियाँ तथा कोमल शाखायें सब्जी के रूप में (सरसों का साग) प्रयोग की जाती है। सरसों का साग और मक्के दी रोटी उत्तर भारत में चाव से खाई जाती है। सरसों राई के बीज में 37-49 प्रतिशत तेल पाया जाता है। राई-सरसों के तेल में पाये जाने वाले असंतृप्त वसा अम्ल लिनोलिक एवं लिनालेनिक अम्ल अत्यावश्यक वसा अम्ल है। राई-सरसों का तेल खाने, सब्जी पकाने, शरीर तथा सिर में लगाने के अलावा वनस्पति घी बनाने में भी लाया जाता है। अचार बनाने, सब्जियाँ बनाने व दाल में तड़का लगानें मे सरसों के तेल का प्रयोग बखूबी से किया जाता है। सरसों और तोरिया के तेल का उपयोग साबुन, रबर तथा प्लास्टिक आदि के निर्माण में किया जाता है। इस्पात उद्योग में इस्पात प्लेटों में शीघ्र शीतलन और चमड़े को मुलायम करने में भी तेल का प्रयोग किया जाता ह। सरसों की खली के लगभग 25-30 प्रतिशत प्रोटीन, 5 प्रतिशत नाईट्रोजन, 1.8-2.0 प्रतिशत फॉस्फोरस तथा 1-1.2 प्रतिशत पोटेशियम पाया जाता है। इसका प्रयोग पशुओ को खिलाने तथा खाद के रूप में किया जाता है। सरसों-राई को भूमि संरक्षक फसल के रूप में भी उगाया जाता है। सरसों के हरे पौधे, सूखी पत्तियों को जानवरो को चारे के रूप में खिलाया जाता है।**

भारत में उगाई जाने वाली तिलहनी फसलों में सरसों- राई का मूँगफली के बाद दूसरा स्थान है जो कि कुल तिलहन उत्पादन का 22.9 प्रतिशत है तथा तिलहनी फसलों के कुल क्षेत्रफल का 24.7 प्रतिशत क्षेत्रफल राई - सरसों के अन्तर्गत आता है। भारत में राई- सरसों वर्ग के अन्तर्गत तोरिया, भूरी सरसों, तारामिरा, करन राई तथा काली सरसों का उत्पादन किया जाता है परन्तु राई-सरसों वर्ग की फसलों के कुल क्षेत्रफल का 85 से 90 प्रतिशत हिस्सा भूरी सरसों (राई या लाहा) के अन्तर्गत आता है, जिसका अधिकांश क्षेत्रफल राजस्थान, उ.प्र., पंजाब, हरियाणा, म.प्र., बिहार, पं. बंगाल, गुजरात तथा असम में है। राई-सरसों के अन्तर्गत सर्वाधिक क्षेत्रफल वाले प्रथम तीन राज्यों में राजस्थान, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश जबकि उत्पादन में राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं हरियाना अग्रणीय राज्य है। इन फसलें की अउसत उपज में पहले स्थान पर हरियाना (1738 किग्रा. प्रति हैक्टर), दूसरे पर राजस्थान (1234 किग्रा.) एवं तीसरे स्थान पर गुजरात (1136 किग्रा.) कायम रहे। मध्य प्रदेश में सरसों - राई की खेती 0.71 मिलियन हेक्टेयर में की गई जिससे 074 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया गया तथा औसत उपज 1034 किग्रा. प्रति हेक्टेयर रही है। छत्तीसगढ़ में राई-सरसो की खेती 160.03 हजार हैक्टर में की गई जिससे 525 किग्रा. अउसत उपज प्राप्त हुई (वर्ष 2009-10)। प्रदेश के प्रमुख राई-सरसो उगाने वार्ल जिलो में सरगुजा, जगदलपुर, कोरिया, जशपुर, कांकेर, जांजगीर, धमतरी एवं दंतेबाड़ा जिले आते है। सरसों की खेती प्रदेश में अगेती फसल के रूप में की जाती है। आदिवासी अंचल में सरसों की फसल बाड़ी में मक्का फसल लेने के बाद की जाती है। सिंचित दशा में धान के बाद भी सरसों की फसल ली जा रही है। जाड़े की अवधि कम होने तथा सिंचाई के पर्याप्त साधन न होने के कारण प्रदेश मे सरसों की औसत उपज कम ही आती है। इन फसलों की खेती शुद्ध एवं मिश्रित फसल के रूप मे होती है।

## उपयुक्त जलवायु

राई तथा सरसों रबी मौसम की फसल है जिसे शुष्क एवं ठण्डी जलवायु तथा चटक धूप की आवश्यकता होती है। इसकी खेती 30 से 40 सेमी. वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्र में सफलतापूर्वक की जा सकती है। बीज अंकुरण बुआई के समय वातावरण का तापमान तथा फसल बढ़वार के लिए तापक्रम आदर्श माना गया है। वातावरण का तापक्रम से कम या 35-40 डि सेंटीग्रेट से अधिक होने पर फसल वृद्धि रूक जाती है। बीज में तेल की अधिकतम मात्रा के लिए 10-15 डि सेग्रे तापक्रम उपयुक्त रहता है। पौधों में फूल आने और बीज पड़ने के समय बादल और कोहरे से भरा मौसम हानिकारक होता है क्योंकि ऐसे मौसम में कीट और रोगों का प्रकोप की अधिक सम्भावना होती है। पौध वृद्धि व विकास के लिए कम से कम 10 घंटे की धूप आवश्यक है।

## भूमि का चयन एवं खेत की तैयारी

सभी प्रकार के सरसों के लिए दोमट जलोढ़ भूमि सर्वोत्तम है। वैसे तो उत्तम जल निकास एवं भू-प्रबन्ध के साथ सरसों एवं राई सभी प्रकार की जमीन में उगाई जा सकती है। परन्तु बुलई दोमट और दुमट मिट्टी अधिक उपयुक्त हैं। उदासीन से हल्की क्षारीय भूमि (पीएच मान 7-8) इन फसलों की खेती के लिए अच्छी मानी जाती है।

शुद्ध फसल के लिये प्रायः एक जुताई मिट्टी पलट हल से करनी चाहिए तथा 3-4 जुताइयाँ देशी हल या कल्टीवेटर से करनी चाहिए। पाटा चलाकर खेत की मिट्टी को महीन, भुरभुरी तथा समतल कर लेते हैं। इससे जमीन में आर्द्रता अधिक लम्बे समय तक के लिये संचित रहती है, जो कि सरसों व राई के उत्तम अंकुरण एवं पौध बढ़वार के लिये आवश्यक है। मिश्रित रूप में बोई जाने वाली सरसों के खेत की तैयारी प्रधान फसल की आवश्यकतानुसार ही की जाती है।

## उन्नत किस्में

प्रयोगों से सिद्ध हो चुका है कि अकेले उन्नत किस्मों के प्रयोग से पुरानी प्रचलित किस्मों की अपेक्षा 20-25 प्रतिशत अधिक उपज ली जा सकती है। छत्तीसगढ़ के लिए उपयुक्त उन्नत किस्मों में छत्तीसगढ़ सरसों, वरदान, रोहिनी, एनडीटी-8501, कृष्णा, जवाहर-1(जेएमडब्लूआर 93-39), माया, स्वर्ना, ज्योति, वशुंधरा, जवाहर मस्टर्ड, झुमका। भूरी सरसों में पूसा कल्यानी।

उपर्युक्त किस्मों की खेती दोनों राज्य म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ में की जा सकती है। जेएम -1, जेएम - 2 व जेटी-1 किस्में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय द्वारा विकसित की गई है।

छत्तीसगढ़ सरसों- इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय द्वारा विकसित यह किस्म 99-115 दिन में पक कर तैयार होती है। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की सिंचित व अर्द्ध सिंचित परिस्थितियों के लिए उपयुक्त किस्म है। इसके दाने कत्थई रंग व मध्यम आकर के होते हैं। उपज क्षमता औसतन 11.80 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है। इसमें सफेद किट्ट (रस्ट), चूर्णिल आसिता आल्टरनेरिया झुलसा रोग तथा एफिड कीट का प्रकोप कम होता है।

## बोआई उचित समय पर

राई-सरसों की शुद्ध फसल खरीफ में खेत पड़ती छोड़ने के बाद या खरीफ में ज्वार, बाजरा लेने के पश्चात् बोई जाती है। सरसों मुख्यतः गेहूँ, जौ, चना, मसूर व शरदकालीन गन्ना के साथ मिलाकर बोयी जाती है। आलू व सरसों की सह फसली खेती 3:1 अनुपात में की जाती है। शरदकालीन गन्ने की दो पंक्तियों के मध्य एक पंक्ति सरसो की बोई जा सकती है। गेहूँ और सरसों (9:1), चना और सरसों (3:1), तथा तोरिया और मसूर (1:1) की अन्तः फसली खेती भी लाभप्रद पाई गई है।

समय पर बुआई करना खेती में सफलता की प्रथम सीढ़ी है। सरसों की बुआई का समय मुख्यतः तापक्रम पर निर्भर करता है। बुआई के समय वातावरण का तापमान 26-30 डि.से. होना आवश्यक है। सरसों और राई की बुआई अक्टूबर के प्रथम पखवारे में करना चाहिए। अधिक तापमान होने की दशा में बुआई में देरी कर देनी चाहिए। तोरिया की बोनी सितम्बर के दूसरे पखवारे में करना चाहिए। तोरिया की बुआई देरी से करने पर फसल पर एफिड कीट का प्रकोप अधिक होता है।



## बीज की मात्रा एवं बीजोपचार

अच्छी उपज लेने के लिए यह आवश्यक है कि प्रति हेक्टेयर खेत में उचित पौध संख्या स्थापित हो। सरसों की शुद्ध फसल हेतु 5-6 किलो प्रति हेक्टेयर तथा मिश्रित फसल उगाने के लिए 1.5-2 किलो प्रति हेक्टेयर बीज की आवश्यकता पड़ती है। तोरिया की बीज दर 4 किग्रा. प्रति हे. रखना चाहिए। बोने के पूर्व सरसों के बीज को फफूंदीनाशक रसायन जैसे कार्बेन्डिजिम (वाविस्टिन) 2 ग्राम प्रति किग्रा. बीज या थीरम (2.5 ग्राम दवा प्रति किलो बीज के हिसाब से) उचारित करना चाहिए जिससे फसल को मृदा जनित रोगों से बचाया जा सके।

## बोआई की विधियाँ

सरसों फसल की बुवाई पंक्तियों में 45 सेमी. और पौधों में 15-20 सेमी. के अन्तर से करना चाहिये। तोरिया की बुआई पंक्तियों में 30 सेमी. और पौधों में 10-15 सेमी. के अन्तर पर करना उचित रहता है। बुआई के समय यह ध्यान रखना चाहिये कि बीज उर्वरक के सम्पर्क में न आये अन्यथा अंकुरण प्रभावित होगा। अतः बीज 3-4 सेमी. गहरा तथा उर्वरक को 7-8 सेमी. गहराई पर देना चाहिए। अच्छे अंकुरण एवं उचित पौध संख्या के लिए बुआई से पूर्व बीजों को पानी में भिगोकर बोया जाना चाहिए।

## खाद एवं उर्वरक की सही खुराक

सरसों भारी मात्रा में और शीघ्रता से भूमि से पोषक तत्व ग्रहण करती है। अतः खाद और उर्वरकों के माध्यम से फसल के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की प्रतिपूर्ति आवश्यक है। बुआई के 15-20 दिन पूर्व 10-15 टन सड़ी हुई गोबर की खाद खेत मे मिलाने से पउध वृद्धि और उपज में बढ़ोत्तरी होती है। राई व सरसों की सिंचित फसल में 100-120 किग्रा. नत्रजन, 40 किग्रा. स्फुर व 40 किग्रा. पोटाश प्रति हेक्टेयर प्रयोग करना चाहिए। असिंचित अवस्था में 40 किग्रा. नत्रजन, 30 किग्रा. स्फूर व 20 किग्रा. पोटाश प्रति हे. की दर से प्रयोग करना चाहिए। पोषक तत्वो की वास्तविक मात्रा का निर्धारण मृदा परीक्षण के आधार पर किया जाता है। मृदा परीक्षण नहीं किया गया है तो तोरिया की सिंचित फसल के लिए 90 किग्रा. नत्रजन 30 किग्रा. स्फुर तथा 20 किग्रा. पोटॉश प्रति हे. तथा असिंचित दशाओं में इसकी आधी मात्रा प्रयोग करनी चाहिए। सिंचित अवस्था में नत्रजन की आधी मात्रा तथा फास्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा बुआई के समय कूड़ो में बीज के नीचे देना चाहिए। शेष नत्रजन पहली सिंचाई के बाद देना चाहिए। भूमि मे जिंक की कमी होने पर 5-10 किग्रा. जिंक (जिंक सल्फेट के माध्यम से) बुआई के समय देना लाभप्रद पाया गया है। नत्रजन को अमोनियम सल्फेट तथा फास्फोरस सिंगल सुपर फास्फेट के रूप में देने से फसल को आवश्यक सल्फर तत्व भी मिल जाता है जिससे उपज और बीज के तेल की मात्रा बढ़ती है।

## सिंचाईसे बड़े पैदावार

सरसो में सिंचाई देने से उपज मे वृद्धि होती है। अच्छे अंकुरण के लिए भूमि मे 10-12 प्रतिशत नमी होना आवश्यक रहता है। कम नमी होने पर एक हल्की सिंचाई देकर बुआई करना लाभप्रद रहता है। सरसों फसल में 2-3 सिंचाइयों की आवश्यकता होती है। इस फसल को औसतन 40 सेमी. जल की आवश्यकता होती है। पहली सिंचाई बुआई के 25-30 दिन बाद (4-6 पत्ती अवस्था) और दूसरी सिंचाई फूल आते समय (बुआई के 70-75 दिन बाद) करनी चाहिए। प्रथम सिंचाई देर से करने पर पौधों में शाखायें, फूल व कलियां अधिक बनती है। सरसों में पुष्पागम और शिम्बी लगने का समय सिंचाई की दृष्टि से क्रांतिक होता है। इन अवस्थाओं पर भूमि में नमी की कमी होने से दानें अस्वस्थ तथा उपज और दाने में तेल की मात्रा में कमी होती है।

## खेत खरपतवार मुक्त रहे

राई एवं सरसों में खरपतवारों के कारण 20 - 30 प्रतिशत तक उपज मे कमी आ सकती है। फसल में बथुआ, चटरी-मटरी, सैंजी, सत्यानाशी, मौथा, हिरनखुरी आदि खरपतवारों का प्रकोप होता है। पौधों की संख्या इष्टतम होने से प्रत्येक पौधों का विकास अच्छा होता है, शाखायें अधिक निकलती है जिससे पौधों पर फलियाँ अधिक बनती है क्योंकि पौधो को उचित प्रकाश, जल और पोषक तत्व समान रूप से उपलब्ध होते है। बुआई के 15-20 दिन बाद एक निंदाई-गुड़ाई करें तथा पौधों- से-पौधें की दूरी छँटाई करके 15-20 सेमी. कर देना चाहिए। पंक्ति में घने पौधो को उखाड़कर पौध से पौध की उचित दूरी रखने को विरलन कहते है। जब फसल में पहली फूल की शाखा निकल आये तब ऊपरी हिस्सा तोड़ देने मे शाखाये, फूल व फलियाँ अधिक बनती है जिससे उपज मे वृद्धि होती है। पौधों के इस कोमल भाग को सब्जी के रूप में बाजार में बेचा जा सकता है या पशुओं को खिलाने के लिए प्रयोग मे लाना चाहिए। खरपतवारों के रासायनिक नियंत्रण के लिए पेन्डीमेथालिन (स्टाम्प) 0.5-1.5 किग्रा. या आइसोप्रोट्यूरान 1-1.3 किग्रा. प्रति हे. को 800-100 लीटर पानी में घोलकर अंकुरण से पहले छिड़काव करना चाहिए। यदि सरसों को चने क साथ लगाया गया है तब खरपतवार नियंत्रण के लिए फ्लूक्लोरालिन (बेसालिन) 0.75-1 किग्रा. प्रति हेक्टेयर को बुआई के पूर्व खेत मे छिड़कना चाहिए।

## कटाई एवं गहाई पर भी ध्यान

तोरिया की फसल 90-100 दिन तथा राई की फसल 120-150 दिन में पककर तैयार हो जाती है। पकने पर पत्तियाँ पीली पड़ जाती है और बीजों का प्राकृतिक रंग आ जाता है। अपरिपक्व अवस्था में कटाई करने पर उपज में कमीं आ जाती है और तेल की मात्रा भी घट जाती है। फलियों के अधिक पक जाने पर वे चटख जाती हैं और बीज झड़ने लगते है। फल्लियों एवं पत्तियो के पील पड़ने के साथ ही फसल की कटाई हँसिये से या फिर पौधों को हाथ से उखाड़ लेना चाहिये। कटाई उपरान्त फसल को 2 - 3 सप्ताह तक खलिहाँन में सुखाया जाता है, फिर डंडो से पीटकर या बैलो की दाय चलाकर या ट्रेक्टर से मड़ाई की जाती है। आज कल मड़ाई के लिए थ्रेसर का भी प्रयोग किया जाता है। मड़ाई के बाद बीजों को भूसे से अलग करने के लिए पंखे का प्रयोग करते है या हवा में ओसाई करते है।

## उपज हो भरपूर

सरसों एवं तोरिया की मिश्रित फसल से 3-5 क्विंटल तथा शुद्ध असिंचित फसल से 10-12 क्विंटल तथा सिंचिंत फसल से 12-15 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त होती है। उन्नत सस्य तकनीक अपनाकर असिंचित राई से 15-20 क्विंटल तथा सिंचित राई से 20-25 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त की जा सकती है। भूसा भी लगभग 15-20 क्विंटल प्रति हेक्टेयर प्राप्त होता है। बीज को अच्छी तरह धूप में सूखाना चाहिए। सरसों के दानों में भण्डारण के समय नमी की मात्रा 7-10 प्रतिशत होना चाहिए। सरसों-राई के बीज में 38-40 प्रतिशत, तोरिया में 42-44 प्रतिशत तथा भूरी व पीली सरसो में 43-48 प्रतिशत तेल पाया जाता है।



## सरसों की खेती में कीट रोगों से बचाव के उपाय

**राई की खेती में फूल आने और दाना भरने की अवस्था अधिक संवेदनशील होती है। राई में झुलसा रोग, सफेद गेरूई रोग, तुलसिता रोग, आरा मक्खी एवं मॉहू कीट आदि का प्रकोप हो जाता है, इनसे बचाव करके अच्छी उपज पाई जा सकती है। कृषि विभाग के प्रसार शिक्षा एवं प्रशिक्षण ब्यूरो से प्राप्त जानकारी के अनुसार राई में झुलसा रोग के तहत पत्तियों और फलियों पर गहरे कत्थई धब्बे बन जाते हैं जिसमें गोल गोल छल्ले स्पष्ट दिखाई देते हैं। इसके अतिरिक्त सफेद गेरूई रोग में निचली सतह पर फफोले बनते हैं और बाद में पुष्प विन्यास विकृत हो जाता है। जब कि तुलसिता रोग में निचली सतह पर सफेद रोयेन्दार फफून्दी के साथ ऊपरी सतह पर पीलापन आ जाता है। झुलसा, सफेद गेरूई एवं तुलसिता तीनों ही रोगों पर नियन्त्रण के लिए जिंक मैग्नीज कार्बोनेट 75 प्रतिशत दो किलो ग्राम या जीरम 80 प्रतिशत 2 किलोग्राम या जिनेब 75 प्रतिशत 2.5 किलोग्राम प्रति हे0 की दर से 800-1000 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इन रोगों के अतिरिक्त आरा मक्खी कीट भी राई में लग जाते हैं। इसकी गिडार काले रंग की होती है, जो पत्तियों को बहुत तेजी से खाती है। इसकी रोकथाम के लिए इन्डोसल्फान 35 ई0सी0 1.25 लीटर पानी या मैलाथियान 50 ई0सी01.5 लीटर, क्यूनालफास 1.5 प्रतिशत धूल अथवा इण्डोसल्फान 4 प्रतिशत धूल अथवा मिथाइल पैराथियान 2 प्रतिशत धूल 25 किग्रा0 प्रति हे0 की दर से प्रयोग करें। राई में लगने वाला माहू कीट भी काफी हानिकारक होता है। यह छोटा एवं कोमल शरीर वाला हरे मटमेले भूरे रंग का कीट है, जिसके झुण्ड पत्तियों, फलों, डंठलों,फलियों आदि पर चिपके रहते हैं एवं रस चूसकर पौधों को कमजोर कर देते हैं। इसकी रोकथाम के लिए मैलाथियान 50 प्रतिशत ई0सी0 2 लीटर या इण्डोसल्फान 35 ई0सी0 1.25 लीटर मोनोक्रोटोफास 36 एस0एल0 0.75 लीट प्रति हे0 की दर से 800-1000 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।**

## बर्फ की चादर चीरते हुए चली ट्रेन, वीडियो हुआ वायरल



श्रीनगर। बर्फ को चीरते हुए एक ट्रेन पटरी पर चल रही है। आसपास बर्फ की सफेद चादर ने उसे और खूबसूरत बना दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को खूब शेयर किया जा रहा है। यहां तक की खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने ट्विटर हैंडल पर वीडियो शेयर किया है। इसमें एक ट्रेन को क्षेत्र की बर्फीली घाटी से गुजरते हुए दिखाया गया है। इस वीडियो में आप जम्मू-कश्मीर के बनिहाल-बारामूला में बर्फ से लदी घाटी से गुजरती ट्रेन का एक मनोरम दृश्य देख सकते हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए रेल मंत्री ने कैप्शन में लिखा- कश्मीर की वादियों में स्नोफॉल। अगर आप भी इस मौसम में कहीं घूमने की योजना बना रहे हैं, तो बरामूला-बनिहाल खंड पर ट्रेन यात्रा आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। यह यात्रा आपको न सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य से रूबरू कराएगी, बल्कि आपको घाटी में बर्फबारी का आनंद भी मिलेगा। दुनियाभर से पर्यटक कश्मीर घूमने की ख्वाहिश रखते हैं। यह जगह सर्दियों में और भी खूबसूरत हो जाती है जब यह क्षेत्र बर्फ की खूबसूरत सफेद चादर से ढक जाता है। इस अद्भुत दृश ?य की एक झलक पाने के लिए लोग वहां हफ्तों बिताना पसंद करते हैं। इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक घाटी में बर्फबारी का आनंद उठाने के लिए पहुंच रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर बर्फ के बीच ट्रेन गुजरने का वीडियो वायरल हो गया है। दूसरे सेक्टर्स की तरह अंतरिम बजट में रेलवे के लिए भी ऐलान किए गए हैं। अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 3 प्रमुख आर्थिक रेल कॉरिडोर कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि रेलवे कॉरिडोर प्रोग्राम की पहचान पीएम गति शक्ति के तहत की गई है।

## संजय सिंह की याचिका पर ईडी जबाव दाखिल करे, सुनवाई आज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने और मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए दिल्ली की एक अदालत का रुख किया। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने संजय की अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर केंद्रीय जांच एजेंसी को तीन फरवरी तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सिंह ने अर्जी में 4 से 10 फरवरी तक अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। अदालत ने कहा, ''यह पाया गया है कि मुख्य मामला पहले से ही तीन फरवरी, 2024 को अदालत के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैज्इस अर्जी पर ईडी के जांच अधिकारी, विशेष लोक अभियोजक को नोटिस जारी किया जाता है। सिंह पिछले महीने दूसरे कार्यकाल के लिए दिल्ली से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को आर्थिक लाभ हुआ। सिंह ने आरोपों से इनकार किया है। आप ने आरोप लगाया है कि उसके नेताओं को राजनीतिक प्रतिशोध के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

## 12 फरवरी को बजट सत्र के पहले दिन विश्वास मत हासिल करेगी नीतिश सरकार

पटना। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 12 फरवरी को बजट सत्र के पहले दिन विश्वास मत हासिल करेगा। इस मामले पर एक संशोधित अधिसूचना से यह जानकारी मिली। इसके पहले, नीतिश सरकार 10 फरवरी को विश्वास मत हासिल करने वाली थी। हालांकि, एक नई अधिसूचना के अनुसार, सत्र अब 12 फरवरी से शुरू होगा जिसमें दोनों सदनों के सदस्यों के संयुक्त सत्र में राज्यपाल का संबोधन भी होगा। जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने 28 जनवरी को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। कुमार ने महागठबंधन और विपक्षी गुट 'इंडिया' से नाता तोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ एक नयी सरकार बनाई। नए विधानसभाध्यक्ष का चुनाव भी 12 फरवरी को निर्धारित है और इसी दिन राज्य आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अवध बिहारी चौधरी के स्थान पर नए विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा।

## ज्ञानवापी विवाद पहुंचा इलाहाबाद हाईकोर्ट

वाराणसी। ज्ञानवापी तहखाने में हिन्दू पक्ष को पूजा की अनुमति के खिलाफ इंतजामिया कमेटी भी हाईकोर्ट पहुंच गई है। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिण पूर्वी तहखाने में वाराणसी जिला अदालत के मंदिर पक्ष को पूजा करने की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की पुनरीक्षण याचिका दाखिल की है। हालांकि जिला जज के आदेश के बाद व्यास जी तहखाने में गुरुवार भोर से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार व्यास तहखाने में 5 बार आरती होगी और सुबह 3.30 पर मंगला आरती होगी। इसके बाद दोपहर भोग आरती होगी। इसके बाद दोपहर शाम 4 बजे, शाम 7 बजे आरती होगी। इसके बाद शयन आरती रात 10.30 पर होगी। गुरुवार को सुबह से ही आरती के साथ- साथ पूजा पाठ शुरू हो गया है। यहां हजारों की संख?या में श्रद्धालुओं ने भी दर्शन किए हैं। इसके लिए इंतजामिया मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता सीनियर एडवोकेट सैयद फरमान अहमद नकवी ने अर्जी दाखिल की है। याचिका दाखिल कर जिला जज वाराणसी अजय कृष्ण विश्वेश के आदेश को चुनौती दी है। मस्जिद पक्ष की याचिका में जिला जज वाराणसी के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है।

## शिअद की पंजाब बचाओ यात्रा पर सीएम मान का तंज, पंजाब को डुबाने वाले पंजाब बचाओ यात्रा निकाल रहे

नई दिल्ली। पंजाब की प्रमुख विपक्षी पार्टी शिरोमणि अकाली दल की पंजाब बचाओ यात्रा एक फरवरी को अटारी में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से शुरू किया गया। शिअद की पंजाब बचाओ यात्रा एक महीने तक चलेगी और राज्य के 43 जिलों को कवर करेगी। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने श्रीअकाल तख्त साहिब पर माथा टेकने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ यात्रा शुरू की। वहीं यात्रा पर सवाल उठाकर प्रदेश के मुख्यमंभी भगवंत मान ने निशाना साधा है।



उन्होंने कहा कि पंजाब में 20 साल तक कैप्टन और बादल ही सत्ता में थे। कैप्टन का राज जाता था, तब बादल का राज आता था। बादल का राज जाता था, तब कैप्टन का आ जाता था। सीएम मान ने कहा, इनकी सत्ता ने लोगों के चेहरे से नूरी उड़ाकर रख दी, लोग रोजगार की तलाश में बाहर जाने लगे, इन्होंने बारी बांट रखी थी 5-5 साल प्रदेश को लूटने की। वहां आज पंजाब बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं। पंजाब को डुबाने वाले आज पंजाब बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं। हम पंजाब को किससे बचाएं? लुटा तब आपने है। मैं सांसद था उस टाइम से कह रहा हूं कि अच्छे-बुरे को पहचानो। बता दें कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अलग-अलग सरकारी विभागों में भर्ती के लिए 518 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र बांटे। वहीं सीएम मान ने पंजाब के युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की भी सलाह दी उन्होंने कहा कि सरकार आपकी हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि अब तक 664 आम आदमी क्लीनिक से दवा लेकर 1 करोड़ लोग ठीक हो चुके हैं। 150 और क्लीनिक तैयार हैं। इसके साथ ही 13 और स्कूल ऑफ एमिनेंस 20 फरवरी तक तैयार हो जाएंगे। अब स्कूल, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और उप-तहसील उद्घाटन हो रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि आपने एक ईमानदार सरकार चुनी है।

# 400 से अधिक धाराएं... उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने की तैयारी

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की दिशा में अहम प्रगति हुई है। मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में यूसीसी समिति की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई ने मसौदा समिति के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यूसीसी मसौदा रिपोर्ट सौंपी।

धामी सरकार ने यूसीसी के लिए 27 मई 2022 को पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। ड्राफ्ट मिलने के बाद अब धामी सरकार शनिवार को होने वाली कैबिनेट मे मंजूरी देगी। माना जा रहा है कि धामी सरकार 6 फरवरी को यूसीसी को विधेयक के रूप में विधानसभा में पेश कर सकती है। देहरादून में यूसीसी कार्यालय पिछले तीन दिनों से प्रतिदिन 15 घंटे से अधिक काम कर रहा है। समिति के सदस्य दिन-रात रिपोर्ट तैयार करने में सक्रिय हैं। सूत्रों का कहना है कि मसौदे में 400 से अधिक धाराएं शामिल हो सकती हैं, जिसका लक्ष्य पारंपरिक रीति-रिवाजों से उत्पन्न होने वाली विसंगतियों को खत्म करना है।

मार्च 2022 में धामी सरकार गठन के तत्काल बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी गई थी। बैठक बाद में सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। अगर लागू हुआ तब उत्तराखंड आजादी के बाद यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है।



यूसीसी के तहत प्रदेश में सभी नागरिकों के लिए एकसमान विवाह, तलाक, जमीन, संपत्ति और उत्तराधिकार के कानून लागू होने वाले हैं, चाहे वे किसी भी धर्म को मानने वाले हों। सेवानिवृत्त न्यायाधीश देसाई के अलावा यूसीसी विशेषज्ञ समिति में सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रमोद कोहली, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह और दून विश्वविद्यालय की उप कुलपति सुरेखा डंगवाल भी शामिल हैं। इस समिति को कुल चार विस्तार भी दिए गए जिसमें से अंतिम बार इस जनवरी में 15 दिनों के लिए दिया गया।

## दुनिया के ये पांच नास्तिक देश, शीर्ष स्थान पर भारत का पड़ोसी

नई दिल्ली। अयोध्या में राम मंदिर बनने के साथ ही हिन्दू धर्म के लोगों में एक अलग ही उत्साह दिख रहा है। लोग अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन के लिए बेताब दिख रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में कई देश हैं, जहां के लोग भगवान, को नहीं मानते। उन्हें इन पर कोई भरोसा नहीं। इन्हें सबसे नास्तिक देश माना गया है।

सबसे नास्तिक देश की बात करें तब पहले नंबर पर चीन आता है। वर्ल्ड जनसंख्या सर्वे 2023 के मुताबिक, यहां 91 फीसदी आबादी ईश्वर को नहीं मानती। कोई धर्म फॉलो नहीं करती। एक सर्वे में 61 फीसदी चीनि?यों ने ईश्वर के अस्तित्व को ही नकार दिया। वहीं, 29 फीसदी ने खुद को नास्तिक बताया। यहां पूर्वजों की शिक्षा का अनुसरण करने की परंपरा।

जापान दूसरे नंबर पर आता है। यहां 86 फीसदी लोग कि?सी धर्म को नहीं मानते और खुद को नास्तिक बताते हैं। 29 फीसदी लोगों का कहना है कि ईश्वर, गॉड या भगवान जैसी कोई चीज नहीं होती। यहां के लोग शिंतो धर्म का अनुसरण करते हैं। शिंतोइज्म को मानने वाले लोग ईश्वर जैसे दिव्य शक्ति में यकीन नहीं करते। स्वीडन नास्तिक देशों में तीसरे नंबर पर आता है। यहां के 78 फीसदी लोगों का किसी धर्म और किसी भगवान में कोई भरोसा नहीं। यहां बीते कुछ वर्षों में सेकुलरिज्म तेजी से बढ़ा है। सिर्फ 8 फीसदी लोग ही किसी धार्मिक संस्था से जुड़े हुए हैं। चौथे नंबर पर चेक गणराज्य है। यहां नास्तिकता 19वीं सदी से चली आ रही है, जब कम्युनिस्ट शासन के दौरान स्वतंत्र विचार में ज?यादा विकास देखा गया। सूची में पांचवें नबर पर ब्रिटेन है। यहां के 72 फीसदी लोगों ने खुद को अधार्मिक बताया। 13 फीसदी लोग हैं, जो खुद को नास्तिक मानते हैं। यहां नास्तिकता यूरोप के अन्य देशों की तुलना में कहीं ज्यादा है।

# वाम दलों ने हजारों लोगों की हत्या की, मैं उनके साथ कभी गठबंधन नहीं करुंगी : ममता बनर्जी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडिया गठबंधन में शामिल वाम दलों के खिलाफ ममता बनर्जी के तेवर शांत नहीं हो रहे हैं। जिसके बाद इंडिया गठबंधन में टूट की आशंका बढ़ गई है। टीएमसी प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर केंद्र से मोदी सरकार को बेदखल करने के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) या सीपीआई (एम) के साथ गठबंधन से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपने शासन के दौरान विपक्षी कार्यकर्ताओं की हत्याएं कराने के लिए सीपीआई (एम) जिम्मेदार थी।

उन्होंने कहा, मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकती हूं कि हम दिल्ली में सरकार बनाएंगे। हम केंद्र में सरकार कैसे बनाएंगे, यह हम लोकसभा चुनाव के बाद समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय दलों के साथ बातचीत के माध्यम से तय होगा।



वामदलों के साथ गठबंधन से इंकार कर उन्होंने कहा, सीपीआई (एम) ने सत्ता में रहकर लाखों लोगों की हत्या की थी। उन्होंने कई लोगों की जान ले ली और कई घरों को तबाह कर दिया। उन्होंने सिंगूर में तापसी मलिक को जिंदा जला दिया। लोगों को आग लगा दी गई और उनके शवों को नंदीग्राम की हल्दी नदी में फेंक दिया गया। हम कभी भी सीपीआई (एम) के साथ गठबंधन में नहीं जाएंगे।

ममता ने पहले कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से इंकार कर कहा था कि उनकी पार्टी राज्य में अपने दम पर चुनाव लड़ने और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को हराने में काफी सक्षम है। वहीं, टीएमसी नेता और ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कांग्रेस पर उंगली उठाकर सीट-बंटवारे की चर्चा में विफलता के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। बता दें कि विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीट-बंटवारे के एजेंडे पर विचार-विमर्श करने के लिए दिल्ली में हाल ही में बैठक की थी। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राकांपा प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता टीआर बालू और सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी शामिल थे। ममता बनर्जी ने खुद को कांग्रेस से दूर कर लिया है।

## नौकरी के लिए इजरायल जाने का उत्साह, लग गईं लंबी कतारें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में बढ़ती बेरोजगारी का ही परिणाम है की युवा अपनी जान जोखिम में डालकर इजरायल में नौकरी करने के लिए उत्साहित हो रहे हैं। वजह ये है कि भारत में नौकरियों का टोटा है और जो निजी क्षेत्र में काम कर रहे हैं उनके वेतन से घर नहीं चल सकता। ऐसी ही मजबूरी के चलते युवा इजरायल में नौकरी हासिल करने के लिए ये मौका गंवाना नहीं चाहते है।हमास के साथ जारी जंग के बीच इजरायल ने बड़ी संख्या में नौकरियां निकाली हैं। इजरायल ने अच्छी तनख्वाह और सुविधाओं का ऑफर दिया है। देशभर के लोग इन भर्तियों में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं।भर्ती केंद्रों के बाहर हजारों की भीड़ देखी जा रही है। एनएसडीसीआई यानी राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंटरनेशनल की ओर से यह भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 31 जनवरी तक ही 5600 से ज्यादा लोगों की भर्ती पूरी हो चुकी है। इजरायल ने 10 हजार कुशल कामगारों की मांग की थी।

रिपोर्ट के मुताबिक एक शख्स ने कहा कि वह इस समय 12 घंटे काम करके भी बमुश्किल 100 रुपये कमा पाता है। ऐसे में इजरायल की नौकरी उसके बड़े काम की है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों के लिए यह बड़ा अवसर है। विदेश में इतनी अच्छी सैलरी पर काम करके वह कई काम निपटा सकता है। उसको अपनी तीन बहनों की शादी भी करनी है। भर्ती प्रक्रिया में शामिल एक अधिकारी के मुताबिक प्लास्टरिंग, बार बेंडिंग, टाइल रिपेयर और कारपेंट्री जैसे कामों के लिए स्किल टेस्ट लिया जा रहा है। बता दें कि युद्ध की वजह से इजरायल में कामगारों की कमी हो गई है। ऐसे में उसने भारत से लोगों को भेजने का आग्रह किया था। अब भर्ती की कतार में हरियाणा, पंजाब, यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश के हजारों लोग नजर आ रहे हैं। रोहतक के भर्ती केंद्र पर भी लोगों की लंबी कतारें लगी हैं। यहां आए लोगों को कहना है कि इस नौकरी के लिए वह अपनी जान को हथेली पर रखकर भी जाने को तैयार हैं।

इजरायल की यह फर्ती बार बेंडर, राजमिस्त्री, मार्बल मिस्त्री, स्टटरिंग कारपेंटर जैसे कामों के लिए निकाली गई है। इसमें वेतन 1.37 रुपये मासिक होगा। इसके अलावा चिकित्सा बीमा, भोजन और रहने का इंतजाम भी किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक सभी को प्रति माह 16515 रुपये का बोनस भी मिलेगा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत सिर्फ इजरायल ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी कुशल कामगार उपलब्ध करवाने को तैयार है। बता दें कि हमास से जंग के बीच इजरायल ने बड़ी संख्या में फिलिस्तीनियों का वर्क परमिट रद्द कर दिया है।

## पीएम मोदी से मिले आचार्य कृष्णम, श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के लिए किया आमंत्रित



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबी आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें उत्तर प्रदेश के संभल में 19 फरवरी को आयोजित होने वाले श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के लिए आमंत्रित किया। पीएम मोदी से मुलाकात करने के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, मुझे 19 फरवरी को होने वाले श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। कांग्रेस नेता के पोस्ट का जवाब देकर पीएम मोदी ने कहा, आस्था और भक्ति से जुड़े इस पवित्र अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आमंत्रण देने के लिए आपका हृदय से आभार आचार्य प्रमोद जी। कृष्णम ने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लखनऊ से लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। पिछले कुछ समय से वह कांग्रेस नेतृत्व के कुछ फैसलों की आलोचना कर रहे हैं। कृष्णम ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेताओं के भाग नहीं लेने के फैसले की भी आलोचना की है।

## कश्मीर में पारा लुढ़का, कुछ कस्बों में दर्ज की गई 16 वर्षों की सबसे सर्द रात

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर में अनेक स्थानों पर बृहस्पतिवार रात को न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई और कुछ कस्बों में यह बीते 16 वर्षों की सबसे सर्द रात रही।अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो एक रात पहले दर्ज किये गये न्यूनतम तापमान (शून्य से नीचे 7.6 डिग्री सेल्सियस) से चार डिग्री से भी अधिक कम है। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम पर्यटन रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग और काजीगुंड दोनों शहरों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारी घाटी में केवल छह प्रमुख मौसम केंद्रों के आंकड़ें जारी करते हैं। वहीं, मौसम का पूर्वानुमान जारी करने वाली निजी संस्था ने दावा किया कि कश्मीर में कोकेरनाग का लारनू सबसे ठंडा स्थान रहा जहां तापमान शून्य से नीचे 17.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके बाद सबसे ठंडा स्थान श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर सोनमर्ग रिसॉर्ट था जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## ईडी के पांचवे समन के बाद भी हाजिर होने को तैयार नहीं हैं केजरीवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार ईडी के समन की अनदेखी कर रहे हैं। उन्हे पांचवी बार नोटिस दिया गया है लेकिन वे ईडी का सामना करने से बच रहे हैं।

दिल्ली शराब कांड में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज यानी 2 फरवरी को भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। आम आदमी पार्टी ने लिखित बयान जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि अरविंद केजरीवाल आज भी ईडी दफ्तर पूछताछ में शामिल होने नहीं जाएंगे। आम आदमी पार्टी ने ईडी के समन को गैर कानूनी बताया और कहा कि हम कानूनी रूप से सही समन की तामील करेंगे। इससे पहले भी चार समन को वह इग्नोर कर चुके हैं।



सीएम अरविंद केजरीवाल, पिछले साल दो नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल तीन जनवरी तथा 18 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित होने के लिए जारी उसके समन को टाल चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि उसकी कानूनी टीम धन शोधन मामले से जुड़ी आबकारी नीति के सिलसिले में केजरीवाल को जारी समन का अध्ययन कर रही है। इस बीच चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कथित धांधली के विरोध में अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले हैं। पिछले चार समन को इग्नोर करने वाले अरविंद केजरीवाल ने जांच एजेंसी के इन नोटिस को दिल्ली के मुख्यमंत्री ने 'अवैध' करार दिया था. आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में कुछ शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाया गया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी आरोपों का बार-बार इसका खंडन करती रही है। बाद में इस नीति को वापस ले लिया गया और दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने की सिफारिश की थी । इसके बाद ईडी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था।बता दें कि ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल को एक नया और पांचवां समन जारी किया था। इससे पहले पिछले चार महीनों में वह संघीय एजेंसी द्वारा चार समन को टाल चुके हैं। हालांकि, आम आदमी पार्टी इस बारे में चुप्पी साधी हुई है कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित होंगे. वहीं पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस बार भी समन टाले जाने की संभावना है।

# झामुमो के सांसद का दावा-भाजपा से मिले ऑफर को ठुकराने का नतीजा है हेमंत का जेल जाना

**दुमका (एजेंसी)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद विजय हांसदा ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में सिर्फ इसलिए डाल दिया गया कि उन्होंने भाजपा के ऑफर को ठुकरा दिया था। हालांकि बड़ी बात ये है कि झारखंड की जनता काफी समझदार है,वो सभी तरह की साजिश को समझती है इसलिए जितने ज्यादा दिन उन्हे जेल में रखा जाएगा उतना ही भाजपा को नुकसान होगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा का जन्म ही आंदोलन से हुआ है। इसलिए यहां हर एक झारखंडी टेंपरामेंट रखता है।

सांसद ने आगे कहा कि अभी के राजनीतिक हालात में उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री स्व।अटल बिहारी वाजपेयी की वह पंक्तियां याद आ रही हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि आज हम संख्या में कम हैं तो हम पर हंसा जा रहा है। सत्ता मद में चूर भाजपा की वर्तमान सरकार स्व।अटल की यह वाणी को भूलकर आज संख्या बल के दबिश पर दबाव, पेशकश और जनमत की चुनी हुई सरकारों को धोखे से गिराकर सत्ता हथियाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह सब देख रही है और समझ भी रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह दिखा दिया है कि कम संख्या बल है तो क्या वह झारखंडी और आदिवासी का टेंपरामेंट रखते हैं। विजय हांसदा ने कहा कि आज वह भले ही हम पर हंस रहे हैं, लेकिन फिर वक्त बदलेगा और प्रजातंत्र कायम होगा। हेमंत को ईडी जितना दिन बंद रखेगी उसका उतना ही व्यापक खामियाजा आने वाले चुनाव में भाजपा को भुगतना होगा।

झामुमो के 45वें स्थापना दिवस के लिए दुमका का गांधी मैदान सज-धज कर तैयार हो चुका है। पूरे मैदान को दुल्हन की तरह सजाया गया है। ईडी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर शिकंजा कसे जाने के बाद कार्यकर्ताओं में मायूसी है, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। इस बार झामुमो नेता हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में स्थापना दिवस की रैली सांसद विजय हांसदा, पूर्व विधायक शशांक शेखर भोक्ता की अगुवाई में पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं की रैली पारंपरिक वेशभूषा व ढोल-टमाके के साथ एसपी कॉलेज मैदान से निकलेगी। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यह रैली दुमका के गांधी मैदान में आकर सभा में तब्दील हो जाएगी। इस मौके पर पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, संताल परगना के सभी जिला अध्यक्ष, सचिव समेत पार्टी पदाधिकारी के अलावा ग्राम प्रधान, मुखिया, परगनैत, गुड़ित, पराणिक समेत परंपरागत शासन व्यवस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के शहीदों की वेदी पर श्रद्धांजलि व स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

झामुमो नेता व पूर्व स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता गांधी मैदान पहुंचे और पूरी तैयारियों का जायजा लेने के बाद कहा कि झामुमो इस माटी की पार्टी है। केंद्र व भाजपा की साजिश को पूरे देश की जनता देख रही है। ईडी की कार्रवाई से पार्टी कार्यकर्ता हतोत्साहित होने के बजाए ज्यादा उत्साहित हैं। इनका उत्साह दो फरवरी को गांधी मैदान में दिखेगा। सांसद विजय हांसदा ने कहा कि इस बार का दो फरवरी ऐतिहासिक होगी। झामुमो अपने पुराने तेवर में स्थापना दिवस मनाएगा। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन के संदेशों को सुनेंगे और संकल्प लेकर ही वापस लौटेंगे। विजय ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हेमंत सोरेन है। उन्हें यह एहसास है कि राजनीति विद्वेष कर झामुमो पर प्रहार किया जा रहा है। उनके नेता हेमंत सोरेन को कानूनी दांव-पेंच में फंसा कर आदिवासी, मूलवासी, गरीब-गुरबों से दूर करने की कोशिश की जा रही है।



## पाकिस्तान के खटारा विमानों से यात्रियों की जान को खतरा,नए एयरपोर्ट का विरोध शुरु

पेशावर। पाकिस्तान में अधिकांश विमान खटारा हो चुके हैं। उसके पास नए विमान खरीदने के पैसे भी नहीं है। हालत इतनी ज्यादा खराब है कि पाकिस्तान की अदालत को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेना पड़ा। दूसरा मामला एक एयर पोर्ट का है। निर्माणाधीन इस एयर पोर्ट से लोग खतरा महसूस कर रहे है। इसके विरोध में खड़े लोगों का कहना है कि आस पास की रिहायशी बस्तियों के लोगों का जीना दूभर हो जाएगा। गिलगित हवाई अड्डे के लिए पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की उड़ान संचालित करने के लिए खराब विमानों का उपयोग कर रहा है उससे उनके जीवन को गंभीर खतरे में डाल रहा है। एक खास रिपोर्ट में इस संवेदनहीन और चौंकाने वाले मामले का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गिलगित बाल्टिस्तान के लोग लंबे समय से गिलगित सेक्टर में सेवा में लगाए गए आपदा-संभावित विमानों के बारे में शिकायत कर रहे हैं, जो अक्सर तकनीकी खराबी के कारण खड़े हो जाते हैं, जिससे हवाई अड्डों पर सामान्य देरी हो जाती है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने लगातार खराबी के बाद कई उड़ानों को रोक दिया है। सेक्टर में कम से कम दो विमान पहाड़ी इलाकों में दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। गिलगित और स्कर्दू से आने-जाने वाली पीआईए की उड़ानों के खिलाफ लोगों के पास काफी मुकदमे हैं। दोषपूर्ण विमानों के उपयोग के अलावा, एक और गंभीर शिकायत यात्रियों से अत्यधिक किराया वसूलने की है। किराया समय, दूरी और एयरलाइन द्वारा प्रदान की गई सेवा की गुणवत्ता के अनुपात से अधिक था। किराया कराची से दुबई की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से अधिक था। इस तरह के अत्यधिक आरोप पीआईए के नागरिकों की सेवा के दावों पर सवाल उठाते हैं। सुप्रीम अपीलीय अदालत के न्यायाधीश सरदार मुहम्मद शमीम खान ने अब पीआईए से मार्ग पर विमानों के परिचालन जीवन और बार-बार खराब होने के कारणों पर एक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। 20 जुलाई, 2019 को गिलगित हवाई अड्डे पर उतरते समय एटीआर-42 विमान के रनवे से फिसल जाने के बाद पीआईए को 10.1398 मिलियन रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। पाकिस्तान के महालेखा परीक्षक ने अपनी 2021-22 रिपोर्ट में नुकसान के लिए पीआईए को जिम्मेदार ठहराया। पिछले सितंबर में, स्थानीय मुख्य न्यायाधीश शमीम खान ने शिकायतों पर स्वतः संज्ञान लिया था और एयरलाइंस और हवाईअड्डा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया था। अधिकारियों ने अदालत को सूचित किया कि विमान 2006 में खरीदे गए थे और उन्होंने अपनी उड़ान का केवल आधा चक्र ही पूरा किया था। अदालत प्रतिक्रिया से नाखुश थी और अत्यधिक खतरे के बारे में सार्वजनिक शिकायतों पर अधिक विश्वसनीय प्रतिक्रिया देने को कहा था।

## अमेरिका में सिंगल-ईंजन विमान दुर्घटनाग्रस्त

न्यूयॉर्क। अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत में एक एकल इंजन विमान के दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर जाने से आसपास के कई घरों में आग लग गई और कई लोगों के हताहत होने की खबर है। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले करीब सात बजे पायलट ने क्लीयरवाटर में इंजन में खराबी की सूचना दी थी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कई मौतों की पुष्टि होने की जानकारी दी गई है। संघीय उड्डयन प्रशासन और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के मुताबिक विमान, उसके पायलट और यात्रियों की पहचान करने के लिए जांच की जा रही है। दुर्घटना के दौरान चपेट में आये घरों में लोगों की मौजूदगी के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## ट्यूनीशिया संसद के पूर्व अध्यक्ष को तीन साल की सजा

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया की एक अदालत ने विदेश से विपक्षी दल एन्नाहदा नेता एवं संसद के पूर्व स्पीकर रचेड घनौची को तीन साल की सजा सुनाई है। मीडिया ने अदालत के प्रवक्ता के हवाले से इसकी खबर दी। घनौची को मई 2023 में पुलिस के खिलाफ उकसाने के आरोप में एक साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। भ्रष्टाचार के मामलों में विशेषज्ञता रखने वाली प्रथम दृष्टया अदालत ने नई सजा सुनाई और यह तुरंत प्रभावी हो गई। ट्यूनीशियाई राष्ट्रपति कैस सैयद ने जून 2021 में रहने की स्थिति में गिरावट के कारण संसद और इस्लामवादी पार्टी एन्नाहदा के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच सरकार को बर्खास्त कर दिया। उन्होंने मार्च 2022 में संसद को यह कहते हुए बर्खास्त कर दिया कि वह सरकार और उसके संस्थानों की रक्षा के लिए ऐसा कर रहे हैं।

## सिंगापुर में नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में भारतीय मूल के सैन्यकर्मी को जेल

### – सुब्रमण्यम को उसकी गिरफ्तारी के बाद सेना ने सभी कर्तव्यों से निलंबित कर दिया था

सिंगापुर। सिंगापुर सशस्त्र बल (एसएएफ) के 50 वर्षीय भारतीय मूल के वारंट अधिकारी को 2021 में 15 वर्षीय लड़की के साथ यौन संबंध बनाने का प्रयास करने के लिए 10 महीने जेल की सजा सुनाई गई। एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार सुब्रमण्यम थबुरन रंगासामी ने नाबालिग जो अब 17 साल की है, के साथ यौन संबंध बनाने के एक मामले में पिछले महीने अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। सजा सुनाते समय दो अन्य आरोपों पर भी विचार किया गया। सुब्रमण्यम को उसकी गिरफ्तारी के बाद सेना ने सभी कर्तव्यों से निलंबित कर दिया था। रक्षा मंत्रालय की एक प्रवक्ता ने अखबार को बताया कि अदालत की सुनवाई के बाद एसएएफ आगे की कार्रवाई करेगी, जिसमें सुब्रमण्यम को सेवा से बर्खास्त करना भी शामिल हो सकता है। घटना 6 दिसंबर 2021 को हुई, जब पीड़िता को सुबह अपने स्कूल काउंसलर के साथ ऑनलाइन मीटिंग करनी थी। माध्यमिक 3 की छात्रा कारपार्क की पांचवीं मंजिल से नीचे उतरते समय गिर गई और एक दरवाजे से टकरा गई। सुब्रमण्यम ने उसे अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद की। उसने उसे धन्यवाद दिया और कारपार्क की एक मंजिल पर लगभग एक घंटे तक बातचीत करने के बाद वे अंतरंग हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुब्रमण्यम ने उसके साथ यौन संबंध बनाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहा, जिसके बाद वे अलग हो गए और नंबरों का आदान-प्रदान किया। अदालत को बताया गया कि वे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क में रहे, लेकिन संदेश यौन प्रकृति के नहीं थे। घटना के दो दिन बाद लड़की ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई क्योंकि उसे लगा कि सुब्रमण्यम ने उसका फायदा उठाया है।

## आतंकियों को लेकर यूएन की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा,बताया कौन किसको कर रहा सहयोग

इस्लामाबाद। आतंकी संगठनों की गतिविधियों को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने बड़ा खुलासा किया है। यूएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) आतंकी समूह पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देने के लिए अलकायदा और अन्य आतंकी समूहों से महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के हवाले से बृहस्पतिवार को मीडिया में आई एक खबर में यह दावा किया गया। खबरों के अनुसार, इस सूचना का खुलासा आईएसआईएल (दाइश) और अलकायदा/तालिबान निगरानी टीम द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति को सौंपी गई 33वीं रिपोर्ट में किया गया है। इस सहयोग में न केवल हथियार एवं उपकरण शामिल हैं, बल्कि पाकिस्तान के खिलाफ तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की गतिविधियों को मिलने वाला जमीनी समर्थन भी शामिल है। प्रतिबंधित टीटीपी पर नकेल कसने में अफगान तालिबान की निष्क्रियता को लेकर इस्लामाबाद ने कई बार अपनी निराशा जाहिर की है। टीटीपी पाकिस्तान के अंदर कई बड़े हमलों को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार है। टीटीपी की गतिविधियों पर रोक लगाने में अफगान तालिबान की नाकामी से दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव आया है। पाकिस्तान का मानना है कि टीटीपी से निपटने में काबुल की अनिच्छा उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक सीधा खतरा है।

## अमेरिकी हवाई अड्डे पर बन रहे हैंगर के गिरने से 3 की मौत, 9 घायल

वॉशिंगटन। अमेरिका के बोइज एयर पोर्ट पर एक बड़ा हादसा हुआ है। जिसमें तीन लोगों की मौत् हो गई और 9 लोग घायल हो गए। अमेरिका में इडाहो प्रांत की राजधानी बोइज के बोइज हवाई अड्डे पर एक निर्माणाधीन हैंगर गिरने से तीन लोगों की मौत हो गयी और नौ अन्य घायल हो गये। बोइज अग्निशमन विभाग ने बताया कि बुधवार हो हुए हादसे में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है।



नेरोबी में एक गैस सिलेंडर रिफिल डिपो में लगी आग के बाद वहां एकत्र लोग।

## सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद 8 फरवरी को ही होंगे चुनाव, आयोग ने किया ऐलान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कार्यवाहक आंतरिक मंत्री गौहर इजाज ने गुरुवार को पुष्टि की कि 8 फरवरी को पहले से निर्धारित आम चुनावों को लेकर कोई अनिश्चितता नहीं है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने खैबर में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को संबोधित करने के लिए गुरुवार को एक बैठक बुलाई थी। सुरक्षा बैठक के बाद, एजाज ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान में आतंकवादी हमलों में हालिया वृद्धि के बावजूद, घोषित तिथि पर चुनाव होने में कोई संदेह नहीं होना चाहिए।



उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए। चाहे कुछ भी हो जाए। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि चुनाव 8 फरवरी को हों। चुनाव होने में केवल एक सप्ताह शेष रहने के कारण, देश आतंकवादी समूहों द्वारा हमलों के बढ़ते खतरे से जूझ रहा है। अज्ञात बंदूकधारियों ने केपी में हिंसा से ग्रस्त क्षेत्र, बाजौर जिले के सिद्दीकाबाद इलाके में रेहान ज़ेब खान की हत्या कर दी। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने नेशनल असेंबली के लिए मृत उम्मीदवार को अपना समर्थन देने की घोषणा की।

ज़ेब खान की हत्या बलूचिस्तान के सिबी शहर में पीटीआई की रैली में बम विस्फोट के एक दिन बाद हुई, जिसके परिणामस्वरूप चार लोग मारे गए और छह घायल हो गए। इससे पहले पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की दो सीटों के लिए नामांकन पत्रों की अस्वीकृति को चुनौती देने वाली याचिका वापस कर दी है। शीर्ष अदालत ने याचिकाओं में खामियों को दूर करने का भी निर्देश दिया। जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ प्रमुख खान के पंजाब प्रांत के लाहौर और मियांवाली जिलों में नेशनल असेंबली के दो निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र पिछले महीने ''नैतिक आधार और तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने'' के कारण खारिज कर दिए गए थे।

## अब कनाडा में निज्जर के करीबी हरदीप सिंह के घर पर फायरिंग, खालिस्तान समर्थक समूह भारत पर हुआ आग-बबूला



लंदन। खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर के एक सहयोगी के आवास पर कई गोलियां चलाई गईं, जिनकी 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में हत्या कर दी गई थी। कनाडाई मीडिया ने जिस आवास को निशाना बनाया गया उसके मालिक की पहचान सिमरनजीत सिंह के रूप में की। घटना गुरुवार तड़के हुई और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि घर के साथ-साथ घर पर खड़ी एक कार को गोलियों से छलनी कर दिया गया। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की सरे टुकड़ी ने दक्षिण सरे में एक आवास पर गोलीबारी की घटना की पुष्टि की। एक विज्ञप्ति में सरे आरसीएमपी ने कहा कि 1 फरवरी को, लगभग 1:21 बजे, उसे एक आवास पर गोलीबारी की सूचना मिली और फ्रंटलाइन अधिकारी 'घटनास्थल पर गए और गोलीबारी से जुड़े सबूत पाए। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। सरे आरसीएमपी का प्रमुख अपराध अनुभाग जांच कर रहा है। जांचकर्ताओं का मानना है कि यह एक अलग घटना थी, विज्ञप्ति में कहा गया है कि अधिकारी अभी भी इस घटना के मकसद का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं। हालाँकि, खालिस्तान समर्थक समूह पहले ही आरोप लगा चुके हैं कि हमले के पीछे भारत का हाथ है क्योंकि सिंह ने 26 जनवरी को वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने में मदद की थी।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान के खिलाफ जारी है पुलिस का एक्शन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के खिलाफ कार्रवाई कर सादे लिबास में पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने इसके मुख्यालय पर कथित तौर पर छापा मारा तथा पार्टी के सदस्यों को परिसर में प्रवेश करने से रोका। रिपोर्ट में बताया कि यह छापेमारी खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले में 14-14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाने के एक दिन बाद हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कार्रवाई इस्लामाबाद के सेक्टर जी-8 में इमरान की पार्टी की बैठक से ठीक पहले की गई है। हालांकि, पार्टी ऑनलाइन माध्यम से बैठक करने में सफल रही, जिसमें इसने एक पखवाड़े के भीतर संगठनात्मक चुनाव कराने का फैसला किया। वहीं, इस्लामाबाद पुलिस के अधिकारी ने आरोप से इंकार कहा कि मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना छापेमारी नहीं की जा सकती और ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया था। उन्होंने दावा किया कि पुलिस टीम सुरक्षा प्रदान करने के लिए वहां गई थी। अधिकारी ने कहा, ''इमरान और बुशरा बीबी के खिलाफ अदालत का फैसला आने के चलते वहां विरोध प्रदर्शन होने की आशंका थी। पुलिस ने पार्टी मुख्यालय में प्रवेश नहीं किया और बाहर ही रही। पार्टी के एक नेता ने कहा, ''इस्लामाबाद में पुलिस सादे लिबास वाले लोगों के साथ पार्टी मुख्यालय पहुंची, गार्ड को हटा दिया और परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया।



## युद्ध शुरू नहीं करेगा ईरान, धमकाने वालों को जवाब जरूर देंगे, राष्ट्रपति रायसी ने किया साफ

**तेहरान (एजेंसी)।** पिछले महीने ईरान समर्थित समूह द्वारा जॉर्डन में अपने बेस पर हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों के मारे जाने के बाद अमेरिका कैसे जवाबी कार्रवाई कर सकता है, इसकी अटकलों के बीच, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश युद्ध शुरू नहीं करेगा, बल्कि 'कड़ी प्रतिक्रिया देगा' 'जिस किसी ने भी इसे धमकाने की कोशिश की। सीबीएस न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए गुरुवार को बताया कि वाशिंगटन ने इराक और सीरिया में ईरानी कर्मियों और उन देशों में सुविधाओं सहित कई लक्ष्यों के खिलाफ बहु-दिवसीय हमलों की योजना को मंजूरी दे दी है। रायसी ने एक टेलीविजन भाषण में कहा कि हम कोई युद्ध शुरू नहीं करेंगे, लेकिन अगर कोई हमें धमकाना चाहता है तो उन्हें कड़ी प्रतिक्रिया मिलेगी।



रायसी ने कहा कि इससे पहले, जब वे (अमेरिकी) हमसे बात करना चाहते थे, तो उन्होंने कहा कि सैन्य विकल्प मेज पर है। अब वे कहते हैं कि उनका ईरान के साथ संघर्ष का कोई इरादा नहीं है। रायसी ने कहा कि क्षेत्र में इस्लामिक गणराज्य की सैन्य शक्ति किसी भी देश के लिए खतरा नहीं है और न ही कभी रही है। बल्कि, यह सुरक्षा सुनिश्चित करती है जिस पर क्षेत्र के देश भरोसा कर सकते हैं और भरोसा कर सकते हैं। चार अमेरिकी अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि अमेरिका ने आकलन किया है कि जिस ड्रोन ने उसके तीन सैनिकों को मार डाला और 40 से अधिक लोगों को घायल कर दिया, वह ईरान द्वारा बनाया गया था। सूत्रों ने कहा कि ईरान के विशिष्ट रिवोल्यूशनरी गार्ड वरिष्ठ अधिकारियों को सीरिया से बाहर निकाल रहे हैं। ईरानी सलाहकार इराक, जहां अमेरिका के पास लगभग 2,500 सैनिक हैं, और सीरिया, जहां उसके 900 हैं, दोनों में सशस्त्र समूहों की सहायता करते हैं।

## भारतीयों के लिए अमेरिका में रोजगार पाना होगा और भी महंगा

### – वर्ष 2016 के बाद पहली बार शुल्क बढ़ाई जा रही है, जो एक अप्रैल से लागू होगी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने भारतीयों के बीच सबसे लोकप्रिय एच-1बी, एल-1 और ईबी-5 जैसे गैर-आप्रवासी वीजा की विभिन्न श्रेणियों के लिए शुल्क में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है। वर्ष 2016 के बाद पहली बार फीस बढ़ाई जा रही है, जो एक अप्रैल से लागू होगी। एच-1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियुक्त करने की अनुमति देता है, जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस नीति पर निर्भर हैं। अमेरिकी सरकार ने 1990 में ईबी-5 कार्यक्रम की शुरुआत की थी जो विदेशी निवेशकों को अमेरिकी व्यवसाय में न्यूनतम 5,00,000 अमेरिकी डॉलर का निवेश करके अपने और अपने परिवार के लिए अमेरिकी वीजा प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। ईबी-5 कार्यक्रम 10 अमेरिकी कामगारों को नौकरियां देने में मदद करता है। एक अप्रैल से लागू होने जा रहे नए शुल्क दर के अनुसार फॉर्म आई-129 के तहत एच-1बी आवेदन वीजा शुल्क 460 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 780 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। एच-1बी पंजीकरण शुल्क अगले साल से 10 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 215 अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। हाल ही में जारी की गई एक संघीय अधिसूचना के अनुसार एल-1 वीजा का शुल्क 460 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 1,385 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है और निवेशक वीजा के रूप में लोकप्रिय ईबी-5 वीजा का शुल्क 3,675 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 11,160 अमेरिकी डॉलर हो गया है। एल-1 वीजा अमेरिका में एक गैर-आप्रवासी श्रेणी का वीजा है। यह बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अपने विदेशी कार्यालयों से कुछ कर्मचारियों को अस्थायी रूप से अमेरिका में काम करने के लिए स्थानांतरित करने की अनुमति देता है। गृह सुरक्षा विभाग ने अपने संघीय अधिसूचना में कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) द्वारा इस्तेमाल फॉर्म एवं शुल्क ढांचे में बदलावों के साथ शुल्क समायोजन के आधार पर शुद्ध लागत, लाभ और हस्तांतरण भुगतान होगा।

## हम करेंगे सहायता...भारत ने की मालदीव को दी जाने वाली मदद में की कटौती, दुनिया से भीख मांगने वाले पाक ने कर दी छोटा मुंह बड़ी बात

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने मालदीव को हिंद महासागर में द्वीप राष्ट्र की अत्यावश्यक विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने समर्थन का आश्वासन दिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवर-उल हक काकर ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।



इसमें कहा गया है कि मुइज्जू को मालदीव की तत्काल विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए पाकिस्तानी सरकार के समर्थन का भी आश्वासन दिया गया है। दोनों नेताओं ने दोनों देशों की शीर्ष प्राथमिकताओं पर चर्चा की और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बात की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि काकर ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के मालदीव के प्रयासों को अपना समर्थन और सहायता भी दी। मालदीव ने 26 जुलाई, 1966 को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। पाकिस्तान जहां चीन का करीबी सहयोगी है, वहीं राष्ट्रपति मुइज्जू को बीजिंग समर्थक भी माना जाता है।

बता दें कि देश चुनाव में जाने वाला है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. गुडलक जोनाथन के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल की 13 सदस्यीय पर्यवेक्षक टीम देश की चुनावी प्रक्रिया का स्वतंत्र और व्यापक मूल्यांकन करने आएगी। राष्ट्रमंडल सचिवालय के मीडिया और जनसंपर्क मामलों के प्रभाग ने एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तान में आम चुनाव के तहत आठ फरवरी को मतदान होगा और करीब 12.8 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## सोवियत संघ के ये एस्ट्रोनॉट जिन्हें धरती पर लौटने से रोका गया



मास्को। अंतरिक्ष में एस्ट्रोनॉट एक खास काम के लिए भेजे जाते हैं। वे कब तक अंतरिक्ष में रहने वाले, क्या करने वाले हैं, ये सबकुछ पहले से तय होता है। लेकिन दुनिया में एक अंतरिक्ष यात्री भी हुए, जिन्हें धरती पर आने से रोक दिया गया। महीनों तक वे अंतरिक्ष में फंसे रहे। हम बात कर रहे सोवियत संघ के अंतरिक्ष यात्री सर्गेइ क्रिकालेव की। क्रिकालेव 18 मई, साल 1991 को सोयूज स्पेस क्राफ्ट में बैठकर पांच महीने के लिए एमआईआर स्पेस स्टेशन गए थे। उनके साथ सोवियत संघ के ही एक अन्य वैज्ञानिक अनातोली अर्टेबार्स्की और ब्रितानी वैज्ञानिक हेलेन शरमन भी गई थीं। क्रिकालेव का काम कुछ कलपुर्जों को ठीक करके स्टेशन में सुधार लाना था। अंतरिक्ष में वे सबकुछ ठीक ठाक कर रहे थे, लेकिन धरती पर काफी कुछ बदल चुका था। यहां सोवियत संघ का बिखराव होने लगा। जब क्रिकालेव अंतरिक्ष में थे, यहां सोवियत संघ पूरी तरह बिखर चुका था। फिर जब उनके धरती पर लौटने का समय आया तब उन्हें संदेश देने वाला कोई नहीं था। नतीजा, क्रिकालेव कई महीनों के लिए अधर में लटक गए। क्रिकालेव को पहले से तय समय के मुकाबले दोगुना वक्त अंतरिक्ष में गुजारना पड़ा। जब 10 महीने का समय अंतरिक्ष में गुजारकर वे धरती पर लौटे तब उनके देश का नाम दुनिया के नक्शे से मिट चुका था। इसकारण उन्हें सोवियत संघ का अंतिम नागरिक भी माना जाता है।

## उत्तर कोरिया ने फिर दागी कई मिसाइलें, आखिर क्या चाहते हैं किम जोंग उन?





**प्योंगयांग (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को समुद्र में क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। यह 2024 में उत्तर कोरिया का चौथा क्रूज़ मिसाइल परीक्षण था। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, यह परीक्षण उसके नेता किम जोंग उन द्वारा पश्चिमी तट पर नम्फो में एक शिपयार्ड में अनिर्दिष्ट नौसैनिक परियोजनाओं का निरीक्षण करने के कुछ घंटों बाद हुआ। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसने कई मिसाइलों का पता लगाया है लेकिन उसने तुरंत कोई विशिष्ट संख्या या उनकी उड़ान विशेषताओं का आकलन नहीं दिया है। इसके ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाएं पश्चिमी समुद्र में उत्तर कोरियाई मिसाइल प्रक्षेपण का विश्लेषण कर रही हैं।

ये प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया, जापान और अमेरिका के साथ तनाव के बीच हुए हैं। हाल के महीनों में, किम ने परमाणु-सशस्त्र नौसेना बनाने के उत्तर के प्रयासों पर प्रकाश डाला है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने किम के शब्दों में कहा कि उनके नौसैनिक बल को मजबूत करना देश की समुद्री संप्रभुता की रक्षा करने और युद्ध की तैयारियों को आगे बढ़ाने में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। केसीएनए ने नम्फो में बनाए जा रहे युद्धपोतों के प्रकार को निर्दिष्ट नहीं किया, लेकिन कहा कि वे 2021 की शुरुआत में सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस के दौरान निर्धारित पांच साल की सैन्य विकास योजना से संबंधित थे।

2021 की बैठकों में किम ने उन्नत सेना की एक व्यापक इच्छा सूची का खुलासा किया संपत्ति, जिसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां और परमाणु मिसाइलें शामिल थीं जिन्हें पानी के नीचे से लॉन्च किया जा सकता है। नाम्फ़ो में अपने निरीक्षण के दौरान किम ने अपनी नौसैनिक परियोजनाओं की प्रगति और शेष तकनीकी चुनौतियों की जाँच की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को 2025 तक चलने वाली योजना की समय सीमा के भीतर प्रयासों को बिना शर्त पूरा करने का आदेश दिया।

# भारत- इंग्लैंड दूसरा टेस्ट : यशस्वी के शतक से भारतीय टीम ने बनाये 336/6

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** विशाखापत्तनम (ईएमएस)। यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक से भारतीय टीम ने आज यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 336 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय यशस्वी जायसवाल नाबाद 179 और आर अश्विन पांच रनों पर खेल रहे थे। इससे पहले आज सुबह भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआती दो विकेट 82 रन पर ही खो दिये। कप्तान रोहित शर्मा 14 जबकि शुभमन गिल 34 रनों पर आउट हुए, श्रेयस अय्यर ने 27 रन बनाये जबकि अपना पहला टेस्ट खेल रहे रजत पाटीदार 32 रन ही बना पाये। अक्षर पटेल 27 और के एस भरत 17 रन पर आउट हुए। वहीं इंग्लैंड की ओर से एंडरसन ने एक जबकि शोएब बशीर और रेहान अहमद ने दो-दो जबकि जेम्स एंडरसन और टाम हार्टले ने एक-एक विकेट लिया।



भारतीय टीम इस मैच में तीन बदलावों के साथ उतरी। चोटिल केएल राहुल की जगह पर बल्लेबाज रजत पाटीदार को शामिल किया है। इस मैच से रजत ने अपना टेस्ट डेब्यू किया है। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आराम देते हुए उनकी जगह पर युवा गेंदबाज मुकेश कुमार को अवसर दिया गया है जबकि रविन्द्र जडेज की जगह पर कुलदीप यादव को शामिल किया गया। इस मैच के लिए चयनकर्ताओं ने टीम में सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और सौरव कुमार को शामिल किया था। इस मैच में भारतीय पारी का आकर्षण युवा बल्लेबाज यशस्वी की शतकीय पारी रही।

यशस्वी ने 151 गेंदों पर 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। इस पारी के साथ ही इस युवा बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिए। इस दौरान उनका टेस्ट का औसत 45 और स्ट्राइक रेट 60 का रहा है।

यशस्वी ने टॉम हाटर्ली की गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना पहला टेस्ट शतक गत वर्ष वेस्टइंडीज दौर में लगाया था। तब यशस्वी ने 171 रन बनाये थे। यशस्वी ने शतक लगाकर भारतीय टीम को भी संभाला क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा 14 और शुभमन गिल 34 रनों पर ही आउट हो गये थे और टीम संकट में फंसती नजर आ रही थी। उन्होंने पहले विकेट के लिए कप्तान रोहित के साथ मिलकर 40 रन और शुभमन के साथ 49 रन, और तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ 90 रन बनाये। इससे भारतीय टीम 300 रनों से ऊपर पहुंचने में सफल रही।

## यशस्वी ने अपना दूसरा शतक लगाया , अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक हजार रन भी पूरे किये

विशाखापत्तनम । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया है। ये यशस्वी के टेस्ट करियर का दूसरा वहीं इंग्लैंड के खिलाफ पहला शतक है। यशस्वी ने 151 गेंदों पर 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। इस पारी के साथ ही इस युवा बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिए। इस दौरान उनका टेस्ट का औसत 45 और स्ट्राइक रेट 60 का रहा है। यशस्वी ने टॉम हाटर्ली की गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना पहला टेस्ट शतक गत वर्ष वेस्टइंडीज दौर में लगाया था। तब यशस्वी ने 171 रन बनाये थे। यशस्वी ने शतक लगाकर भारतीय टीम को भी संभाला क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा 14 और शुभमन गिल 34 रनों पर ही आउट हो गये थे और टीम संकट में फंसती नजर आ रही थी। उन्होंने पहले विकेट के लिए कप्तान रोहित के साथ मिलकर 40 रन और शुभमन के साथ 49 रन, और तीसरे विकेट के लिए श्रेयेस अय्यर के साथ 90 रन बनाये। इससे भारतीय टीम 300 रनों से ऊपर पहुंचने में सफल रही।

# ऋषभ,शमी सहित इन खिलाड़ियों का आईपीएल में खेलना संदिग्ध



**मुम्बई (एजेंसी)।** अगले माह मार्च में होने जा रहे आईपीएल में प्रशंसकों को एक बार फिर फटाफट क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा हालांकि आईपीएल के इस 17 वें सत्र में कई बड़े खिलाड़ियों के खेलने पर अभी भी संदेह बना हुआ है। इसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव भी हैं ये दोनो ही अभी चोटिल हैं और इसी कारण टीम से बाहर हैं। इसके अलावा कार हादसे के बाद से ही टीम से बाहर चल रहे आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी भी तय नजर नहीं आती है। ऋषभ आईपीएल से वापसी के लिए अभ्यास में लगे हुए हैं। आईपीएल 22 मार्च से शुरु हो रहा है। ऐसी संभावना है कि कुछ खिलाड़ी इस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे जबकि कुछ को पूरे सत्र से ही बाहर रहना पड़ सकता है।

### ऋषभ पंत

दिल्ली कैप्टिलस के कप्तान ऋषभ पिछले एक साल से अधिक समय से खेल के मैदान से दूर है। कैपिटल्स को इस बल्लेबाज के खेलने की उम्मीद है पर जिस प्रकार से उनकी रिकवरी चल रही है उसको देखते हुए उनका खेलना तय नजर नहीं आत है। ये भी हो सकता है कि वह शुरुआती मैच नहीं खेल पायें।

### मोहम्मद शमी

गुजरात टाइटंस की टीम में शामिल मोहम्मद शमी को हाल ही में चोट लग गई थी और उसके बाद से वह फिट होने के लिए रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। इसी कारण वह भारतीय टीम से भी बाहर हैं। दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हैं। शमी ने आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। ऐसे में अगर वह नहीं खेल पाते हैं तो ये गुजरात के लिए करारा झटका होगा।

### सूर्यकुमार यादव

मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पैर की चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर हैं। वह अफगानिस्तान के साथ सीरीज से भी बाहर रहे थे। सूर्यकुमार यादव को अभी भी कम से कम दो महीने के आराम की आवश्यकता होगी, ऐसे में तय है कि वह शुरुआती मैच न खेल पायें।

### राशिद खान

गुजरात टाइटंस टीम में शामिल अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान की हाल ही में सर्जरी हुई थी जिससे उबरने में उन्हें समय लगेगा। इसी कारण वह भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज भी नहीं खेल पाये थे। राशिद आगामी पीएसएल 2024 में भी नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनका आईपीएल 2024 में भी खेलना बेहद संदिग्ध नजर आता है।

### हार्दिक पंड्या

मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं, इसी कारण वह भारतीय टीम से भी बाहर हैं। उन्होंने अपना अंतिम मैच विश्व कप में खेला था जिसमें उन्हें चोट लग गई थी। उसी के बाद से ही वह वापसी नहीं कर पाये हैं। आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए वह बेहद अहम खिलाड़ी रहेंगे। ऐसे में उन्हें आईपीएल में उतारकर बीसीसीआई कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा।

# जडेजा तीसरा टेस्ट भी शायद ही खेल पायें

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा का इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी खेलना तय नहीं है। जडेजा को हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इसी कारण वह आज से शुरु हुए दूसरे टेस्ट से भी बाहर हैं। जडेजा अभी यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने इलाज और पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं। जडेजा के अलावा केएल राहुल भी जांच में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हैं। हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन खेल के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया था जबकि राहुल की दायीं जांच में खिंचाव आया था। बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनो का ही उपचार कर रही है। जडेजा की चोट को लेकर टीम प्रबंधन कोई जोखिम मोल नहीं लेना चाहता है। इसी लिए उन्हें तीसरे टेस्ट से भी हटा लिया गया है। वहीं राहुल सुधार होने पर होने पर तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी की भी संभावना नहीं है क्योंकि वह अभी तक चोट से उभर नहीं पाए हैं। जडेजा गेंदबाजी के साथ ही शानदार बल्लेबाज भी करते हैं। इसके अलावा वह एक बेहतरीन क्षेत्ररक्षक हैं। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए करारा झटका है। तीसरा टेस्ट राजकोट में होना है जोकि जडेजा का घरेलू मैदान है पर वह अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेल नहीं पाएंगे।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से दी मात, डेब्यू मैच में जेवियर बार्टलेट ने झटके 4 विकेट

**खेल डैस्क (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने अपने पहले वनडे मैच में 17 रन देकर चार विकेट चटकाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती वनडे में शुक्रवार को यहां 69 गेंद शेष रहते हुए वेस्टइंडीज को आठ विकेट से शिकस्त दी। एक दिन पहले कोविड-19 जांच में मामूली रूप से संक्रमित पाए गये जोश इंग्लिस ने 43 गेंदों में 65 रनों की आक्रामक पारी खेली। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर वेस्टइंडीज की टीम 48.4 ओवरों में 231 रन पर आउट हो गई। बार्टलेट ने अपने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट झटके जिससे वेस्टइंडीज ने 59 रन तक चार विकेट गंवा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह पदार्पण मैच में किसी गेंदबाज का दूसरा सबसे अच्छा एकदिवसीय आंकड़ा है। इंग्लिस की आक्रामक पारी के बाद कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 79) और कैमरून ग्रीन (नाबाद 77) के शानदार नाबाद



अर्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 38.3 ओवर में दो विकेट पर 232 रन का स्कोर बना लिया। बार्टलेट ने पदार्पण कर रहे एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ एमसीजी की तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर शानदार गेंदबाजी की। यह 1997 (गाबा में एंडी बिकेल और एंथोनी स्टुअर्ट) के बाद पहला मौका है जब ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का आगाज दो नये तेज गेंदबाजों ने किया। बार्टलेट ने अपनी तीसरी गेंद पर ही जस्टिन ग्रीव्स के ऑफस्टंप को उखाड़ दिया। उन्होंने इसके बाद एलिक एथेनाज और कप्तान शाई होप को पवेलियन की राह दिखाई जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर तीन विकेट पर 37 रन हो गया। केसी कार्टी (88) और रोस्टन चेस (59) ने इसके बाद पांचवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कार्टी हालांकि सीन एबोट के शानदार थ्रो पर रन आउट होने के कारण शतक पूरा करने से चूक गये। लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार लय में चल रहे ट्रैविस हेड (चार) पहले ओवर में ही मैथ्यू फोर्ड का शिकार बन गये। कोविड के कारण अलग ड्रेसिंग रूम में रहे इंग्लिस ने इसके बाद अपनी पारी में 10 चौके और छक्का लगाकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ बना दी। वह पारी के 12वें ओवर में गुडाकेश मोती की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद स्मिथ और ग्रीन ने 149 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत पक्की कर दी। श्रृंखला का दूसरा एकदिवसीय रविवार को सिडनी में खेला जायेगा।

# सरफराज को पसंद है विराट , डिविलियर्स और रिचर्ड्स की बल्लेबाजी

विशाखापत्तनम। बल्लेबाज सरफराज खान को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है हालांकि वह अंतिम ग्यारह में जगह नहीं बना पाये हैं। सरफराज ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं, इसके बाद से ही उन्हें भारतीय टीम में शामिल किये जाने की मांग उठती रही है। सरफराज को विराट कोहली, एबी डिविलियर्स और विवियन रिचर्ड्स और जावेद मियांदाद की बल्लेबाजी पसंद है। सरफराज के अनुसार वह जो रूट की बल्लेबाजी को भी देखते हैं। इस बल्लेबाज के अनुसार जो भी सफल बल्लेबाज होता है उसे देखकर वह सीखने का प्रयास करते हैं। इस बल्लेबाज ने कहा कि वह भविष्य में चाहे रणजी ट्रॉफी खेले या भारत के लिए खेलें। सीखने का क्रम जारी रखेंगे। सरफराज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता नौशाद अहमद को दिया है जिन्होंने उन्हें क्रिकेटर बनाने के लिए कई घंटे मेहनत की। साथ ही कहा कि इसी कारण आज वह भारतीय टीम तक पहुंचे हैं। सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान भी क्रिकेटर और इस समय अंडर 19 विश्व कप खेल रहे हैं। सरफराज ने कहा, ' मेरे पिता ने मुझे क्रिकेट से जोड़ा जबकि मैं हमेशा सोचता था कि मैं क्यों खेल रहा हूं। मैं एक आक्रामक बल्लेबाज हूं और मैं दूसरों की तुलना में जल्दी आउट हो जाता था और बड़ी पारियां भी नहीं खेल पाता था। दूसरों को सफल होते देखना निराशाजनक था जबकि मैं स्वयं रन नहीं बना पा रहा था पर मेरे पिता हमेशा मेरा हौंसला बढ़ते रहते थे। ' सरफराज ने 45 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 69.85 की औसत से 3912 रन बनाए हैं जिसमें 14 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं।



# एफआईएच प्रो लीग मुकाबले 10 फरवरी से होंगे, हरमनप्रीत करेंगे कप्तानी

**राउरकेला (एजेंसी)।** 10 से 25 फरवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में एफआईएच प्रो हॉकी लीग मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैच में ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय पुरूष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिये 24 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टूर्नामेंट का भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा।

भारतीय टीम इन मुकाबलों में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन को जगह नहीं मिली है।

गोलकीपिंग की जिम्मेदारी पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक के पास रहेगी। वहीं रक्षापंक्ति की कमान हरमनप्रीत, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित , संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह के पास रहेगी। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम जैसे खिलाड़ी होंगे। इसके अलावा फॉरवर्ड पंक्ति में अनुभवी ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर जैसे खिलाड़ी रखे गये हैं।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए कहा है कि हमने काफी संतुलित टीम रखी है जिसमें अनुभवी और युवा दोनो ही खिलाड़ी शामिल हैं। हमारा टीम का लक्ष्य एक ईकाई के तौर पर बेहतर प्रदर्शन रहेगा।



# एंडरसन ने 72 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा , भारत में टेस्ट खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बने

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान 41 साल और 187 दिन की उम्र में भारतीय धरती पर टेस्ट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बन गए। एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 72 साल से कायम रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज लाला अमरनाथ ने 1952 के बाद से भारत में टेस्ट खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज का खिताब अपने नाम किया था।

जब अमरनाथ ने अपना आखिरी टेस्ट मैच ईडन गार्डन्स में पाकिस्तान के खिलाफ खेला तब उनकी उम्र 41 साल और 92 दिन थी। एंडरसन और अमरनाथ के साथ सूची में रे लिंडवाल, शुट बनर्जी और गुलाम गार्ड जैसे नाम शामिल थे जिनमें से सभी ने 1961 में क्रिकेट परिदृश्य में बदलाव से पहले अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। एंडरसन भारत में टेस्ट खेलने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए। जिम्बाब्वे के खिलाड़ी जॉन ट्राईकोस के नाम 1993 में 45 साल 304 दिन की उम्र में खेलने का रिकॉर्ड है।

भारतीय परिस्थितियों में एंडरसन की विरासत एक और उल्लेखनीय उपलब्धि तक फैली हुई है। भारतीय धरती पर किसी मेहमान गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड शामिल है। भारतीय क्रिकेट के तीन अलग-अलग युगों में, एंडरसन की गेंदें दिग्गजों के लिए दुश्मन रही हैं। 14 टेस्ट मैचों में एंडरसन ने 35 विकेट हासिल किए हैं।

जब सचिन तेंदुलकर का दबदबा था, तब एंडरसन ने तेंदुलकर को नौ बार आउट किया, विराट कोहली के युग में अंग्रेजी तेज गेंदबाज ने सात बार भारतीय कप्तान का बेशकीमती विकेट हासिल किया। अब उभरती प्रतिभा के युग में एंडरसन की



सटीकता ने युवा शुबमन गिल को परेशान किया, और अपने क्रिकेट मुकाबलों में पांचवीं बार उनका विकेट लिया।

# पेरिस ओलंपिक के लिए मशाल वाहक होंगे बिंद्रा

नई दिल्ली । भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुना गया है। अब बिंद्रा इन खेलों में ओलंपिक मशाल रिले दल में शामिल रहेंगे। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में होंगे। वहीं बिंद्रा 16 अप्रैल से 26 जुलाई तक आयोजित होने वाली ओलंपिक मशाल रिले का हिस्सा होंगे। बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। वह भारत की ओर से ओलंपिक में व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण जीतने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। बिंद्रा ने मशाल वाहक चुने जाने पर खुशी जताते हुए सोशल मीडिया पर कहा, मैं पेरिस ओलंपिक के लिए मशाल वाहक बनने का अनुभवी साझा करने के लिए उत्साहित हूं। इससे मुझे दुनिया भर में शांति का प्रतीक बनने का अवसर मिलेगा। ओलंपिक मशाल हमारी सामूहिक भावना और सपनों की शक्ति को दिखाती है। गौरतलब है कि पेरिस 2024 ओलंपिक मशाल रिले 8 मई 2024 को फ्रांस में शुरू होकर फ्रांसीसी क्षेत्रों में 68 दिनों की यात्रा से पहले मार्सिले पहुंचेगी। मशाल रिले 68 दिनों तक चलेगी और इस दौरान यह पांच विदेशी क्षेत्रों सहित 65 क्षेत्रों में पहुंचेगी। रिले में 10,000 मशाल वाहक शामिल होंगे, जिनमें 3000 मशाल वाहक शामिल होंगे जो टीम रिले में भाग लेंगे, और 400 शहरों का दौरा करेंगे ।मशाल यूनान में ओलंपिया के पास जलाई जाएगी और वहीं इसकी प्रारंभिक यात्रा होगी क्योंकि यहीं से ओलंपिक की शुरुआत हुई थी।



# मर्सीडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन, कहा- इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे

लंदन । लुईस हैमिल्टन ने इस सत्र के आखिर में मर्सीडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटरस्पोटर्स जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सीडीज के साथ करार दो साल के लिए बढाया था लेकिन नए करार में उन्होंने 'रिलीज' का प्रावधान रखा था जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा, 'इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। मुझे इस पर गर्व है। मैं जब 13 साल का था, तभी से मर्सीडीज मेरे जीवन का हिस्सा है। मैं यहीं बड़ा हुआ और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था। लेकिन मेरे लिए यह जरूरी था। मैं नई चुनौती को लेकर काफी रोमांचित हूं।' हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सीडीज के साथ जीते हैं।



# यहां घूमने नहीं, अच्छा टेनिस खेलने आए है: भारतीय डेविस कप कप्तान जीशान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली को शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कई अटपटे और हैरानी भरे सवालों का सामना करना पड़ा जिसमें 'क्रिकेट सहित अन्य भारतीय टीमें पाकिस्तान का दौरा क्यों नहीं करतीं' और 'पाकिस्तान में शॉपिंग (खरीदारी और सैर-सपाटा) के अनुभव' के बारे में पूछना शामिल रहा।

लगभग 60 साल बाद डेविड का मुकाबले के लिए पाकिस्तान गई भारतीय टीम दरअसल अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही आई। जीशान ने हालांकि रणनीतिक तरीके से इन सवालों का जवाब दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम को संक्षिप्त दौरे पर कहीं बाहर जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने हालांकि इस दौरे पर टीम के मकसद के बारे में ज्यादा करते हुए कहा कि टीम यहां अच्छा टेनिस खेलने आई है।

'शॉपिंग' के बारे में पूछे जाने पर जीशान ने कहा, 'हम कहीं बाहर नहीं गए हैं। मुझे उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है।' भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।'

जीशान ने कहा, 'अगर हम दोस्ती बढ़ाने और टेनिस के खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में किसी भी तरह से मदद कर सकें, तो हमने अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेंगे।' भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान ने स्वीकार किया कि एआईटी (अखिल भारतीय टेनिस महासंघ) द्वारा व्यक्त की गई सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) ने उन्हें अब तक सीमित तरीके से जो आतिथ्य सत्कार दिया है वह शानदार है। भारत के शीर्ष एक एकल खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की।

उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि यहां लोगों ने खुल कर हमारा स्वागत किया होगा। लेकिन दुर्भाग्य से, हम बाहर नहीं जा सकते। हम यहां टेनिस खेलने के लिए हैं। रामकुमार इस टाई के शुरुआती एकल में शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। इस मामले में की भांबरी अपने सहयोगी से सहमत थे। उन्होंने कहा, 'यह पहले दिन से ही बहुत अच्छा रहा है। हर कोई हमारी मदद के लिए तैयार है। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी वह निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आये है। पाकिस्तान में हालांकि गर्मजोशी से हमारा स्वागत हुआ है।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान आने पर फैसला वहां के लोगों (भारत सरकार) को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है। हमें इसकी मंजूरी मिली गयी, इसलिये हम यहां है। जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय श्रृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। स्थानीय पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे,



क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं आ सके थे।' पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहना पड़ा।

# पृथ्वी ने रणजी मुकाबले से मैदान पर वापसी की

कोलकाता । मुम्बई के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने तीन माह के बाद रणजी ट्रॉफी से वापसी की है। पृथ्वी शुक्रवार से यहां बंगाल के खिलाफ शुरु हुए मैच से मैदान पर उतरे। इससे पहले उन्हें अगस्त में काउंटी क्रिकेट में नॉर्थेप्टनशर की ओर से खेलते हुए वह चोटिल हो गये थे। इस कारण उन्हें काउंटी सत्र बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौटना पड़ा था। इसके बाद उनके घुटने की सर्जरी हुई थी जिसके बाद से ही वह आराम कर रहे थे। पिछले सप्ताह के अंत में उन्हें फिटनेस परीक्षण के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने खेलने की मंजूरी दे दी गई थी। पृथ्वी के शामिल होने से मुम्बई की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। मुंबई अभी ग्रुप बी के शीर्ष पर है, जहां उन्होंने चार में से तीन मैच जीते हैं और वह नॉकआउट स्तर पर जगह बनाने के लिए अग्रसर है।



# 2025 में प्रदर्शित होगी वरुण, अर्जुन, दिलजीत की नो एंट्री 2

जल्दी ही वरुण धवन, अर्जुन कपूर, दिलजीत की फिल्म नो एंट्री-2 देखने को मिल सकती है। हालांकि साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'नो एंट्री' जिसने भी देखी है वो हंस-हंसकर लोटपोट हो गया। इसमें तीन हीरो अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान के साथ चार हीरोईन लारा दत्ता, ईशा देओल, सेलिना जेटली और बिपाशा बसु थीं। आज भी जब टीवी पर यह फिल्म आती है तो फैंस को यह खूब लुभाती है और वे इसे किसी हाल में मिस नहीं करते। फिल्म की कहानी काफी मजेदार थी। बता दें कि पिछले काफी समय से इसके सीक्वल की बात हो रही थी। अब 'नो एंट्री 2' पर एक नया अपडेट सामने आया है। इसमें तीन एक्टर्स को कास्ट कर लिया गया है और वो हैं वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ। जानकारीके अनुसार इस फिल्म को अनीस बज्मी डायरेक्ट करेंगे। बता दें कि 'नो एंट्री' के डायरेक्टर भी वही थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनीस बज्मी को 'नो एंट्री 2' में राइटर और डायरेक्टर के तौर पर चुन लिया गया है। मेकर्स ने फिल्म के लीड एक्टर्स के लिए वरुण, अर्जुन और दिलजीत को लिया है। तीनों ही फिल्म की स्क्रिप्ट को लेकर एक्साइटेड हैं और उन्होंने इस कहानी के लिए स्वीकृति दे दी है। फिल्म की शूटिंग दिसंबर से शुरू होगी और यह 2025 में तैयार होगी।




# फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर खुश हैं महेश शेट्टी

अभिनेता महेश शेट्टी फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर बेहद खुश हैं। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित एक्शन थ्रिलर 'फाइटर' महेश ने स्क्वाड्रन लीडर राजन उन्नीनाथन की भूमिका निभाई है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर, महेश ने कहा, वायु सेना के शब्दकोष में, एक विंगमैन एक पायलट होता है जो पारस्परिक सहायता प्रदान करते हुए एक उड़ान संरचना के नेता के साथ उड़ान भरता है, इसलिए उनकी बॉन्डिंग हमेशा दूसरे स्तर पर होती है। शूटिंग शुरू होने से पहले ही ऋतिक और मेरे बीच अच्छी बॉन्डिंग शुरू हो गई थी। जिस तरह से उन्होंने सेट पर 'यारा' के रूप में मेरा स्वागत किया वह बहुत स्थायी था और पूरी टीम एक बड़े परिवार की तरह थी। वह बेहद सच्चे हैं, और इसमें कोई संदेह नहीं है एक ग्रीक भगवान की तरह दिखते हैं लेकिन एक व्यक्ति के रूप में भी, वह आश्चर्यजनक रूप से मधुर हैं और उनमें मजाकिया स्वभाव है। जिस तरह से उन्होंने हमें कहानियां सुनाईं, उसने हमें हमेशा चकित कर दिया और हम और अधिक की प्रतीक्षा कर रहे थे। हममें से एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हम काम कर रहे थे। वह एक कारण से रितिक रोशन हैं और इसका कारण केवल समर्पण और कड़ी मेहनत है।'



# मेरी पसंदीदा किताबों में से है द फाउंटेनहेड : राशी खन्ना

## शाहरुख-ऋतिक संग जताई काम करने की इच्छा।

बालीवुड एक्ट्रेस राशी खन्ना ने खुलासा किया कि उनकी पसंदीदा किताबों में प्रतिष्ठित द फाउंटेनहेड, 112 वेज़ टू मेडिटेशन और सह-कलाकार विक्रांत मैसी का एक बहुत ही विचारशील उपहार मिडनाइट लाइब्रेरी है। हाल ही में इंस्टाग्राम आस्कमेएनीथिंग सेशन में, प्रतिभाशाली अभिनेत्री राशि खन्ना ने अपनी दुनिया के दरवाजे खोले, अपनी साहित्यिक प्राथमिकताओं, सपनों के सहयोग और रोमांचक करियर अपडेट के बारे में जानकारी साझा की।

राशि खन्ना ने अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में खुलकर प्रकाश डाला। सह-कलाकार विक्रांत मैसी के साथ सौहार्द, दैनिक दिनचर्या, आगामी परियोजनाएं और साथी अभिनेताओं के साथ काम करने का अनुभव भी बताया। करिश्माई महेश बाबू, गतिशील थलपति विजय, बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान, ग्रीक गॉड ऋतिक रोशन और स्टाइलिश अल्लू अर्जुन के साथ सहयोग करने की इच्छा व्यक्त करते हुए, खन्ना ने हमें अपने सपनों के सहयोग में शामिल किया।

अपने अगले प्रश्न का उत्तर देते हुए, राशि खन्ना खुद को उद्योग के कुछ सबसे प्रसिद्ध दूरदर्शी लोगों के निर्देशन में काम करने की कल्पना करती है। संजय लीला भंसाली के सेट की भव्यता से लेकर जोया अख्तर, राजू हिरानी, मणिरत्नम, अनुराग कश्यप और विधु विनोद चोपड़ा की कथात्मक प्रतिभा तक – खन्ना का ड्रीम डायरेक्टोरियल लाइनअप उनकी फिल्मोग्राफी की तरह ही विविध है। अभिनेत्री ने फर्जी के दूसरे सीज़न का बेसब्री से इंतजार कर रहे अपने प्रशंसकों के लिए एक आकर्षक संकेत दिया, जिसमें कहा गया है कि अगले साल किसी समय स्क्रीन पर आने की उम्मीद है। पहले सीज़न की सफलता ने दर्शकों को और अधिक चाहने के लिए प्रेरित किया, और अगले अध्याय में क्या होगा इसकी प्रत्याशा स्पष्ट है। एएमए के मुख्य आकर्षणों में से एक खन्ना की विक्रांत मैसी के साथ अपने मजबूत रिश्ते के बारे में चर्चा थी। प्रतिभाशाली जोड़ी ने दो फिल्मों, टीएमई और साबरमती एक्सप्रेस में स्क्रीन साझा की है और पिछले 6 से 8 महीनों से एक साथ शूटिंग कर रहे हैं। खन्ना ने मैसी की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक शानदार अभिनेता बताया। एक से अधिक बार स्नान करने के अपने शौक के लिए जानी जाने वाली, उसने मैसी के इस सवाल का मज़ाकिया ढंग से जवाब दिया कि वह आखिरी बार कब नहाई थी। खन्ना ने दिन के लिए अपनी योजनाएं भी साझा कीं और खुलासा किया कि वह 15 मार्च को रिलीज होने वाली अपनी आगामी फिल्म योद्धा के लिए कुछ रोमांचक शूटिंग करने जा रही हैं।

उनके पेशेवर जीवन में पर्दे के पीछे की यह झलक, विशेष रूप से प्रशंसकों के बीच प्रत्याशा पैदा करती है। जो आने वाली फिल्म में उनके अभिनय का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब उनसे योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछा गया, तो खन्ना ने अपने सह-कलाकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिद्धार्थ महान हैं और उन्होंने फिल्म के लिए अपने एक्शन दृश्यों में काफी मेहनत की है। एक और आनंददायक क्षण में, राशि खन्ना ने अनुव जैन का गाना हुस्न गाकर एक प्रशंसक के अनुरोध को पूरा किया।



# तमन्ना के आगामी प्रोजेक्ट के लिए करना होगा इंतजार

बालीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया धर्मा प्रोडक्शंस के धर्माटिक एंटरटेनमेंट के डिजिटल विंग के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, तमन्ना भाटिया ने अलग-अलग भूमिकाएँ चुनकर एक अभिनेत्री के रूप में खुद को खोजा। बबली बाउंसर, आखिरी सच, प्लान ए प्लान बी, जी करदा और लस्ट स्टोरीज़ 2 के साथ, अभिनेत्री आगामी टिप्सी ड्रामा के साथ एक और अलग शैली का पता लगाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

तमन्ना भाटिया का यह सहयोग प्राइम वीडियो इंडिया के लिए एक स्टार्ट-अप ड्रामा है। तमन्ना के आगामी प्रोजेक्ट के शीर्षक के अनावरण के लिए प्रशंसकों और अनुयायियों को थोड़ा इंतजार करना होगा। हालाँकि, ऐसा कहा जा रहा है कि इस हल्की-फुल्की सीरीज़ का निर्देशन निर्देशक अर्चित कुमार करेंगे। कहा जा रहा है कि इस आगामी ड्रामा में दो अभिनेत्रियां शामिल होंगी, जबकि दूसरी महिला की कास्टिंग अभी चल रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आने वाली वेब सीरीज फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। इसकी शूटिंग मार्च के मध्य या अप्रैल की शुरुआत में शुरू होने वाली है।

सालों से तमन्ना भाटिया ने बड़े पर्दे की फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करना जारी रखा है। धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ उनका सहयोग डिजिटल क्षेत्र में उनका चौथा प्रोजेक्ट है। इसके अलावा, अभिनेत्री के पास परियोजनाओं की एक प्रभावशाली लाइनअप है।

तमन्ना भाटिया जॉन अब्राहम के साथ वेदा में और अरनामनै 4 नाम की एक तमिल प्रोजेक्ट में भी दिखाई देंगी। बता दें कि एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया सिनेमा इंडस्ट्री की सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं। बार-बार, तमन्ना ने फिल्मों के सावधानीपूर्वक चयन से अपने प्रशंसकों और अनुयायियों को काफी प्रभावित किया है।

# 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के लिए दीपिका पादुकोण ने की प्रधानमंत्री की तारीफ

बॉलीवुड में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पिछले कुछ दिनों से चर्चा में हैं। अभी कुछ दिन पहले ही रिलीज हुई उनकी फिल्म 'फाइटर' हिट हुई है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोने मुख्य भूमिका में हैं।

दीपिका पादुकोण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम को देखकर काफी प्रभावित हुईं है। दीपिका ने एक खास पोस्ट शेयर कर मोदी की तारीफ की है। उन्होंने उन्हें धन्यवाद भी दिया है। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्होंने लिखा, 'प्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। परीक्षा के तनाव से बचने के लिए आप जिस तरह स्कूली बच्चों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के साथ बातचीत करते हैं, वह सराहनीय है।' इसके साथ ही दीपिका ने प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा' ' कार्यक्रम का लिंक भी शेयर किया। दीपिका की यह पोस्ट नेटिज़ेंस को काफी पसंद आई है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में राजधानी दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में लाखों छात्रों को परीक्षा का तनाव कम करने के लिए कई टिप्स दिये। फिल्म फाइटर की बात करें तो इसमें दीपिका स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म 'फाइटर' पुलवामा हमले पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे भारतीय सेना आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक करती है। इस फिल्म में दीपिका ने अपनी लाजवाब परफॉर्मेंस से सभी को इम्प्रेस कर लिया है।





# परिणीति ने पहली बार दी लाइव परफॉर्मेंस

हाल ही में मल्टी टैलेंटड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2024 में अपनी पहली बार लाइव सिंगिंग परफॉर्मेंस दी और अपना सालों पुराना सपना पूरा किया। अब कॉन्सर्ट की तस्वीरें एक्ट्रेस ने फैंस के साथ शेयर की हैं और इमोशनल नोट भी लिखा है।

लाइव परफॉर्मेंस की तस्वीरें शेयर कर परिणीती चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा, और यह हो गया। इसे टाइप करते समय मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। मेरा अब तक का पहला लाइव परफॉर्मेंस कल रात था और यह वह सब कुछ था, जो मैं चाह सकती थी और इससे भी अधिक। आप सभी ने जो प्यार दिया है, उसके लिए आप सभी को धन्यवाद...यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

तस्वीरों में परिणीति ब्लैक आउटफिट पहने बेहद स्टाइलिश लग रही हैं और स्टेज पर गाना गाती दिखाई दे रही हैं। उनका ये लुक भी काफी स्टाइलिश लग रहा है। फैंस एक्ट्रेस के इस पोस्ट को खूब लाइक कर रहे हैं।

बता दें, फिल्म लेडीज वर्सेज रिकी बहल से एक्टिंग में डेब्यू करने वाली परिणीति चोपड़ा इश्कजादे, हंसी तो फंसी, गोलमाल अगेन, मिशन रानीगंज जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुकी है, लेकिन अब एक्ट्रेस सिंगिंग की दुनिया में कदम रख चुकी हैं। मालूम हो कि परिणीति चोपड़ा बॉलीवुड की एक शानदार एक्ट्रेस तो हैं ही, इसके साथ ही वह एक बेस्ट सिंगर भी हैं। उन्होंने कई बार अपनी सिंगिंग से लोगों का दिल जीता है।

# बड़े मियां छोटे मियां का इंतजार हुआ खत्म, पूरी हुई अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म की शूटिंग

बड़े मियां छोटे मियां 2024 में आने वाली बड़ी बॉलीवुड फिल्मों में से एक है। प्रशंसक अली अब्बास जफर की फिल्म में दो एक्शन किंग अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को लड़ते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। इसे सभी वास्तविक स्थानों पर शूट किया गया है और एक्शन दृश्यों के लिए विशाल सेट लगाए गए हैं। आखिरी शेड्यूल जॉर्डन के आश्चर्यजनक मध्य पूर्वी देश में हुआ। दोनों ने प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान जॉर्डन के लोगों को उनके आतिथ्य, प्यार और गर्मजोशी के लिए धन्यवाद देते हुए एक पोस्ट साझा किया है।

अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ पहली बार साथ काम कर रहे हैं। जॉर्डन ने ऑलिव वुड स्टूडियो का निर्माण किया है जो लॉरेंस ऑफ अरेबिया, स्टार वार्स, मार्टियन और ड्यून जैसे कई अंतरराष्ट्रीय ब्लॉकबस्टर्स का स्थान है। स्टूडियो अपने उच्च तकनीक उपकरणों और बहुत कुछ के लिए जाना जाता है।

## बड़े मियां छोटे मियां का बंपर प्रोडक्शन

बड़े मियां छोटे मियां पूजा एंटरटेनमेंट की एक बड़े बजट की फिल्म है। फिल्म इस बारे में है कि कैसे दो भारतीय अधिकारी एक आतंकवादी को मार गिराते हैं। यह प्रौद्योगिकी के उच्च उपयोग के साथ जैविक युद्ध के बारे में है। पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। यह पहली बार है जब वह किसी बॉलीवुड फिल्म में खलनायक बने हैं। टीम ने मृत सागर में स्नान करके समापन का जश्न मनाया। जैसा कि हम जानते हैं, यह उन खनिजों से भरपूर है जो त्वचा के लिए उत्कृष्ट माने जाते हैं। बड़े मियां छोटे मियां अप्रैल 2024 में ईद पर रिलीज होगी।

